सूर्योदय 6:15 सूर्यास्त 6:37

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 11.6 न्यू | 22.4 अधि |
| धर्मशाला | 16.6 न्यू | 27.0 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72996.31 |
| निफ्टी | 22123.65 |

सोना 66,930 | चांदी 76,170

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार





आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 28 मार्च, 2024 | 15 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 99, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702



**आज के अंक में**

- महिलाओं को 1500 रुपए दिलाने की मांग को लेकर सीटू ने किया प्रदर्शन
- प्रदेश में डॉक्टरों की कमी दूर करना सरकार के लिए चुनौती

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- एसपी शालिनी ने संसारपुर टैरेस में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा
- राकेश चौधरी ने छोड़ी भाजपा, आजाद चुनाव लड़ने का किया ऐलान

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- शहर में पानी के बिल न मिलने पर गरमाया निगम हाउस
- छल-कपट करने वालों को जनता सिखाएगी सबक : रोहित

पृष्ठ 13 पर पढ़ें



- गिल पर धीमी ओवर गति के लिए लगा जुर्माना
- मेदवेदेव और अल्कारेज मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर पढ़ें




## आज का मैच

राजस्थान रॉयल्स vs दिल्ली कैपिटल्स

स्थान: जयपुर, समय : रात 7:30 बजे

# केजरीवाल को राहत नहीं

## हाई कोर्ट ने ईडी से दो अप्रैल तक मांगा जवाब, अगली सुनवाई अब तीन को

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**शराब** नीति केस में बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तारी और रिमांड से दिल्ली हाई कोर्ट ने कोई राहत नहीं दी। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी कर दो अप्रैल तक जवाब मांगा है। इस मामले में अब तीन अप्रैल को सुनवाई होगी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक की अंतरिम रिहाई की मांग वाली याचिका पर फौरन आदेश से मना कर दिया। अदालत ने कहा कि बिना विस्तार से सुनवाई के आदेश नहीं दिया जा सकता है। केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का जवाब देखना भी जरूरी है। अदालत ने यह भी कहा कि केजरीवाल से हिरासत में पूछताछ के दौरान क्या ईडी को कोई अतिरिक्त जानकारी या फिर सबूत मिले हैं? अरविंद केजरीवाल की रिहाई पर कोई आदेश देते समय यह भी देखना जरूरी होगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने याचिका में अंतरिम रिहाई की मांग की थी और गिरफ्तारी को गलत करार दिया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की कोर्ट में केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी और ईडी की ओर से एएसजी एसवी राजू ने करीब डेढ़ घंटे अपनी दलीले रखीं। एएसजी ने कहा कि हम डिटेल में जवाब फाइल करना चाहते हैं। मुख्य केस में हमें तीन हफ्ते दिए गए थे। इस मामले में भी हमें अपना जवाब दाखिल करने के लिए पर्याप्त समय मिलना चाहिए। केजरीवाल के वकील सिंघवी ने कहा कि यह देर करने के हथकंडे हैं।



### सीएम पद से हटाने वाली याचिका पर सुनवाई आज



28 मार्च को केजरीवाल की रिमांड अवधि खत्म हो रही है। इस मामले में वीरवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई होगी। इसके अलावा केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग वाली एक जनहित याचिका पर भी वीरवार को दिल्ली हाई कोर्ट के एसीजे मनमोहन की डिवीजनल बेंच में सुनवाई होगी। केजरीवाल ने 23 मार्च को अपनी गिरफ्तारी और राउज एवेन्यू कोर्ट के रिमांड के फैसले को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए फौरन सुनवाई की मांग की थी।

### घट-बढ़ रहा शुगर लेवल डॉक्टर ने बताया खतरनाक

**दिल्ली** के सीएम अरविंद केजरीवाल की तबीयत ईडी की कस्टडी में बिगड़ रही है। केजरीवाल मधुमेह के मरीज हैं और उनका शुगर लेवल घट-बढ़ रहा है। उनका शुगर लेवल 46 तक गिरा है। डॉक्टरों का कहना है कि शुगर लेवल का इतना नीचे जाना बहुत खतरनाक है। इससे पहले उनकी पत्नी ने सीएम केजरीवाल का संदेश पढ़ा था। उन्होंने कहा था कि अरविंद जी बहुत सच्चे देशभक्त, निडर और साहसी व्यक्ति हैं। उनकी लंबी आयु, सेहत और सफलता की कामना करना। मेरा शरीर जेल में है, लेकिन आत्मा आप सबके बीच है।

### टिप्पणी करने पर अमेरिकी राजनयिक को किया तलब

**शराब** घोटाले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अमेरिका की टिप्पणी के मामले में भारत ने कड़ी आपत्ति जताई है। भारत ने इसे आंतरिक मामला बताते हुए इसका सम्मान करने की बात कही है। दिल्ली में विदेश मंत्रालय ने अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उप-प्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बयान में कहा कि हम भारत में कुछ कानूनी कार्रवाई के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर कड़ी आपत्ति जताते हैं।

### पत्नी सुनीता बोलीं- केजरीवाल कोर्ट में बताएंगे पैसा कहां गया

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी में कोई पैसा नहीं मिला है। ईडी ने दिल्ली के कई मंत्रियों के ठिकानों पर छापेमारी की है, लेकिन उन्हें एक भी पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल 28 मार्च को अदालत में शराब घोटाले के पैसे के लेनदेन का खुलासा करेंगे और सबूत भी पेश करेंगे। आदेश जारी करने पर केंद्र की आपत्ति का जिक्र करते हुए सुनीता ने कहा कि दो दिन पहले, मेरे पति ने हिरासत में रहते हुए जल मंत्री आतिशी को पानी और सीवर से संबंधित मुद्दों को हल करने का निर्देश दिया था। उन्होंने क्या गलत किया, जो केंद्र ने इसके लिए भी अरविंद केजरीवाल के खिलाफ मामला दायर किया है।

# ईडी के जब्त 3000 करोड़ गरीबों को लौटाएंगे : मोदी

## भाजपा उम्मीदवार अमृता रॉय से फोन पर की बात

**कहा- कानूनी विकल्पों पर कर रहे हैं काम**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की कृष्णानगर लोकसभा सीट से भाजपा की उम्मीदवार राजमाता अमृता रॉय से फोन पर चर्चा की। बातचीत में पीएम ने अमृता से उनके चुनाव प्रचार की तैयारियों के बारे में जाना।

पीएम ने उन्हें बताया कि वह उन कानूनी विकल्पों पर काम कर रहे हैं, जो यह सुनिश्चित कर सकें कि बंगाल के गरीबों से लूटा गया तीन हजार करोड़ रुपए, ईडी की ओर से भ्रष्टाचारियों से जब्त की गई संपत्ति के जरिए उन्हीं लोगों को वापस लौटाया जाए। पीएम ने अमृता रॉय से कहा कि यह बात सभी को बताएं। अमृता राय पूर्व राजघराने की सदस्य हैं। वह टीएमसी की उम्मीदवार महुआ मोइत्रा के खिलाफ मैदान में हैं। एक दिन पहले मोदी ने संदेशखाली की पीड़ित भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा से भी बात की थी।

### भाजपा लड़ रही भ्रष्टाचार मुक्त देश की लड़ाई




**मोदी** ने भ्रष्टाचार के एक मामले में ईडी की ओर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें समर्थन देने को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। जिन लोगों ने आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ शिकायत की थी, उन्होंने अब अपना रुख बदल लिया है। यह दिखाता है कि उनकी प्राथमिकता देश नहीं, बल्कि सत्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार मुक्त देश के लिए लड़ाई लड़ रही है, सभी भ्रष्ट एक-दूसरे को बचाने के लिए एक साथ आ गए हैं।

### कृष्णानगर की महारानी ने सुनाई अपनी पीड़ा

**राजमाता** अमृता रॉय ने पीएम मोदी से फोन पर बातचीत में टीएमसी की ओर से महाराजा कृष्ण चंद्र रॉय पर लगाए गए आरोपों को लेकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। पीएम से कहा कि महाराजा ने हिंदुओं को सिराजुद्दौला के अत्याचारों से बचाने और सनातन धर्म की रक्षा के लिए अंग्रेजों का साथ दिया था। हम लोगों को गद्दार बता रहे हैं। उन्होंने इतनी जमीन दान की, लोगों की भलाई के लिए इतना सब कुछ किया, इस बारे में नहीं बोल रहे, अगर अंग्रेजों के साथ नहीं जाते तो हमारा सनातन धर्म तो खत्म हो गया होता।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अमेरिका के पोर्ट ऑरफोर्ड ओरेगन में आया भूकंप



**वाशिंगटन।** अमेरिका में पोर्ट ऑरफोर्ड, ओरेगन में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.7 मापी गई। भूकंप का केंद्र 10.0 किलोमीटर की गहराई में 42.31 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 126.59 डिग्री पश्चिम देशांतर में था।

### ईडी ने महुआ मोइत्रा को भेजा समन, आज होगी पूछताछ



**नई दिल्ली।** टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में महुआ मोइत्रा और दर्शन हीरानंदानी को समन भेजा है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने महुआ को 28 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### 'आप' नेता दीपक के आवास सहित कई ठिकानों पर छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली सरकार की कथित आबकारी नीति घोटाला से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 'आप' नेता दीपक सिंगला के आवास सहित कई ठिकानों पर छापा मारा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दीपक सिंगला दूसरे पार्टी नेता हैं, जिनके घर पर ईडी की छापेमारी चल रही है। वहीं, पंजाब के एक्साइज एंड टैक्सेशन कमिश्नर वरुण रूजम के आवास पर छापेमारी की। टीम ने छापेमारी 130 करोड़ रुपए से अधिक के अमरूद बाग घोटाले के सिलसिले में की है। साथ ही फिरोजपुर के डिप्टी कमिश्नर राजेश धीमान और उनके अकाउंटेंट के पटियाला स्थित आवास पर भी छापेमारी की गई।

## हिमाचल में चार दिन खराब रहेगा मौसम, बारिश-बर्फबारी की संभावना

# चार जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** में चार दिन तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 28 से 31 मार्च तक मैदानी व मध्य पर्वतीय जिलों में बारिश और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना जताई है।



29 व 30 मार्च को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू व मंडी में भारी बारिश, अंधड़ चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा 28 व 31 मार्च को ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर, शिमला, सोलन व सिरमौर जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। पहली और दो अप्रैल को उच्च पर्वतीय कुछ स्थानों को छोड़कर प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान है। वहीं, बुधवार को राजधानी शिमला व आसपास भागों में हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए रहे। शिमला में न्यूनतम तापमान 11.6, सुंदरनगर 14.8, भुंतर 14.2, कल्पा 6.0, धर्मशाला 16.6, मनाली में 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**अधिकतम तापमान**

| | |
|---|---|
| ऊना | 31.4 |
| बिलासपुर | 29.4 |
| मनाली | 28.8 |
| कांगड़ा | 28.1, |
| सोलन | 26.0 |
| धर्मशाला | 24.1 |
| शिमला | 19.7 |
| कल्पा | 17.8 |
| केलांग | 8.7 |



## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ छह नक्सली ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है। बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने छह नक्सलियों को ढेर कर दिया और उनके पास से हथियार भी बरामद किए हैं। मुठभेड़ के बाद दो महिला नक्सली और चार पुरुष नक्सलियों के शव बरामद हुए हैं।

मारे गए नक्सलियों में उनका डिप्टी कमांडर भी शामिल है। उस पर लाखों रुपए का इनाम घोषित है। मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की संभावना है। घटनास्थल व इसके आस-पास पुलिस ने सर्च अभियान चलाया है। बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने बताया कि होली के दिन बासागुडा थाना क्षेत्र में नक्सलियों ने तीन ग्रामीणों की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी थी।

## ममता-कंगना के खिलाफ टिप्पणी पर घोष और सुप्रिया को नोटिस

**चुनाव आयोग ने आज शाम तक मांगा दोनों से जवाब**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत और बीजेपी के दिलीप घोष को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने सुप्रिया श्रीनेत की ओर से 'एक्स' पर कंगना रनौत को लेकर की पोस्ट के लिए नोटिस जारी किया है। चुनाव आयोग की ओर से वीरवार शाम तक जवाब देने के लिए कहा है।

वहीं, पश्चिमी बंगाल के नेता दिलीप घोष को ममता बनर्जी के खिलाफ दिए बयान के लिए नोटिस जारी किया है। टीएमसी की ओर से दिलीप घोष के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन किया है।

टीएमसी की ओर से आरोप लगाया गया है कि पश्चिम बंगाल इकाई के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष ने टीएमसी के चुनावी नारे बांग्ला निजेर मेयेके चाई (बंगाल अपनी बेटी चाहता है) का मजाक उड़ाया है।


**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com


## पंजाब में 'आप' को दोहरा झटका

### सांसद सुशील व विधायक शीतल भाजपा में शामिल

**चंडीगढ़।** पंजाब में आम आदमी पार्टी को बुधवार को बड़ा झटका लगा। पार्टी के इकलौते सांसद सुशील कुमार रिंकू भाजपा में शामिल हो गए हैं। रिंकू को पार्टी जालंधर से टिकट दे चुकी थी। इनके साथ जालंधर वेस्ट से 'आप' विधायक शीतल अंगुराल भी भाजपा में शामिल हुए।

इससे पहले शीतल अंगुराल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि यह सच है कि मैंने जालंधर के लोगों से जो वादे किए थे, वे पूरे नहीं हुए क्योंकि मेरी पार्टी (आप) ने मेरा समर्थन नहीं किया। मैं पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की कार्यशैली से प्रभावित हूं।

# छह फीसदी ब्याज के साथ दें छठे वेतन आयोग के वित्तीय लाभ

## प्रदेश हाई कोर्ट ने दिए आदेश, नहीं चलेगा कोई बहाना, कहा- सरकार वित्तीय संकट के नाम पर नहीं रोक सकती लाभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने एचपी सचिवालय और इससे संबंधता रखने वाली पेंशनर कल्याण एसोसिएशन के सदस्यों को छठे वेतन आयोग के वित्तीय लाभ छह फीसदी ब्याज सहित देने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सरकार को छह सप्ताह के भीतर बढ़ी हुई पेंशन की बकाया राशि छह फीसदी ब्याज सहित देने को कहा है।



न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने प्रार्थी एसोसिएशन की याचिका को स्वीकार हुए यह आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि सरकार वित्तीय संकट के नाम पर पेंशनरों के वित्तीय लाभ न तो रोक सकती है और न ही देने से इनकार कर सकती है। सरकार संसाधनों की कमी के नाम पर पेंशनरों के लाभ अनिश्चितकाल तक प्रतिबंधित नहीं कर सकती है।

### सरकार नहीं बना सकती वेतनमान संबंधी संशोधित नियम

**कोर्ट** ने स्पष्ट किया कि यदि एक बार किसी सेवारत अथवा सेवानिवृत्त कर्मचारी के पक्ष में वित्तीय लाभ कानूनी रूप से उत्पन्न हो जाएं तो उन्हें अनिश्चितकाल के लिए न तो रोका जा सकता है और न ही उनमें कोई संशोधन कर कम किया जा सकता है। सरकार कानूनी रूप से अपने वादों को पूरा करने के लिए बाध्य होती है, इसलिए वित्तीय स्थिति का बहाना बनाकर वित्तीय लाभ नहीं रोके जा सकते। एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि उन्हें छठे वेतन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक अभी तक कोई वित्तीय लाभ नहीं दिए गए हैं। एसोसिएशन का कहना था कि प्रदेश सरकार ने तीन जनवरी 2022 को संशोधित वेतनमान संबंधी नियम बनाए। इन नियमों के तहत सरकार ने छठे वेतन आयोग की सिफारिशों को अपनाया और कर्मचारियों को एक जनवरी 2016 से यह लाभ देने की घोषणा की। वे भी संशोधित वेतनमान की बकाया राशि पाने के हकदार हैं, क्योंकि वे पहली जनवरी 2016 के पहले व बाद में सेवानिवृत्त हुए थे। प्रार्थियों ने सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि जो कर्मचारी पहली जनवरी 2016 से 31 जनवरी 2022 के बीच सेवानिवृत्त हुए हैं उन्हें वित्तीय लाभ पांच किस्तों में और जो पहली मार्च 2022 से बाद सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें सभी लाभों का बकाया एक साथ किया जा रहा है।

## बीजेपी ने जारी की सातवीं लिस्ट

**नई दिल्ली।** भानजपा ने बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की सातवीं लिस्ट जारी की। बीजेपी ने दो उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया। महाराष्ट, के अमरावती से नवनीत राणा को टिकट दिया, जबकि दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक की चित्रदुर्ग सीट से गोविंद करजोल को उम्मीदवार बनाया है। नवनीत कौर राणा राजनीति में आने से पहले अदाकारा रही हैं। 2019 में वह अमरावती से सांसद चुनी गई थी। गोविंद करजोल दक्षिण भारतीय राज्य के डिप्टी सीएम और कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। वह इसके अलावा मुधोल सीट से विधायक भी रह चुके हैं।

# भारत-मलेशिया के आपसी रिश्ते होंगे और मजबूत : जयशंकर

## मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर की चर्चा

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

**भारत** के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कुआलालंपुर में मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद बिन हाजी हसन के साथ मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों समेत क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। जयशंकर सिंगापुर, फिलीपीन और मलेशिया के अपने तीन राष्ट्रों के दौरे के अंतिम और तृतीय चरण में कुआलालंपुर में हैं।



**सातवीं संयुक्त बैठक करवाने पर चर्चा**

जयशंकर ने कहा कि भारत और मलेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों में मजबूती आ रही है और दोनों देशों के आपसी रिश्ते और मजबूत होंगे। भारत और मलेशिया के विदेश मंत्रियों ने सातवीं संयुक्त आयोग की बैठक आयोजित करवाने पर भी चर्चा की। इससे पहले हसन की ओर से पदभार संभालने के बाद दिसंबर 2023 में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की मुलाकात हुई थी।

### सहयोग बढ़ाना मकसद

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से भी मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि इससे भारत और मलेशिया संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलेगी। आपसी सहयोग बढ़ाना मकसद है। सोशल मीडिया पोस्ट साझा करते हुए मलेशियाई के प्रधानमंत्री से मुलाकात करना सम्मान की बात है।




## केंद्रीय विश्वविद्यालय में गुरु-शिष्या का पवित्र रिश्ता हुआ तार-तार, आरोपी प्रोफेसर सस्पेंड

# भक्षक शिक्षकों के खिलाफ विद्यार्थी परिषद उग्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर परिसर में एक छात्रा के साथ शारीरिक उत्पीड़न मामले में बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने धर्मशाला सहित सभी तीनों परिसरों में प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति सत प्रकाश बंसल का घेराव किया गया। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने सीयू प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

उन्होंने कुलपति से कहा कि यह सीयू के छात्रों के साथ शारीरिक छेड़छाड़ का यह पहला मामला नहीं है, यहां के प्रोफेसर इससे पूर्व भी छात्राओं के साथ छेड़छाड़ में संलिप्त पाए गए हैं

केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर परिसर में रासायनिक विभाग में कार्यरत अध्यापक पर एक शोधार्थी छात्रा द्वारा शारीरिक उत्पीड़न का आरोपहै। इस तरह की घटनाएं शैक्षणिक परिसर यानी विद्या के मंदिर को शर्मसार करने वाली है। आज एक बार पुन: गुरु-शिष्य का पवित्र रिश्ता तार-तार हो गया

विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राहुल राणा ने बताया कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में इससे पहले भी कई यौन उत्पीड़न की घटनाएं हुई है और फिर से इस तरह की घटना का इस विश्वविद्यालय में होना पूरे विश्वविद्यालय प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है कि आखिरकार क्यों शिक्षक और शिष्य के पवित्र रिश्ते को तार-तार किया जा रहा है।

विद्यार्थी परिषद ने इस मामले हेतु हाई पावर कमेटी का गठन करने तथा साथ ही पूर्व में हुई विश्वविद्यालय की यौन उत्पीड़न की सभी घटनाओं पर निष्पक्ष रूप से जांच पड़ताल करने की मांग की।

इकाई मंत्री हीना वर्मा ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का मानना है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए ताकि दोषी पर कड़ी कार्रवाई हो।





केंद्रीय विश्वविद्यालय शाहपुर परिसर में छात्रा के साथ शारीरिक उत्पीड़न मामले में नारेबाजी करते विद्यार्थी परिषद के छात्र।

> छात्रों का गुस्सा जायज है, आरोपी प्रोफैसर को संस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ नियानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।
> **-सत प्रकाश बंसल, कुलपति केंद्रीय विश्वविद्यालय**

### धर्मशाला व शाहपुर परिसर में जड़े ताले

**विद्यार्थी** परिषद ने केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला व शाहपुर परिसर में ताला जड़कर प्रदर्शन किया। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री रितिक पालसरा ने बताया इस विरोध प्रदर्शन के दौरान



## धावला का तंज

# भाजपा में नौ विधायक नहीं नौ ग्रह आए है



**देहरा ।** भाजपा के नेता रमेश धवाला ने अपनी पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा में नौ विधायक नहीं, नौ ग्रह आए है, जो विधानसभा में पार्टी का सत्यानाश करेंगे। प्रेसवार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि उन्हें पार्टी द्वारा जलील किया जा रहा है। 1998 में जिसने मार भी खाई थी और करोड़ों ठुकरा कर अपना सब कुछ पार्टी पर न्यौछाबर कर दिया था उसे उस ये दिन देखने को मिल रहे हैं।

उन्होंने अपनी ईमानदारी पर कहा कि जिन सफेद कपड़ों में हमें लोगों ने भेजा था, उन कपड़ों को कोई दाग लगा हो तो हम राजीनीति छोड़ देंगे। लोकसभा चुनावों में तो भाजपा का साथ देंगे, लेकिन विधानसभा उपचुनाव के लिए अभी समय है। उस पर फैसला सोच विचार कर करेंगे। उन्होंने चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि पार्टी का ऐसा रवैया सहन नहीं किया जाएगा।

# 21,542 जवान करेंगे ई-ट्रांसमिशन से 'पोस्टल बैलेट' का इस्तेमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**


कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में 21,542 सैन्य जवानों को ई-ट्रांसमिटिड पोस्टल बैलेट पेपर भेजे जाएंगे, ताकि सैन्य जवान भी अपने मतदान का प्रयोग कर सकें। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने देते हुए बताया कि ये पोस्टल बैलेट पेपर सभी 17 सेगमेंट्स में भेजे जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बताया कि मतदान में ज्यादा से ज्यादा से लोग भाग लें, इसके लिए मतदाता जागरूकता अभियान भी जिला में आरंभ किया गया है तथा दिव्यांगों से लेकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जिला में 1642 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं तथा इन मतदान केंद्रों पर चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करवाई जा रही हैं, ताकि लोगों को मतदान करने में किसी भी तरह की दिक्कतें नहीं आएं। उन्होंने कहा कि जिला में विभिन्न स्तरों पर मतदान के लिए ईवीएम तथा वीवीपैट का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

मतदाताओं की सुविधा के लिए निशुल्क दूरभाष नंबर 1950 भी कार्यान्वित किया गया है। इस सुविधा के माध्यम से मतदाता अपने वोटर कार्ड इत्यादि के बारे में जानकारी भी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नए मतदाताओं का नोमिनेशन से दस दिन पहले तक नाम दर्ज किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्र तथा निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने मोबाइल ऐप सी-विजिल लांच किया है इस ऐप के जरिए आम जन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट कर सकेगा, सी-विजिल ऐप के लिए कैमरा, इंटरनेट कनेक्शन जीपीएस वाला स्मार्टफोन होना जरूरी है।



**दिव्यांगों से लेकर युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा : जिला निर्वाचन अधिकारी**

# वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

राजकीय उच्च विद्यालय कंड धर्मशाला व प्राईमरी स्कूल कंड का बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का हर्षोल्लास के साथ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में दाड़ी मॉडल स्कूल की प्रिंसिपल व क्लस्टर हैड डॉ. भवन शर्मा ने शिरकत की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेवी कृष्ण गोपाल सूद, रिटायर्ड कैप्टन गोपाल देव थापा व हिम्मता राम मौजूद रहे। कैप्टन गोपाल ने स्कूल में विकास कार्यों के लिए 11 हज़ार रुपए की राशि भी प्रदान की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कंड स्कूल के हेडमास्टर विवेक रैना सहित सेंटर हेड टीचर सुधीर ने की, उक्त अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर स्कूल के मुख्याध्यापक विवेक रैना ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वहीं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से खूब समां बांधा। जिसमें हिमाचली, पहाड़ी, गद्दीयाली लोकनृत्य, राज्यस्थानी डांस, महाराष्ट्र का लावणी, पंजाबी गिद्दा संग देशभक्ति व अन्य प्रस्तुतियों से तालियां बटौरी।

इस मौके पर मुख्यातिथि ने एकेडमिक, सांस्कृतिक, खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों के मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही कंड स्कूल की दो छात्राओं व शिक्षिका अनुराधा को दिल्ली में गणतंत्र परेड में भाग लेने पर सम्मानित किया गया।

# 15 हजार कार्यकर्ता करेंगे सुधीर शर्मा का स्वागत

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के धर्मशाला आगमन पर स्वागत के लिए भाजपा ने तैयारियां पूरी कर ली है। आगामी उप-चुनावों में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा का स्वागत एवं कार्यकर्ता सम्मेलन जोरावर मैदान तपोवन में आज किया जाना है। इस कार्यक्रम की तैयारियों के लिए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, भाजपा मंडल धर्मशाला एवं भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी पूरा दिन मैदान में डटे रहे। स्वागत समारोह की जानकारी देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं प्रदेश मीडिया सह प्रभारी विश्व चक्षु ने बताया कि सुधीर शर्मा का धर्मशाला आगमन पर जोरदार स्वागत होगा और उनके स्वागत के लिए 15 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ता यहां मौजूद रहेंगे।

धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से सुधीर शर्मा को भारतीय जनता पार्टी का धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी बनाए जाने पर जोरावर स्टेडियम धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी धर्मशाला मंडल द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन वीरवार को किया जा रहा है। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश विधानसभा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा के प्रभारी व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार के अतिरिक्त कांगड़ा-चंबा भाजपा लोकसभा संयोजक चंद्र भूषण नाग, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सचिव विशाल चौहान, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया के सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, जिला कांगड़ा भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, जिला कांगड़ा भाजपा मीडिया सह प्रभारी अंकुश वर्मा, धर्मशाला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शक्ति अत्री, भाजपा धर्मशाला मंडल उपाध्यक्ष प्रेरणा शर्मा, साहिल शर्मा, अनिल वर्मा, हिमाचल प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा सचिव अब्दुल गनी, सतीश जोश, शुगन मनकोटिया, सीमा चंदेल व अन्य भाजपा नेता।



पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के धर्मशाला आगमन के लिए तैयारियों का जायजा लेते भाजपा पदाधिकारी।

### शक्तिपीठों में भी टेकेंगे माथा

**वीरवार** को सुधीर शर्मा चामुंडा मंदिर, इंद्रू नाग व हनुमान मंदिर आदि शक्तिपीठों में भी माथा टेकेंगे और भगवान का आशीर्वाद गृहण करेंगे। उक्त कार्यक्रमों के बाद वह दाड़ी स्थित अपने कार्यालय में आम जनता से रूबरू होंगे।

# होली मेला देखने गया युवक घायल अवस्था में मिला, टांडा रैफर

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

उपमंडल ज्वालामुखी के अन्तर्गत पड़ते पुलिस थाना खुंडिया के तहत पुलिस चौंकी लगडू के पुलिस कर्मचारियों द्वारा एक 35 वर्षीय युवक जो कि जल शक्ति विभाग में कांट्रैक्ट पर कार्य करता था को ढूंढ निकाला है। यह युवक मेले में अचानक लापता हो गया था।

उक्त युवा अपने काम के बाद सुजानपुर में होली मेले लगाने के लिए गया हुआ था और 25 मार्च को देर रात तक घर नहीं लौटा, जिसपर परिवारजनों ने लगडू चौंकी में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज करवाई थी।

मामले पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने उक्त युवा की फोन लोकेशन ट्रेक की। खुंडिया थाना के एसएचओ रणजीत परमार के नेतृत्व में एएसआई संजीव कुमार, एचसी सुरिंदर कुमार ने लोकेशन के आधार पर उक्त युवक को ढूंढ निकाला।

उक्त युवक बाइक से अपने घर आ रहा था तो घर दोदरा से 200 मीटर की दूरी पर खेरियां में एक गहरी खाई में गिर गया था।

पुलिस ने खाई में जाकर युवा की तलाश की और उसे रेस्क्यू कर लिया गया। युवक खाई में गिरने से घायल अवस्था में था इसलिए उसे इलाज के लिए अब टांडा मेडिकल कॉलेज में भेज दिया गया है।

घायल युवक की पहचान सुरिंदर पुत्र पारस राम निवासी दोदरू लगडू के रूप में हुई है।

# बधिर लोगों को दिया प्रशिक्षण




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सेंस इंडिया इंटरनेशनल के सौजन्य से कॉर्ड प्रशिक्षण केंद्र, सिधबाड़ी ,धर्मशाला में भारत के 10 राज्यों (असम केरल, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, तेलंगाना, राजस्थान,महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश ) से 45 बधिर व्यक्ति उनके माता-पिता व विशेष शिक्षकों की 5 दिन की कार्यशाला का आयोजन कॉर्ड प्रशिक्षण केंद्र, सिधबाड़ी धर्मशाला में आयोजित किया गया।

इस कार्यशाला में सेंस इंडिया इंटरनेशनल के राष्ट्रीय नेटवर्क उड़ान, प्रयास व अभिप्रेरणा के कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। इस कड़ी में प्रतिभागियों ने त्रियूंड ट्रैक पूरा किया जो कि अपने आप में एक ऐतिहासिक घटना से कम नहीं है।

बधिर( डेफ ब्लाइन्ड ) दिव्यांगता के बावजूद इन डेफ ब्लाइन्ड व्यक्तियों ने अपनी दृढ़ता का परिचय देते हुए धौलाधार की पहाड़ियों के त्रियूंड ट्रैक को एक दिन में पूरा किया, जो कि अपने आप में एक मिसाल से कम नहीं है।

इंसान में अगर हौसला और कुछ कर दिखने की चाह हो तो वो अपनी इच्छा शक्ति से कुछ भी हासिल कर सकता है। यह प्रतिभागियों से हमें सीखने को मिलता है। कॉर्ड बधिर (डेफ ब्लाइन्ड ) व्यक्तियों के लिए सेंस इंडिया इंटरनेशनल के सहयोग से स्टेट रिसोर्स सेंटर के रूप में काम कर रहा है।

# कांगड़ा के सचिन ने जीता गंदड़ का दंगल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, लंबागांव**

लंबागांव खंड की गंदड़ पंचायत में होली मेले के समापन अवसर पर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न राज्यों से आए मेहमान पहलवानों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर स्थानीय समाजसेवी एवं मझेड़ा वार्ड के जिला परिषद संजय राणा ने बतौर मुख्यातिथि के रुप में भाग लेकर विजेता व उपविजेता पहलवानों को सम्मानित किया। प्रतियोगिता के अंतिम मुकाबले में कांगड़ा के सचिन पहलवान ने जालंधर के सन्नी पहलवान को हराकर माली जीती। कमेटी द्वारा विजेता पहलवान को 9 हजार 100 रुपए का प्रथम व 7100 रुपए का द्वितीय पुरस्कार दिया गया जिसे अशोक धीमान द्वारा स्पोंसर किया गया। बच्चों की प्रतियोगिता के प्रथम व द्वितीय पुरस्कार अनिल सोनी लंबागांव द्वारा दिए गए।

इस अवसर पर कमेटी प्रधान जनम चंद कटोच, सचिव कमलेश शर्मा, पंचायत समिति सदस्य सुषमा धीमान, पूर्व पंचायत प्रधान राजेश कुमारी, उप प्रधान शशि कांत, सकोह के प्रधान सुशील शर्मा, बरड़ाम के उप प्रधान सुनील राणा सहित जुगल किशोर मिश्रा, रमेश कटोच, बिहारी लाल, अशोक धीमान, राकेश कुमार, कल्पना देवी, राकेश कुमार, राकेश गोस्वामी, ध्रुव देव,तनिष्क शर्मा, रवि शुक्ला, शुभम भारद्वाज व अंकित गोस्वामी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



विजेता पहलवान को सम्मानित करते संजय राणा व कमेटी के सदस्य।

# 'संस्कृत साहित्य में हिमाचल का योगदान' पर सेमिनार आयोजित

**परागपुर ।** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वेदव्यास परिसर बलाहर में साहित्य विभाग की ओर से एक दिवसीय राष्ट्रीय समिनार सम्पन्न हुआ। इस सेमिनार का विषय था 'संस्कृत साहित्य में हिमाचल का योगदान'। यह सेमिनार साहित्य विभाग के आचार्य पंकज के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि इस सेमिनार में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी शेषभूषण उपस्थित रहे, जिनके पिता दुर्गादत्तशास्त्री संस्कृत के महान विभूति रहे, जिन्होंने अनेक संस्कृत ग्रन्थों का सृजन किया।

इसी कार्यक्रम में विशिष्टातिथि के रूप में संस्कृत महाविद्यालय सोलन से ओंकार चंद उपस्थित रहे जिन्होंने छात्रों का समुचित मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में डॉ. राधावल्लभ शर्मा उपस्थित रहे जिन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

# झंडे की रस्म के साथ इंद्रु नाग छिंज मेले का आगाज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खनियारा के ऐतिहासिक इंद्रु नाग देवता के छिंज मेले का बुधवार को झंडे की रस्म व हवन पूजा-पाठ खेलपात्र तथा टमक की थाप के साथ शुभारंभ हो गया। खेलपात्र के दौरान इंद्रु नाग देवता के गुर ने मतड़ा नाग मंदिर, ठाकुरदेहरा व अखाड़े में कन्या पूजन के साथ-साथ कोटासनी माता मंदिर में कन्या पूजन का आदेश दिया है। मेले को निर्विघ्न संपन्न करवाने का आशीर्वाद दिया है।

28 मार्च को श्री इंद्रु नाग देवता की छड़ी मुख्य मंदिर से मेला मैदान तक लाई जाएगी। मेला मैदान में स्थापित अखाड़े में दंगल होगा। इस मौके पर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी व पुनीत मह्ली बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। 29 मार्च को बड़ी माली का आयोजन किया जाएगा जिसमें सांसद किशन कपूर पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे। 29 मार्च को आयोजित होने वाली सांस्कृतिक संध्या (स्टार नाइट) का आयोजन किया जाएगा।

जिसमें युवा नेता विपिन नैहरिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और 30 मार्च को मेला व खेलों का आयोजन होगा। इस दौरान सुधीर शर्मा प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगे। मेला कमेटी के अध्यक्ष कैप्टन ईश्वर ठाकुर ने बताया कि मेला शुरू हो गया है और पूरे गांववासियों व क्षेत्रवासियों के सहयोग से मेले का आयोजन हो रहा है।

**संकल्प**

## मारपीट में हुई मौत मामले की सभी व्यापारिक संगठनों ने की निंदा, कहा-

# पर्यटकों को सुरक्षित माहौल देना हमारा दायित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**होटल** एवं रेस्तरां एसोसिएशन, टैक्सी यूनियन मैक्लोडगंज, व्यापार मंडल मैक्लोडगंज, व्यापार मंडल भागसूनाग एवं टूर एंड ट्रैवल ऑपरेटर एसोसिएशन सहित विभिन्न व्यापारिक संगठनों की एक अहम बैठक मैक्लोडगंज एक निजी होटल में आयोजित हुई। इस बैठक में धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर औंकार नैहरिया विशेष तौर पर मौजूद रहे।

बैठक में भागसूनाग में गत दिनों हुई मारपीट में एक पर्यटक मौत मामले की कड़े शब्दों में निंदा की गई। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बांबा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पड़ौसी राज्यों के पर्यटक इस क्षेत्र के आर्थिकी की रीढ़ हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमारा दायित्व है कि बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटकों का पूरा मान-सम्मान करें और उनसे किसी भी तरह का अभद्र व्यवहार न हो। हमें मिल कर पर्यटन नगरी के असामाजिक तत्वों के खिलाफ मुहीम छेड़नी चाहिए ताकि पर्यटकों को हम अच्छा एवं सुरक्षित वातावरण दे सकें। टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष अशोक कुमार ने कहा कि पर्यटन नगरी में कई बाहरी टैक्सी ऑपरेटर काम कर रहे हैं जिन पर टैक्सी यूनियन मैक्लोडगंज का कोई नियंत्रण नहीं है और यह टैक्सी ऑपरेटर अकसर पर्यटकों से लड़ाई-झगड़े में संलिप्त पाए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि छोटी से पर्यटन नगरी में सैकड़ों टैक्सियां पार्क रहती हैं और पर्यटकों की गाड़ियों के लिए जगह नहीं बचती जिससे हमेशा वाद-विवाद होने की संभावना बनी रहती है। इस समस्या को देखते हुए निर्णय लिया गया कि भागसू पार्किंग में 15 से 20 टैक्सियों के खड़े रहने की अनुमति दी जाएगी।



विभिन्न संगठनों की मीटिंग में उपस्थित पदाधिकारी।

### भागसूनाग में स्थापित हो पुलिस पोस्ट

एडवेंचर एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश नैहरिया ने कहा कि भागसूनाग में एक पुलिस पोस्ट स्थापित की जानी चाहिए ताकि असामाजिक तत्वों पर पुलिस की नजर रहे। बैठक दौरान प्रशासन एवं सरकार के समक्ष मांग रखी कि मैक्लोडगंज में भागसूनाग पार्किंग एवं मंदिर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। पदाधिकारियों ने मैक्लोडगंज की सुरक्षा व्यवस्था और पर्यटकों की सुविधा के लिए अपने-अपने विचार रखे। पूर्व महापौर धर्मशाला नगर निगम औंकार नैहरिया ने कहा कि मैक्लोडगंज की सभी समस्याओं को संबंधित विभागों के समक्ष रखा जाएगा ताकि पर्यटकों का अच्छी सुविधाएं मिल सकें और उनके लिए एक सुरक्षित वातावरण तैयार किया जा सके।

# पुल में लगा लोहे का जाला टूटने से वाहन चालकों को हो रही परेशानी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

डाडासीबा से ढलियारा मार्ग में गांव कनोल के पास लोक निर्माण विभाग द्वारा एक पुल का निर्माण कुछ समय पहले किया गया था। उस पुल पर एक लोहे का जाला भी लगाया गया था, लेकिन अब लोहे का जाला झुकने व टूटने के कारण वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

इस टूटे हुए जाले के कारण कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो चुके हैं परंतु विभाग इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। स्थानीय लोगों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही इस लोहे के जाले को ठीक करवाया जाए ताकि वाहन चालक चोटिल होने से बचे। इस संबंध में जब सहायक अभियंता राजेंद्र कुमार देहरा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शीघ्र ही मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया जाएगा जिसके बाद झुके हुए लोहे के जाले को ठीक करवाया जाएगा।

इस सड़क के बीचोंबीच लोहे का जाला पिछले काफी समय से झुका हुआ है दोपहिया वाहन चालक कई बार हादसे का शिकार हो चुके हैं विभाग को चाहिए इसे जल्दी ठीक करवाया जाए।




गांव कनोल में सड़क के बीचोंबीच झुका व टूटा लोहे का जाला।

## न्यूज ब्रीफ

### गीतांजलि स्कूल में स्टूडेंट्स को दी विदाई पार्टी



विदाई समारोह के दौरान जमा एक व जमा दो कक्षा के बच्चे सामूहिक चित्र में।

**धनेटा।** गीतांजलि पब्लिक स्कूल धनेटा में 11वीं के स्टूडेंट्स ने 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया, जिसमें 11वीं कक्षा ने 12वीं के स्टूडेंट्स को अलग-अलग टाइटल देकर सम्मानित किया व चाय पान भी करवाया। इस दौरान स्टूडेंट्स द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए, जिसका स्टूडेंट्स ने खूब आनंद उठाया। अंत में अध्यक्ष बीएल चड्ढा ने स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं व उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

### स्टूडेंट्स को भविष्य संवारने के दिए टिप्स

**धनेटा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सेरा में कक्षा 12वीं के स्टूडेंट्स की करियर काउंसलिंग की गई, जिसमें स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य बीएल कौशल ने बताया कि करियर काउंसलिंग की प्रभारी रेणु डोगरा ने स्टूडेंट्स को 12वीं पास करने के बाद कौन-कौन से विषय ले सकते हैं, किस प्रकार से स्वरोजगार को अपना सकते हैं, के बारे में कई प्रकार की जानकारियां दीं। डोगरा ने बताया कि हमें भविष्य निर्माण के लिए सही निर्णय लेना चाहिए।

### आपदा में किसने दिया साथ, लोग करेंगे तय : बलवीर

**नादौन।** हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2023 में सदी की सबसे बड़ी आपदा आई, जिसमें कई लोगों के जानमाल का काफी नुकसान हुआ। इस आपदा की घड़ी में किस नेता व राजनीतिक पार्टी का कितना योगदान रहा, इसका आकलन प्रदेश की जनता आने वाले चुनावों में करेगी। यह बात जिला परिषद के धनेटा वार्ड के पूर्व सदस्य बलवीर ने कही। उन्होंने कहा कि आपदा की घड़ी में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में विपरीत परिस्थितयों के बावजूद भी सराहनीय कार्य किया। प्रभावितों की पीड़ा को समझते हुए सीएम सुक्खू ने स्वयं अपनी नेक कमाई से 51 लाख रुपए आपदा राहत कोष में देकर प्रेरणादायक मिसाल पेश की।

### खेलो इंडिया गेम्स में शामिल होगा कोर्फबॉल

**भरेड़ी।** भारतीय कोर्फबॉल संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिमांशु मिश्रा को दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया है, जबकि एबिन थोमस को महासचिव बनाया गया है। इसके अलावा पहली बार हिमाचल प्रदेश को दो अहम पद मिले हैं, जिनमें राहुल सुमन को संयुक्त सचिव और राष्ट्रीय रेफरी विनोद ठाकुर को कोषाध्यक्ष चुना गया है। हिमाचल प्रदेश कोर्फबॉल संघ के महासचिव बीआर सुमन ने पत्रकारों से कहा कि उत्तर प्रदेश के आगरा में हुए संघ की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन 2024-28 के लिए किया गया है। हिमाचल प्रदेश के लिए गौरव की बात है कि पहली बार दो पदाधिकारी संघ की कार्यकारिणी में चुने गए हैं। इससे हिमाचल में कोर्फबॉल खेल को बढ़ावा देने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि कोर्फबॉल खेल अब खेलो इंडिया में शामिल होगा और पहली बार कोर्फबॉल खेल की टीम अपने खेल का प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024-25 में फेडरेशन कप केरल, सब जूनियर हरियाणा, जूनियर दिल्ली व सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता ओडिसा में होगी। उन्होंने कहा कि हाल ही में आगरा में हुई सीनियर वर्ग की कोर्फबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश ने हरियाणा को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया है।

### अखिल व सूरज की कंपनी में हुई प्लेसमेंट

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के असिस्टेंट प्रो. इंजीनियर अमित कुमार ने बताया कि विभाग के दो स्टूडेंट्स अखिल व सूरज का पिसॉफ्ट इंफॉर्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में प्लेसमेंट हुई है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एमसीए, एमएससी आईटी, बीसीए व बीएससी आईटी फाइनल ईयर के कुल 34 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। जिसमें दो स्टूडेंट्स का चयन हुआ है, जिसे कंपनी द्वारा 29 हजार रुपए प्रति माह वेतन मिलेगा।

# डुग्घा में तीन दिन से नहीं आ रहा पानी, लोगों को परेशानी

## स्थानीय लोग बोले- होली के बाद पानी की नहीं हुई आपूर्ति

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर के साथ लगते डुग्घा कस्बे में पानी की किल्लत पिछले तीन दिनों से चल रही है, जिसके चलते स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को पीने तक के लिए पानी नहीं मिल रहा, जिसके चलते वे काफी परेशान हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जल शक्ति विभाग को अवगत करवाने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है।

ग्रामीणों और किराए पर रह रहे लोगों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। उनका कहना है



कि साथ में लगे हैंडपंप से भी गंदा पानी आ रहा है, जो पीने लायक नहीं है। लोगों का कहना है कि जैसे ही गर्मियां शुरू होती हैं डुग्घा में पानी की समस्या शुरू हो जाती है। लोगों ने जल शक्ति विभाग से मांग की है कि इस पानी की समस्या से जूझ रहे डुग्घा मार्केट और ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं सहायक अभियंता राकेश

**इस** बारे में जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता राकेश सोनी ने बताया कि डुग्घा में पानी की समस्या ध्यान में लाई गई है। अगर ऐसी समस्या है तो उसका जल्द ही समाधान किया जाएगा और हैंडपंप में गंदा पानी आता है तो उसे भी जल्द ही फ्लैशिंग करवाया जाएगा, जिससे ग्रामीणों और किरायेदारों को साफ और शुद्ध पानी मुहैया करवाया जाएगा।

# अपने हितों के लिए आम जनता की भावनाओं को कुचला : पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर से गद्दारी कर जनता को बेवकूफ समझने वाले लोग आखिर इतनी बेशर्मी कैसे दिखा रहे हैं, जो लोगों को अपने स्वागत के लिए बुला रहे हैं। यह बात कांग्रेस से पूर्व विधायक कुलदीप पठानिया व जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने संयुक्त बयान में कही।

इन कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जो लोग हाथ के निशान पर चुने गए थे, जिनको भाजपा ने कभी भी टिकट देने के काबिल नहीं समझा, वे आज कुछ बनने के बाद अपनी पार्टी और अपने वोटरों की पीठ में छुरा घोंप कर भाजपा में शामिल हो गए। इन नेताओं की बेशर्मी देखिए, ये लोग जनता को मूर्ख समझते हैं, इन्हें लगता है कि पैसे के दम पर ही चुनाव जीत जाएंगे। हमीरपुर के विकास के विरोधी इन लोगों ने अपने हितों के लिए आम जनता की भावनाओं को कुचल दिया और अपने हितों को सर्वोपरि रखा। आज ये नए-नए भाजपाई बने नेता अपना स्वागत इस तरह से करवा रहे हैं जैसे कोई जंग जीतकर आए हों।

ईमान बेचने को त्याग नहीं कहते, पीठ में छुरा घोंपने को संघर्ष नहीं कहते। कुलदीप पठानिया और सुमन ने कहा कि हिमाचल की जनता समझ चुकी है कि प्रदेश में कितना बड़ा षड्यंत्र इन लोगों के द्वारा रचा गया था। आम जनता इनको माफ नहीं करेगी हमीरपुर की जनता मुख्यमंत्री के साथ कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी है।

वहीं, भाजपा के कुछ कार्यकर्ता जो इतने सालों से इन लोगों के साथ लड़ाई लड़ रहे थे, इन लोगों का साथ नहीं देंगे, इसलिए इन नेताओं में अगर जरा सा भी ईमान बचा है तो स्वयं ही चुनाव मैदान से हट जाएं।

# ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में कैबिनेट मंत्री के सामने उग्र हुए पार्टी कार्यकर्ता

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

बड़सर विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर आयोजित ब्लॉक कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक शुरू होने से पहले ही कार्यकर्ता उग्र दिखाई दिए। जिन्होंने बैठक में कांग्रेस के पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के खिलाफ जमकर गुबार निकाला और नारेबाजी भी की।

बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस बड़सर की बैठक गीता पैलेस मैहरे में आयोजित की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बैठक में उग्र कार्यकर्ताओं को शांत करवाया, उसके बाद उपचुनावों को लेकर चर्चा की गई। हालांकि इससे पहले दो बार आयोजित बैठक में भी कार्यकर्ता ने जमकर हंगामा किया था।


ब्लॉक कांग्रेस बड़सर की बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता व मुख्यातिथि राजेश धर्माणी।

**पूर्व विधायक के खिलाफ जमकर निकाला गुबार**

राजेश धर्माणी ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा व उपचुनावों को एकजुट होकर कांग्रेस की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्य करें। कांग्रेस संगठन की बैठक में पूर्व विधायक मनजीत सिंह डोगरा, कांग्रेस प्रदेश सचिव कृष्ण कुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

# 'कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल नेताओं का होगा स्वागत'

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिला में तीन अलग-अलग स्थानों पर वीरवार को अलग तरह की जांच-परख होगी। कांग्रेस से बागी होकर भाजपा में शामिल हुए और अब तीन में से दो नेताओं को पार्टी टिकट देने के बाद इनका स्वागत समारोह आयोजित हो रहा है। बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में उनके कार्यक्रम हो रहे हैं। मंडल भाजपा उनके स्वागत की तैयारी में जुटी हुई है। हालांकि अभी खुलकर बगावत तो नहीं हो रही है, लेकिन सुजानपुर में चुनाव लड़ने का ऐलान पूर्व में पार्टी प्रत्याशी रहे रंजीत ठाकुर कर चुके हैं। देखना यही है कि स्वागत और अभिनंदन समारोह के बहाने जिला में भाजपा की राजनीति किस करवट बैठेगी। पार्टी के पदाधिकारी या वर्कर इसमें किस स्तर पर हिस्सा लेंगे। इस पर भी नजर रहेगी।

**हमीरपुर में छह अप्रैल को बड़ा कार्यक्रम**

**चुनाव के लिए बनेगी समन्वय कमेटी**

छह अप्रैल को हमीरपुर जिला मुख्यालय पर भाजपा बड़ा कार्यक्रम आयोजित करेगी, इसमें केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के अलावा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल और अन्य कई प्रमुख नेता शिरकत करेंगे। उधर, भाजपा ने हमीरपुर जिला के तीनों उपचुनावों के लिए एक समन्वय समिति बनाने का भी ऐलान किया है। इसके सदस्य कौन-कौन होंगे? इसकी घोषणा वीरवार को की जाएगी।

# राजेंद्र वर्मा बोले-चुनावों के लिए कांग्रेस पूरी तरह एकजुट


मुख्यमंत्री सुक्खू से शिष्टाचार भेंट करते राजेंद्र वर्मा।

**सुजानपुर।** सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा शिमला में मुख्यमंत्री सुक्खू से मिले। राजेंद्र वर्मा को सुजानपुर ब्लॉक कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। राजेंद्र वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के साथ उन्होंने सुजानपुर कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ मीटिंग की। उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा तथा लोकसभा चुनाव के लिए सुजानपुर कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जिस भी प्रत्याशी को टिकट मिलेगा, उसके समर्थन में सुजानपुर कांग्रेस कार्य करेगी।

### तकनीकी विश्वविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 28 मार्च से शुरू होने जा रही है। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता 30 मार्च तक गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में आयोजित की जाएगी। अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव ने कहा कि प्रतियोगिता का शुभारंभ कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान करेंगे। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में तकनीकी विश्वविद्यालय से संबंधित सरकारी व निजी इंजीनियरिंग, फार्मेसी और मैनेजमेंट के शिक्षण संस्थानों के प्रतिभागी भाग लेंगे।

### करियर प्वाइंट की टीम ने डीएसटी टेक सम्मेलन में लिया भाग

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के डीएसटी टीईसी समन्वयक डॉ. कुलदीप कुमार के नेतृत्व में डीएसटी द्वारा आयोजित टेक सम्मेलन में भाग लिया। यह सम्मेलन डीएसटी के टीटीआई डिविजन द्वारा डेलनेट नई दिल्ली में आयोजित किया गया था। कॉन्क्लेव ने ज्ञान के आदान-प्रदान, साझेदारी को बढ़ावा देने और टीईसी के प्रयासों से प्रेरित महत्वपूर्ण परिवर्तन को प्रदर्शित करने के लिए एक ऊर्जावान मंच के रूप में कार्य किया। डीएसटी के समर्थन से, 22 टेक भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी सफलताओं की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सीपीयू टेक हिमाचल प्रदेश और उसके बाहर नवाचार और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए पहल कर रहा है।

# 'सजन राजी हो जावे...पर सरताज ने लूटी वाहवाही



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

राष्ट्र स्तरीय सुजानपुर होली मेले की चौथी और अंतिम सांस्कृतिक संध्या में पंजाब के मशहूर सूफी गायक सतिंद्र सरताज ने एक से बढ़कर एक दमदार गानों की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने पंजाबी गीतों से ऐसा समां बांधा कि दर्शक दीर्घा के साथ-साथ मुख्यातिथि दीर्घा में बैठे तमाम लोगों को नाचने पर मजबूर कर दिया।

मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में दर्शकों की भारी भीड़ देखने को मिली। यही कारण है कि शाम पांच बजे से ही पंडाल स्थल पर लगाई गई कुर्सियां भरना शुरू हो गई थीं।

**आखिरी सांस्कृतिक संध्या में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग रहे मुख्यातिथि**


पुलिस विभाग एवं उच्चाधिकारियों को लोगों को बिठाने में भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। स्टार कलाकार सतिंद्र सरताज ने जैसे ही मंच संभाला। उन्होंने अपना पसंदीदा गाना जो हिमाचल की वादियों पर बनाया गया है उसे गाते हुए खूब वाहवाही लूटी। उसके बाद उन्होंने सजन राजी हो जावे, दिल मार द उडारियां, रुतबा सहित अनेक गाने गाकर लोगों का खूब मनोरंजन किया।

स्टार नाइट में मुख्य आकर्षण हार्मनी ऑफ पाइनस ग्रुप द्वारा दी दमदार प्रस्तुतियां रहीं। उन्होंने गानों की ऐसी झड़ियां लगाईं की हर कोई नाचने और गाने पर मजबूर हो गया। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यातिथि मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग का जिला प्रशासन की ओर से उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, मेला एवं उपमंडल अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा, पुलिस अधीक्षक पदम चंद सहित तमाम अधिकारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत हुई वहीं, मुख्यातिथि ने लोगों को इस होली मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के शुरुआत में हिमाचली एवं पहाड़ी गायकों ने भी खूब समां बांधा।


राष्ट्र स्तरीय होली मेले में पंजाबी गायक सतिंद्र सरताज अपनी प्रस्तुति देते हुए।

## राज राजेश्वरी कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# शॉटपुट में डीएलएड का रिषभ प्रथम



राज राजेश्वरी कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ पर खिलाड़ी व स्टाफ के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राज राजेश्वरी कॉलेज शिक्षा महाविद्यालय भोटा में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रबंधन कमेटी के सचिव कुलबीर सिंह ठाकुर ने इस समारोह का उद्घाटन किया।

प्रथम दिन क्रिकेट मैच, वॉलीबाल, बैडमिंटन, स्पून व लेमन, हाई जंप, जलेबी रेस, 100 व 200 मीटर रेस, थ्री लेग रेस व शॉटपुट आदि गतिविधियां करवाई गईं।

शॉटपुट में डीएलएड के रिषभ ने प्रथम स्थान व बीएड के सूर्यांश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. राज कुमार धीमान ने बच्चों का मनोबल बढ़ाया व खेलकूद का जीवन में क्या महत्व है, के बारे में भी बताया। इस अवसर पर बीएड, डीएलएड के प्रशिक्षु अध्यापक तथा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# हर गतिविधि में सहभागी बने स्टूडेंट्स : प्रो. शशि कुमार


कुलपति प्रो. शशि कुमार स्टूडेंट्स को सम्मानित करने के बाद सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

सभी स्टूडेंट्स को किसी न किसी गतिविधि में सहभागी होना चाहिए, इससे स्टूडेंट्स में नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। यह बात हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कही।

कुलपति ने कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग ने शुक्रवार को बाइट बैटल कार्यक्रम के विजेता प्रतिभागियों और उड़ीसा के भ्रमण से आए चार स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आशु भाषण के विजेता बीटेक के विकास, एमसीए के साहिल शर्मा और बीटेक के साजिद, मॉडल मेकिंग के बीटेक के अभय, अनिकेत और राघव की टीम, बीटेक का पारस, बीटेक के क्षितिज और नितिन की टीम, प्रश्नोतरी में बीटेक की मेघना, नितिन और क्षितिज की टीम, बीटेक की दीपाली, सिमरन, आकांक्षा की टीम और बीटेक के पवन, अभिनंदन और अखिल की टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. जयदेव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**बैठक** हमीरपुर में मनीष गर्ग ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चुनाव तैयारियों की समीक्षा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जिले के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आगामी चुनाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियों एवं प्रबंधों के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के विभिन्न ऐप्स का भी व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। ये ऐप्स उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और आम मतदाताओं के अलावा निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए भी काफी सुविधाजनक साबित हो सकते हैं। उन्होंने आगामी लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए बुधवार को यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ-साथ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी ऐप्स का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि उन्हें भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत करवाया जा सके।



चुनावों से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग।

मनीष गर्ग ने कहा कि जिला में आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना के लिए सभी टीमें हर समय सक्रिय रहनी चाहिए और फील्ड में उड़नदस्तों की नियमित रूप से मूवमेंट हो। उन्होंने जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में तैनात विभिन्न टीमों की ताजा स्थिति की जानकारी भी ली। गर्ग ने मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रतिशतता में बढ़ोतरी की संभावनाओं और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। सर्विस वोटर्स, दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान के संबंध में भी उन्होंने दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने जिला में मतदान की प्रतिशतता बढ़ाने के लिए 'स्वीप' कार्यक्रम के तहत व्यापक स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से फोकस किया जाना चाहिए। इसके लिए आयोग द्वारा आरंभ किए गए मिशन-414 और '22 गोइंग टू 72' अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें।

बैठक में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने चुनाव की तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। एसपी पदम चंद ने सुरक्षा प्रबंधों से अवगत करवाया। जिला के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक के बाद मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आम मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया। इसके पश्चात उन्होंने बॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के परिसर में प्रस्तावित मतगणना केंद्रों एवं ईवीएम स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने झनियारा स्थित ईवीएम वेयरहाउस में सुजानपुर और बड़सर विधानसभा उपचुनाव के लिए ईवीएम की फर्स्ट लेवल चेकिंग प्रक्रिया का निरीक्षण भी किया।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने काउंटिंग हाल और पोलिंग बूथ का किया निरीक्षण

**सुजानपुर।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सुजानपुर में काउंटिंग हाल, स्ट्रांग रूम और पोलिंग बूथ का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ डीसी हमीरपुर अमरजीत सिंह, एसपी हमीरपुर पदम चंद, एसडीएम सुजानपुर रोहित शर्मा सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनावी प्रक्रिया बारे जानकारी दी।

# मानव के लिए जीते हैं जीव-जंतु और पेड़-पौधे


**विशेष वार्ता में बोले पर्यावरण विद डॉक्टर कमल के प्यासा**

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

दुनिया में मानव जाति सबसे श्रेष्ठ है, लेकिन मनुष्य बड़ा स्वार्थी है, अपने स्वार्थ के लिए जीव जंतुओं और पेड़-पौधों को काट देता है, परंतु जीव-जंतु और पेड़-पौधे मनुष्य पर बड़ा परोपकार करते हैं। यह बात डॉक्टर कमल के प्यासा ने अनंत ज्ञान के साथ विशेष वार्ता में कही।

बता दें कि अविभाजित भारत में जन्मे तत्पश्चात दिल्ली होते हुए मंडी में सेटल हुए डॉक्टर कमल के प्यासा की शिक्षा दीक्षा मंडी, शिमला व राजस्थान में हुई है। शिक्षा पूरी करने के पश्चात शिक्षा विभाग में ही लगभग 33 साल तक विज्ञान अध्यापक के रूप में सेवाएं दी। पदोन्नति के बाद प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. प्यासा के पास कई उपलब्धियां हैं। लोग उन्हें पर्यावरण विद, इतिहासकार, जीव जंतु प्रेमी, साहित्यकार और पुरातत्व विद के रूप में जानते हैं। उनकी ढेरों विशेषताएं लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं। वे इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के स्थानीय अध्ययन केंद्र में कंसल्टेंट भी हैं। पर्यावरण व जीव जंतु कल्याण के बारे में उनका कहना है कि पेड़-पौधे व पशु कुछ भी बोल नहीं पाते हैं, इसलिए इन्हें भी प्रेम की आवश्यकता होती है। मेरे लगाव का बड़ा कारण उनका निश्छल होना है। डॉक्टर प्यासा का कहना है कि जीव-जंतु कल्याण का उन्होंने प्रशिक्षण भी लिया है, जबकि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी बचपन से ही प्रयासरत रहे हैं। जहां भी शिक्षण संस्थानों में कार्यरत रहे वहां पर खुद पौधरोपण करके उनका पालन पोषण करते आए हैं। (अनंत ज्ञान)

### मंडी में होना चाहिए संग्रहालय



डॉ. कमल के प्यासा

विशेष बातचीत

डॉ. कमल के प्यासा ने अनंत ज्ञान कार्यालय में विशेष साक्षात्कार के दौरान बताया कि पुराने सिक्कों के संग्रह का भी शौक रखते हैं। उनके पास बहुत से पुराने सिक्के एकत्र किए हुए हैं। वह टिकट संग्रहण भी करते थे, लेकिन उनका रखरखाव उचित न होने के कारण बाद में उन्हें यह कार्य छोड़ना पड़ा। डॉक्टर प्यासा का मानना है कि मंडी शहर में ऐसे पुरातात्विक महत्व की वस्तुओं के लिए एक संग्रहालय का होना अति आवश्यक है।

### बेसहारा पशुओं के लिए भी कर रहे काम

डॉक्टर कमल प्यासा के अनुसार अब भी वे इग्नू के मार्फत बहुत से युवाओं को शिक्षण के क्षेत्र में आगे ले जा रहे हैं, जबकि अनेक स्थानों पर बेसहारा पशुओं के लिए आश्रय बने गोसदन या दूसरे संस्थानों में जाकर निरीक्षण कर निर्धारित मानदंडों के अनुसार सवाल जवाब करते हैं। डॉ. प्यासा साहित्यकार भी हैं। इन्होंने इस क्षेत्र में बड़ी महारत हासिल की है। वह लगभग साहित्य की सभी विधाओं में लिखते हैं। समाचार पत्रों, पत्रिकाओं तथा पुस्तकों के रूप में उनकी कई प्रकार की रचनाएं अब तक प्रकाशित हुई हैं।

# स्थानीय कलाकारों ने दिए ऑडिशन

**लघु शिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में लेंगे भाग**

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर मेले की सांस्कृतिक संध्या के लिए ऑडिशन देते कलाकार।

पहली से पांच अप्रैल तक आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में भाग लेने के लिए बुधवार को जोगिंद्रनगर उपमंडल से संबंध रखने वाले स्थानीय कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया।

इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से स्थानीय कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने का मौका दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि ऑडिशन के लिए दो दिन निर्धारित किए गए हैं। 28 मार्च को भी यह ऑडिशन लिए जाएंगे जिसमें मंडी जिला सहित प्रदेश के अन्य जिलों के कलाकार भाग ले सकते हैं। ऑडिशन लेने वालों में तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा, सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल, डीएवी स्कूल के संगीत अध्यापक प्रकाश भट्ट, बीपीएस स्कूल के संगीत अध्यापक तिलक शर्मा, लोक गायक मनोहर लाल शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सोहर के छात्रों ने श्रमदान किया

**मंडी।** राजकीय उच्च पाठशाला सोहर में मुख्य अध्यापिका रेणु लता और आपदा प्रबंधन प्रभारी रोशन चौहान, सह प्रभारी हेमराज की अध्यक्षता में दसवीं व नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से श्रमदान किया। इसमें पाठशाला की फॉरेस्ट बाड़ जो कि बारिश के कारण जर्जर हालत में थी, उसमें स्थानीय संसाधनों से पत्थर और मिट्टी से डंगा लगाकर दुरुस्त किया गया। साथ ही ईको क्लब प्रभारी रीमा चंदेल और सह प्रभारी पूरन चंद, अरुण धीमान की देखरेख में नए पौधे रोपित कर इस माध्यम से पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया। स्पोर्ट्स इंचार्ज सुषमा कुमारी और सह प्रभारी सुभाष की देखरेख में फील्ड्स मार्क की गई और खेलों के बारे में विद्यार्थियों को प्रेरित किया। स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष जगदीश चंद ने और स्थानीय नागरिकों ने स्कूल के कार्यों को सराहा। मुख्याध्यापिका रेणु लता ने कहा कि भविष्य में इस तरह की कार्यशाला का आयोजन समय समय पर होता रहेगा। उन्होंने स्थानीय वाशिंदों और स्टाफ टीम का भी धन्यवाद किया। श्रमदान करने वालों में सावित्री देवी, चंचला ठाकुर, सरस्वती ठाकुर विद्यार्थी शिवांश ठाकुर, करीना ठाकुर, सारिका, रिद्धिमा शर्मा, सुहानी देवी, सुनिधि ठाकुर, लक्ष्य ठाकुर, कर्ण वर्मा, कृष ठाकुर, सुमित शामिल रहे।

### पधर में नौनिहालों ने किया योग



द्रंग के नौनिहालों को सम्मानित करती बीईईओ लक्ष्मी देवी।

**मंडी।** शिक्षा खंड सदर-दो द्वारा पधर में पहली शिक्षक मां को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला द्रंग के तहत आने वाली विभिन्न पाठशालाओं के प्री-प्राइमरी कक्षा के नौनिहालों ने हिस्सा लिया। इस दौरान नौनिहालों ने योगा व देव संस्कृति से संबंधित कार्यक्रम पेश कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी देवी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और कहा कि बच्चों की शिक्षा में मां का अहम योगदान है, जिसके चलते सरकार द्वारा पहली शिक्षक मां कार्यक्रम शुरू किया है।

### पात्र छात्रों को वोटर लिस्ट में नामांकित करें



**गोहर।** सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट द्वारा नाचन विधानसभा क्षेत्र के सरकारी व निजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गवर्नमेंट व निजी कॉलेज, आईटीआई के अधिकारियों व नोडल ऑफिसर को आगामी लोकसभा चुनाव के तहत छूटे हुए मतदाताओं का विशेष नामांकन अभियान 'जे 18 रा हुई गईरा हॉऊ, ता फेरी वोट कि नी पांऊ' प्रारंभ किया गया है। एसडीएम गोहर ने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र व छात्राएं जिनकी आयु 18 वर्ष है या 1 अप्रैल, 2024 को या उससे पहले 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले हैं, को मतदाता सूची में दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वे आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदान करने के लिए पात्र हो सकें। एसडीएम ने संस्थानों को अपने चुनावी साक्षरता क्लब (ईएलसी) को सक्रिय करने और छात्रों की पहचान करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में यदि कोई ऐसा विद्यार्थी पाया जाता है जिसका नाम दर्ज न हो, उन्हें संबंधित बीएलओ की मदद से एनवीएसपी, मतदाता हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता सूची में नामांकित करें।

### लोंगनी स्कूल में निशुल्क क्रैश कोर्स शुरू



डॉक्टर ओपी बच्चों के साथ सामूहिक चित्र में।

**सरकाघाट।** चंडीगढ़ के प्रसिद्ध शिक्षाविद डॉक्टर ओपी सिंह द्वारा नीट 2024 का पेपर जो पांच मई को होने जा रहा है उसके लिए गरीब और सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को काबिल बनने के लिए निशुल्क क्रैश कोर्स का आयोजन बुधवार से शुरू किया है। निशुल्क क्रैश कोर्स धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लोंगनी से शुरू किया। इस कोर्स का उद्देश्य गांवों के बच्चों को नीट की तैयारी में मदद करना है। उन्होंने बताया कि यह कोर्स लोंगनी, घरवासडा, धर्मपुर, बरोटी, टिहरा, चोल्थरा, मढ़ी, सिद्धपुर, तनहेड, कमलाह,स्योह और मंडप के बच्चों के लिए उपलब्ध होगा। इस कोर्स में हर रोज साढ़े चार घंटे की ऑनलाइन प्रोजेक्टर के माध्यम से टीचर की देख रेख में क्लासेस होंगी और हर संडे मॉक टेस्ट लिया जाएगा। यह कोर्स उन बच्चों के लिए विशेष रूप से आयोजित किया जा रहा है जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और परीक्षा की तैयारी के लिए संसाधनों की कमी का सामना कर रहे हैं।

### पांगणा स्कूल में मिलेट का महत्व बताया

**करसोग।** पुराना अन्न मनुष्य का हित साधक तो है ही साथ ही स्वास्थ्य बढ़ाने में भी सहायक है। लगभग 5000 वर्ष पुराने अन्न मिलेट का चिकित्सा शास्त्र भी अद्भुत है। यह बात पद्मश्री नेकराम शर्मा ने पांगणा स्कूल में आयोजित पुराने अन्न पर सेमिनार में कही। उन्होंने कहा कि कोदरा मधुमेह नियंत्रण, यकृत (गुर्दों) और मूत्राशय के लिए लाभकारी है। ज्वार, बाजरा और रागी जैसे मोटे अनाज प्रोटीन, फाइबर, विटामिन और आयरन जैसे मिनरल तत्वों से भरपूर होते हैं, वहीं ये अनाज ग्लूटन-फ्री सुपरफूड्स के तौर पर जाने जाते हैं जो डाइबिटीज को कंट्रोल करने में काफी मदद करते हैं। आज पुराने अन्न के संबंध में लोगों को अधिक जानकारी नहीं है। लुप्त होते पुराने अन्न मिलेट का उत्पादन बढ़े ताकि देश मिलेट खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त कर प्रमुख निर्यातक बनने का सपना साकार कर सके। सभी स्वस्थ हो, सभी निरोगी हो इस तरह से मिलेट कृषि प्रधान देश होने का संकल्प पूरा कर सके। प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि करसोग के दूरदराज स्थित नांज गांव के नेकराम शर्मा को पद्मश्री मिलना हम सब के लिए गौरव का विषय है। आज हम इनको सम्मानित करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

# कंगना के खिलाफ अभद्र टिप्पणी पर उग्र हुई भाजपा

## जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के खिलाफ किया प्रदर्शन, रोष रैली निकाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



कांग्रेस के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और अन्य।

फिल्म अभिनेत्री एवं मंडी संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के खिलाफ कांग्रेस नेत्री सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया हैंडल से की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपा ने मंडी जिला मुख्यालय पर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और शहर में एक रोष रैली निकाली। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर विशेष रूप से मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि महिलाओं का अपमान करने वाली कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर से यह साबित कर दिया है कि वे कभी नारी शक्ति का सम्मान नहीं कर सकते। आज कंगना रनौत ने अभिनय के क्षेत्र में कामयाबी के झंडे गाड़ने के बाद राजनीति में कदम रखा, तो कांग्रेसियों में बौखलाहट पैदा हो गई है। यह वही कांग्रेस है जिनके रहते प्रदेश में गुड़िया हत्याकांड हो गया और वे कुछ नहीं कर पाए।

नैना साहनी का कांड भी इसी कांग्रेस के शासन में हुआ है, लेकिन मंडी की बेटी का जिस तरह से अपमान करने की कोशिश की गई है उसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मंडी की बेटी के अपमान का बदला न सिर्फ मंडी बल्कि पूरे प्रदेश और देश की जनता लेगी। जयराम ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस नेत्री यह कह रही हैं कि उनके सोशल मीडिया अकाउंट का एक्सेस बहुत से लोगों के पास है। यदि ऐसा है तो जिसने यह पोस्ट डाली उसके खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई है। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में महिला आयोग के माध्यम से चुनाव आयोग को शिकायत भेजी गई है और चुनाव आयोग से जल्द से जल्द आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

### नेता प्रतिपक्ष बोले-वार्ता से हल हो जाएगी समस्या

जयराम ठाकुर ने भाजपा से बागी हो रहे नेताओं पर कहा कि चुनावों के दौरान कुछ लोगों का नाराज होना स्वाभाविक है। ऐसे लोगों के साथ वार्ता की जा रही है और जल्द ही सभी को मना लिया जाएगा। इस मौके पर उनके साथ मंडी संसदीय क्षेत्र के प्रभारी एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत के पिता अमरदीप सिंह रनौत, भाजपा के सभी विधायक अनिल शर्मा, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, राकेश जम्वाल, सुरेंद्र शौरी, इंद्र सिंह गांधी, प्रकाश राणा, दीप राज, पूर्ण चंद, जिलाध्यक्ष मंडी निहाल चंद शर्मा, जिलाध्यक्ष सुंदरनगर पूर्व विधायक हीरा लाल, प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य सहित वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कांग्रेस अनुसूचित विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ने भाजपा पर कसा तंज**

# जिन्होंने सरकार को तोड़ना चाहा अब उनका स्वयं का घर लगा टूटने



मुख्यमंत्री को गुर्ज भेंट करते ब्रह्मदास चौहान और कांग्रेस नेता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि जिस तरह कांग्रेस पार्टी के विधायकों को तोड़कर भाजपा ने सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की है अब उनका स्वयं का घर टूटने लगा है।

उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस के बागी विधायकों को भाजपा ने उपचुनाव के लिए टिकट दिया है, तबसे भाजपा में अंतर्कलह के साथ फूट पड़ गई है, क्योंकि भाजपा ने निष्ठावान कार्यकर्ताओं का अपमान किया है। सत्ता की भूख के कारण भाजपा ने प्रदेश को उपचुनाव की ओर धकेल दिया है।

लोकतंत्र में खरीद फरोख्त की राजनीति को कोई स्थान नहीं है, प्रदेश की जनता सब कुछ जानती है और समय आने पर उचित उतर भी देगी। भाजपा को उसकी करनी का कुफल लोकसभा चुनाव में मिलने वाला है। चौहान ने कहा कि कांग्रेस चारों लोकसभा सीट और छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी जीतेगी, क्योंकि प्रदेश की जनता भावनात्मक नहीं उसूलों पर चलती है। चौहान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को जन्मदिन पर गुर्ज भेंट किया।

### अधिकारियों को जेंडर बजटिंग की जानकारी दी

**मंडी।** महिला एवं बाल विकास निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा जेंडर बजटिंग पर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन बुधवार को मंडी और लाहौल-स्पीति जिलों से आए तकनीकी शिक्षा, होमगार्ड, अग्निशमन, एचपी कौशल विकास निगम, एचआरटीसी, हिम ऊर्जा, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, डीआरडीए, डीटीओ टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, सैनिक कल्याण, कृषि, जल शक्ति, उद्योग, पीडब्ल्यूडी, पुलिस, खाद्य और नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य, भाषा और संस्कृति, पंचायतीराज, उच्च शिक्षा, प्रारंभिक शिक्षा और आयुष विभाग के अधिकारियों को जेंडर बजटिंग पर जागरूक किया गया। तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला का आयोजन सीसीडीयू, राज्य प्रशिक्षण केंद्र ढांगसीधार मंडी में किया जा रहा है। कार्यशाला के अंतिम दिन 28 मार्च को गैर राजनीतिक दलों और एनजीओ के प्रतिनिधियों को जेंडर बजटिंग बारे बताया जाएगा।

### प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करना आत्मनिर्भरता की ओर पहला कदम

**मंडी।** प्रति उपकुलपति प्रो. अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को एसपीयू मंडी के सभी वैधानिक अधिकारियों, डीन, विभिन्न विभागों के एचओडी, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार की एक बैठक रानी लक्ष्मीबाई भवन के कॉन्फ्रेंस हॉल में एसपीयू मंडी और इसके संबद्ध कॉलेजों में शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 छात्रों के प्रवेश के संबंध में आयोजित की गई। प्रो. अनुपमा सिंह ने बताया कि चर्चा के बाद सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि एसपीयू मंडी इस बार बीएड सहित सभी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए एसपीयू मंडी और अन्य सभी संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। अनुपमा सिंह के अनुसार प्रवेश परीक्षा आयोजित करना एसपीयू का आत्मनिर्भरता की दिशा में पहला कदम होगा। बैठक में प्रवेश परीक्षाओं के सुचारू संचालन के लिए ई. सुनील वर्मा की अध्यक्षता में एक सेल/समिति का गठन किया गया। इस समिति में परीक्षा नियंत्रक के अतिरिक्त विभिन्न डीन, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार सुपरिंटेंडेंट और सीनियर असिस्टेंट को शामिल किया गया है, जो एसपीयू मंडी कैंपस और इसके संबद्ध कॉलेजों में प्रवेश परीक्षा और एडमिशन के संचालन से संबंधित सभी निर्णय लेगी। ई. सुनील वर्मा, परीक्षा नियंत्रक, प्रो. राजेश शर्मा, डीन सीडीसी, डॉ. पवन कुमार चंद, डीन छात्र कल्याण, डॉ. सुनील ठाकुर, डीन प्लानिंग, डॉ. राकेश शर्मा, एचओडी हिस्ट्री, डॉ. योगेश शर्मा डिप्टी रजिस्ट्रार व अन्य अधिकारियों ने बैठक में भाग लिया।

## मतदान केंद्रों के भवनों में परिवर्तन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अपूर्व देवगन ने जिला मंडी के कुछ एक मतदान केंद्रों के भवनों के क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां पर स्थित मतदान केंद्र को अन्य भवनों में स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि करसोग विधानसभा क्षेत्र के कोट कपडयास मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुजरोधार से बदलकर राजकीय उच्च पाठशाला गुजरोधार, सिराज विधानसभा क्षेत्र के लेहथाच के मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला जुहीथाच से राजकीय प्राथमिक पाठशाला जुहीथाच के नए भवन, बागी के मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला बागी भनवास से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बागी भनवान तथा खोलानाला मतदान केंद्र को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खोलानाला से पंचायत घर खोलानाला परिवर्तित किया गया है। उन्होंने बताया कि द्रंग विधानसभा क्षेत्र के देवरी मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला देवरी से पंचायत घर देवरी, मंडी सदर क्षेत्र के भरगांव मतदान केंद्र को राजकीय उच्च पाठशाला भरगांव से राजकीय प्राथमिक पाठशाला भरगांव, जंद्रोला मतदान केंद्र को राजकीय माध्यमिक पाठशाला नेरल से राजकीय प्राथमिक पाठशाला नेरन, मराथु मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला मराथु से राजकीय माध्यमिक पाठशाला मराथु तथा लोअर भगवाहन मतदान केंद्र को अधिशाषी अभियंता, परियोजना वृत्त, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद के कार्यालय से राजकीय प्राथमिक पाठशला भगवान में परिवर्तित किया गया है। बल्ह विधानसभा क्षेत्र के छजवाणा रा खाबू मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला छजवाण खाबू-1 से राजकीय उच्च पाठशाला छजवाण खाबू, हल्यातर मतदान केंद्र को राजकीय प्राथमिक पाठशाला हल्यातर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हल्यातर, भडयाल मतदान केंद्र को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घासणू से राजकीय प्राथमिक पाठशाला घासणू जबकि सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र के कलथर मतदान केंद्र को राजकीय उच्च पाठशाला कलथर से राजकीय उच्च पाठशाला कलथर के नए भवन में परिवर्तित किया गया है।

### पधर में चार को होगी मॉकड्रिल

**पधर।** पंचायत समिति भवन पधर में डिजास्टर मैनेजमेंट की तैयारी को जांचने के लिए एसडीएम पधर सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में उपमंडल पधर के विभिन्न विभागों के साथ बैठक की गई। उन्होंने कहा कि उपमंडल पधर में 1905 के कांगड़ा भूकंप की वर्षगांठ के उपलक्ष्य पर विभिन्न विभागों के साथ चार अप्रैल को भूकंप सहित किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए इसकी दक्षता की जांच के लिए मॉकड्रिल का आयोजन मिनी सचिवालय पधर और उपमंडल पधर के विभिन्न स्कूलों व शैक्षणिक स्थानों में किया जाएगा। इसमें एक कृत्रिम भूकंप दृश्य बनाया जाएगा और विभिन्न बचाव दलों को जल्दी से जल्दी निर्धारित स्थान पर पहुंचने और इमारतों के अंदर फंसे और घायल लोगों की देखभाल कैसे की जाएगी के बारे में बताया जाएगा।

**सम्मेलन** भंडारन और मार्केटिंग को सुदृढ़ करने के लिए काम करेगा एफपीओ

# संधोल में सोयाबीन की खेती बढ़ाने पर होगा काम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



बैठक में मौजूद धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा एफपीओ के पदाधिकारी व किसान।

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा एफपीओ का संधोल एरिया सम्मेलन जनता सराय में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता डॉ. मोहन लाल भरमौरिया ने की और सभा के सचिव भूपेंद्र सिंह और प्रबंधक मंडल के सदस्य सतपाल सिंह चौहान और मेहर सिंह ने इसमें बतौर मुख्यातिथि भाग लिया।

सम्मेलन में संधोल क्षेत्र में आगामी फसल सीजन में औषधीय पौधे की नर्सरी तैयार करके उनकी खेती करने तथा प्राकृतिक रूप से सोयाबीन व अन्य दालें तथा सब्जियां उगाने के लिए किसानों को जागरूक किया गया। संधोल में मक्की भंडारण व मार्केटिंग की व्यवस्था करने, सोयाबीन का पनीर, खोया, बड़ियां व अन्य सभी प्रकार के उत्पादों को तैयार करने के लिए एक लघु उद्योग भी अगले साल स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा मोटे अनाज जिसमें कोदरा व अन्य अनाजों के साथ-साथ हल्दी की पैदावार बढ़ाने के लिए क्लस्टरों में खेती की जाएगी और उसके लिए एफपीओ उत्तम किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध करवाएगा। प्रबधक मंडल के सदस्य सतपाल सिंह चौहान ने बताया कि एफपीओ ने इस वर्ष दस लाख रुपए का कारोबार किया है और अगले वित्त वर्ष में पचास लाख रुपए का लक्ष्य निर्धारित किया है। सम्मेलन में संधोल क्षेत्र की कमेटी का भी चुनाव किया गया, जिसमें कृषि वैज्ञानिक डॉ. मोहन लाल भरमोरिया को अध्यक्ष, रविंद्र कुमार मंढोत्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, निशा देवी को उपाध्यक्ष, मान सिंह सकलानी को महासचिव, तारा चंद को सचिव, किरण देवी को सह सचिव और डीआर भरमोरिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैरी पंचायत से संबंध रखने वाले प्रख्यात शिक्षाविद डॉ. ओपी और दयोल के सोहन सिंह को मुख्य सलाहकार बनाया गया और 15 सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं टायजु देवी** पुत्री श्री रूप चंद निवासी गांव भरैडा डाकघर व उप तहसील थाची जिला मंडी हि.प्र. (हाल पत्नी श्री संजीव कुमार, गांव खलवान डाकघर व उप तहसील थाची जिला मंडी हि.प्र.) यह लिखित बयान करती हूं कि मेरा नाम सभी सरकारी दस्तावेजों में टायजु देवी के रूप में दर्ज है। ग्राम पंचायत थाची के जन्म प्रमाण रजिस्टर में गलती से मेरा नाम टाईजू देवी दर्ज हो गया है जिसे मैं दुरुस्त कर टायजु देवी करवाना चाहती हूं। संबंधित नोट करें।

# गगरेट भाजपा पदाधिकारियों ने दिए इस्तीफे

## कहा- जिनके कारनामे जनता में किए उजागर, उनके समर्थन के लिए लोगों के बीच नहीं जाएंगे

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा उपचुनाव के मुहाने पर खड़े विधानसभा क्षेत्र गगरेट से कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा को भाजपा द्वारा प्रत्याशी घोषित करने के बाद गगरेट भाजपा में सियासी भूचाल आ गया है। पार्टी हाईकमान के फैसले से आक्रोशित भाजपा पदाधिकारियों ने इस्तीफों की झड़ी लगा दी है।

चैतन्य शर्मा के प्रत्याशी घोषित होने के चंद घंटों के अंदर ही कई भाजपा पदाधिकारियों ने सोशल माडिया पर अपने इस्तीफों की घोषणा कर दी है। पदाधिकारियों ने कहा कि जिनके काले कारनामों के चिट्ठे वे जनता के बीच खोलते रहे उनके समर्थन में कभी भी जनता के बीच नहीं जा सकते। अचानक घटे इस घटनाक्रम से हर कोई हतप्रभ है। बेशक मंगलवार को भाजपा विधायक रणधीर शर्मा व जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर चौधरी भाजपा मंडल के पदाधिकारियों के मिलने आए थे उस समय ही पदाधिकारियों के रोष देख लग रहा था कि कुछ नया घटने वाला है। मंगलवार सायं होते-होते कई पदाधिकारी सोशल मीडिया पर लाइव आ गए और इन पदाधिकारियों ने पार्टी हाईकमान के निर्णय का खुलकर विरोध करते हुए अपने पदों से त्याग-पत्र देने की घोषणा कर डाली। त्याग पत्र देने वालों में भाजपा मंडल महामंत्री रमन ठाकुर जानी, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष मंजीत सिंह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष हरजीत बैंस, भाजपा आईटी सैल के संयोजक अमन सांख्यान, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायत गुगलैहड़ के प्रधान उपनीश राजपूत, युवा मोर्चा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रिंस जसवाल, सह संयोजक संजीव रोमी ठाकुर, ग्राम प्रभारी अंबोटा राकेश सूद, दीपक भाटिया सिहत करीब डेढ़ दर्जन से अधिक पदाधिकारी हैं।

सूत्रों की मानें तो भाजपा के लिए गगरेट में विरोध को शांत करना नाकों चने चबाने जैसा साबित हो सकता है। विरोध में कई और पदाधिकारियों के इस्तीफे भी सामने आ सकते हैं। चैतन्य शर्मा अठाइस मार्च को विधानसभा क्षेत्र गगरेट में पहुंचेंगे और उस दिन कितने भाजपा कार्यकर्ता उनके स्वागत में पहुंचते हैं यह देखने वाली बात होगी।

### भाजपा मंडल गगरेट ने इस्तीफे किए नामंजूर

**गगरेट।** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा द्वारा कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा को गगरेट से भाजपा प्रत्याशी घोषित करने के बाद कई भाजपा पदाधिकारियों द्वारा अपने पदों से दिए गए त्याग पत्रों को भाजपा मंडल गगरेट ने अस्वीकार कर दिया है। माना जा रहा है कि प्रदेश भाजपा शीर्ष नेतृत्व के हस्तक्षेप के बाद ही यह कदम उठाया गया है। यही नहीं बल्कि भाजपा मंडल के इस निर्णय के बाद कोई भी पदाधिकारी त्याग पत्र की पेशकश के साथ आगे नहीं आया है। ऐसे में उपचुनाव से पहले गगरेट भाजपा के सिर पर छाया संकट टलता नजर आ रहा है। भाजपा मंडल गगरेट के अध्यक्ष राजीव राजू ने दावा किया कि गगरेट में भाजपा पूरी तरह से एकजुट है। सभी कार्यकर्ता वीरवार को भंजाल में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में रखे गए स्वागत समारोह में बढ़-चढ़कर शिरकत करेंगे। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर का भी यही निर्देश है कि कमल की जड़ें मजबूत करें। जिन कार्यकर्ताओं ने त्याग पत्र दिए थे उनसे संपर्क कर उन्हें समझाया जा रहा है। फिलहाल किसी भी पदाधिकारी का त्याग पत्र मंजूर नहीं किया गया है। वे पहले की भांति अपने पदों पर बने रहेंगे।

# भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो का थानाकलां में भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो का स्वागत करते उनके समर्थक।

कुटलैहड़ विस क्षेत्र से भाजपा की टिकट लेने पर पहली बार कुटलैहड़ के थानाकलां पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो का समर्थकों ने भव्य स्वागत किया। वहीं जिला पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने भाजपा प्रत्याशी एवं कुटलैहड़ के पूर्व विधायक रहे देवेंद्र कुमार भुट्टो का मुंह मीठा करवाया।

कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ के भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो भाजपा का दमदार चेहरा होने के साथ एक बड़े स्तर के समाजसेवी भी हैं। हर जगह भाजपा कार्यकर्ता गर्मजोशी से अपने नेता का स्वागत कर रहे हैं। कृष्ण पाल शर्मा ने दावा किया है कि इस बार के उपचुनाव में जितनी बढ़त हमीरपुर लोकसभा के संसद और केंद्र में मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को मिलेगी। उतनी बढ़त से कुटलैहड़ में भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो को जीत का मार्जन होगा।

इस दौरान भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ में उपचुनाव में यह मेरी जीत नहीं बल्कि कुटलैहड़ की जीत होगी। इस मौके पर वीडीसी सदस्य राज कुमार, पूर्व भाजयुमो अध्यक्ष सुमित वशिष्ठ, विकास आंगरा, कुटलैहड़ भाजपा कोषाध्यक्ष नरेश वशिष्ठ , अश्वनी कुमार, सीताराम, ललित कुमार, अजय शर्मा, होशियार सिंह, अजय बिक्की, देसराज आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटनाओं का सबब बन रहे सड़क किनारे लगे पुराने पेड़

# गगरेट में कार पर गिरी पेड़ की शाखा, छत चकनाचूर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



सिविल अस्पताल के समीप पेड़ की शाखा से क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी।

चंद्रगुप्त मौर्य के कार्यकाल में देश में शुरू हुआ सड़क निर्माण बेशक शेरशाह सूरी के कार्यकाल में पक्की सड़कों के रूप में तब्दील हुआ, लेकिन शेरशाह सूरी के समय यात्रियों के ठहराव के लिए सड़क किनारे पौधे लगाने की व्यवस्था अब तक ऐसी चली कि अब सड़क किनारे विशालकाय पेड़ वाहन चालकों के लिए भी परेशानी का सबब बने हुए हैं। इन पेड़ों की छंटाई करने का मामला इतना बड़ा मुद्दा बना कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तक पहुंच गया, जिसके बाद अब कोई भी विभाग इन्हें हाथ लगाने से भी परहेज कर रहा है ऐसे में सड़क किनारे लगे पेड़ लगातार दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं।

वीरवार को गगरेट कस्बे के दौलतपुर चौक रोड पर सिविल अस्पताल के समीप सड़क किनारे खड़ी एक कार पर आम के पेड़ की एक बड़ी शाखा अचानक टूट कर गिर गई। गनीमत यह रही कि इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन गाड़ी की छत चकनाचूर हो गई। गाड़ी के मालिक की दुविधा यह है कि वह इसका दोष किस पर मढ़े। पहले भी गगरेट गुगलैहड़ रोड पर दुर्घटनाओं का सबब बने सड़क किनारे लगे पेड़ों के चलते दुर्घटनाएं रोकने के उद्देश्य से ही सड़क किनारे लगे पेड़ों की लापिंग किसी ने करवाने की सोची तो कुछ बुद्धिजीवियों ने पर्यावरण से छेड़छाड़ की आड़ में इसे ऐसा मुद्दा बनाया कि संबंधित महकमे के मंत्री सहित उच्च अधिकारियों तक इसकी चुगली करने के साथ इस मामले को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल तक उठा दिया।

बेशक अब यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल से निरस्त हो चुका है, लेकिन इसके बाद अब कोई भी विभाग सड़क किनारे दुर्घटनाओं के सबब बन रहे इन पेड़ों को काटना तो दूर बल्कि इनकी छंटाई से भी डर रहा है। कई पेड़ तो ऐसे हैं जो उम्रदराज हैं और अब उनकी शाखाएं स्वयं ही टूट कर गिर रही हैं। ऐसे में कई वाहन चालक इनकी चपेट में आ रहे हैं। बुधवार को जिस प्रकार सिविल अस्पताल के समीप एक कार पर आम के पेड़ की शाखा अचानक टूट कर गिरी, अगर उस समय कार में कोई सवार होता तो उसकी जान मुसीबत में फंस सकती थी। क्या जिला प्रशासन सड़क किनारे लगे पेड़ों का संज्ञान लेगा जो दुर्घटनाओं के सबब बन रहे हैं। रोड सेफ्टी के लिए चिंतित जिला प्रशासन को दुर्घटनाओं का सबब बन रहे इन पेड़ों का संज्ञान लेने की भी जरूरत है।

# भंजाल स्कूल के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**



भंजाल स्कूल के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर अपने अध्यापकों व अन्य के साथ सामूहिक चित्र में।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल के वोकेशनल के टूरिज्म छात्रों ने आज शैक्षणिक भ्रमण किया, इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान उन्होंने ऊना के गुलमोहर होटल की कार्यप्रणाली की जानकारी ली। प्रिंसिपल सरला ठाकुर ने वोकेशनल के छात्रों को शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पाठशाला के वाइस प्रिंसिपल राजन शर्मा, अनु शर्मा, सुरेश ठाकुर, मुकेश सलारिया, वोकेशनल को-ऑर्डिनेटर रमनीष बंसल, अधीक्षक रजनी शर्मा, शिव शर्मा, संदीप कुमार सीमा कुमारी, शकुंतला ठाकुर सुनील ठाकुर,नरेश कंवर, मनीष ठाकुर मनोज कुमार रमेश चंदेल सुनील कुमार राजन कुमार विनोद ठाकुर अध्यापक,पठानिया स्टाफ सदस्य गण उपस्थित थे। इस अवसर पर वोकेशनल छात्रों के लंच की पूरी व्यवस्था वोकेशनल के सौजन्य में से की गई थी।

# पार्टी सर्वोपरि, हाईकमान का हर निर्णय सहर्ष स्वीकार : राजेश ठाकुर

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा सचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट में हो रहे उपचुनाव में पार्टी हाईकमान द्वारा प्रत्याशी चयन को लेकर लिए गए निर्णय को वह सहर्ष स्वीकार करते हैं। उनके लिए पार्टी सर्वोपरि है। उनके लिए पद नहीं बल्कि पार्टी श्रेष्ठ है। उनका लक्ष्य कमल खिलाना है और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनते देखना उनका सपना है। उन्होंने कहा कि वह वीरवार को भंजाल में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के नेतृत्व में रखे गए स्वागत समारोह में भी शिरकत करेंगे और कमल खिलाने के लिए दिन-रात एक करेंगे। राजेश ठाकुर ने कहा कि उन्होंने कभी सोचा भी नहीं था कि वह विधायक भी बनेंगे। वह भाजपा के एक छोटे से कार्यकर्ता थे और पार्टी ने उन्हें वहां से उठाकर विधानसभा तक पहुंचा दिया। उन्होंने अन्य पांच विधानसभा क्षेत्रों, जहां उपचुनाव हो रहे हैं वहां के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से भी आग्रह किया है कि पार्टी हाइकमान के निर्णय को सहर्ष स्वीकार करें। पार्टी ने उन्हें विधायक बनने का मौका दिया तो कई तो कैबिनेट मंत्री तक रहे। इतना मान सम्मान मिलने के बाद पार्टी से ही विद्रोह करना तर्कसंगत नहीं है।

# बंगाणा पुलिस थाना में अब तक जमा हुए 350 हथियार

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनावों तथा विधानसभा उप चुनावों के अंतर्गत जिला दंडाधिकारी जतिन लाल ने चुनाव आचार संहिता लागू होने पर समस्त आर्म्स लाइसेंस धारकों को 25 मार्च 2024तक अपने अपने हथियार नजदीक के पुलिस थाना या गन डीलरों के पास जमा करवाने के निर्देश जारी किए गए थे परंतु कुछ लोग अभी भी इसे हल्के में ले रहे हैं।

वहीं पर पुलिस थाना बंगाणा में बुधवार शाम तक लगभग 350 के करीब लोगों ने अपनी-अपनी गने जमा करवा दी है।

वहीं पुलिस थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय ने क्षेत्र के उन लाइसेंस हथियार धारकों से अपील की है कि जिन लोगों ने अभी तक अपने लाइसेंसी हथियार जमा नहीं करवाएं वह जल्द से जल्द पुलिस थाना या गन डीलरों के पास जमा करवा दें। अन्यथा जो लोग चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए पाए गए उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो सकती है। किसी को बक्शा नहीं जाएगा।

# मतदान जागरूकता के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

लोकसभा चुनाव में मतदाता सहभागिता बढ़ाने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने के मक़सद से जिला प्रशासन ऊना लगातार लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता संदेश देने में निरंतर प्रयास करने में जुटा है। इसी कड़ी में 27 मार्च को बीआरसी भवन ऊना में स्वीप कार्यक्रम के तहत माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित हुई, जिसमें स्वीप नोडल अधिकारी सुरेश कुमार शर्मा ने शिरकत की।

इस दौरान शिक्षकों को स्वीप कार्यक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा हस्ताक्षर दीवार अभियान के अंतर्गत समस्त शिक्षकों के माध्यम से पहली बार वोट डालने वाले युवा मतदाताओं को जागरूक करने की अपील की। कार्यशाला में ज़िला ऊना के सभी शिक्षकों को स्वयं निष्पक्ष होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने आसपास सभी मतदाताओं को भी शत प्रतिशत वोट डालने के लिए जागृत करने की अपील की।

इस मौकेपर ज़िला परियोजना अधिकारी ऊना राकेश अरोड़ा एवं टीचर ट्रेनिंग इंचार्ज निशी, सुधा पराशर, रिसोर्स पर्सन कविता शर्मा व कविता चौहान सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स संघ का स्थापना दिवस 29 को

**ऊना।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ का 27वां राज्य स्तरीय स्थापना दिवस समारोह तथा प्रदेश इकाई की आम बैठक 29 मार्च को ऊना जिला में धार्मिक स्थल डेरा बाबा रुद्रानंद महाराज जी आश्रम, गांव नारी, जिला ऊना में संघ के प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा की अध्यक्षता में मनाया जा रहा है, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पदाधिकारी व पेंशनर्स बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह साढ़े दस बजे होगा। इसमें पेंशनर्स की लंबित मांगों, समस्याओं और उनके समाधान पर चर्चा की जाएगी।

# स्वीप कार्यक्रम के तहत युवाओं को बताया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, ऊना**









राजकीय महाविद्यालय हरोली व खंड बंगाणा में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल प्रतिभागी।

जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान की कड़ी में बुधवार को राजकीय डिग्री कॉलेज हरोली में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें युवाओं को मतदान को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि 1 अप्रैल 2024 को 18 साल की आयु या उससे अधिक के हो रहे जिस भी युवा ने अभी अपना वोट नहीं बनवाया है उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज हो।

बता दें, वोट बनवाने के लिए 4 मई तक मतदाता सूची में पंजीकरण कराया जा सकता है। **वहीं,** नेहरू युवा केंद्र ऊना युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के सौजन्य से खंड बंगाणा में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नेहरू युवा केंद्र ऊना के जिला युवा अधिकारी प्रदीप कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिभागियों से मतदान करने का महत्व समझाया। इस कार्यक्रम में पीएनबी आरटी उन्ना के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस मौके पर पीएनबी आरसेटी के कार्यक्रम संचालक आकाश भारद्वाज, प्रधान भोली देवी सहित अन्य मौजूद रहे।

# ऊना अस्पताल में डायलिसिस के सुचारु संचालन को कमेटी गठित

**अनंत ज्ञान, ऊना**



क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में डायलिसिस सुविधा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए एक कमेटी गठित की गई है। सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय मनकोटिया की अध्यक्षता में गठित इस कमेटी में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुखदीप सिंह सिद्धू को सदस्य सचिव तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चौहान, जसविंदर सिंह, योगेश कुमार व गौरव कुमार को कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है। डॉ. वर्मा ने बताया कि उपायुक्त जतिन लाल के निर्देशानुसार गठित इस कमेटी का उद्देश्य डायलिसिस मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना है, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। सीएमओ ने बताया कि मरीजों को अभी क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में स्थापित डीसीडीसी केंद्र के माध्यम से डायलिसिस कि सुविधा उपलब्ध हो रही थी लेकिन जल्द ही मरीजों को डायलिसिस की सुविधा हंस फाउंडेशन के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी।

डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि डायलिसिस केंद्र में जब तक हंस फाउंडेशन अपने नए उपकरणों को सुचारु रूप से व्यवस्थित करेगी तब तक डायलिसिस मरीजों को ग्रेस मेगा केयर, ग्रीन एवेन्यु रक्कड़ कलोनी व नंदा अस्पताल ऊना में डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि अब तक ग्रेस मेगा केयर में लगभग 15 मरीज व नन्दा अस्पताल में 25 मरीज इस सुविधा के लिए पंजीकृत किए गए हैं। इन अस्पतालों में यह सुविधा आयुष्मान व हिमकेयर के अंतर्गत निशुल्क उपलब्ध रहेगी।

### हंस फाउंडेशन उपलब्ध कराएगी डायलिसिस सुविधा

उन्होंने कहा कि इसे लेकर किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाइन न. 88944-57225 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# नंगल जरियाला में भंडारा दो अप्रैल को

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के गांव नंगल जरियाला में दो अप्रैल मंगलवार को देहरियां जठेरियां मंदिर में मोहल्ला सगराठ, मोहल्ला चौकी, मोहल्ला मोरू पंगा व रक्कड़ के कलोता परिवार की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। देहरियां जठेरियां मंदिर के मुख्या सेवादार बलबीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह विधिवत रूप से पूजा अर्चना के बाद झंडे की रस्म अदा की जाएगी। इस अवसर पर शब्द कीर्तन का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने भंडारे में क्षेत्र के लोगो से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

# नंगल खुर्द में एक माह चलेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**



स्वास्थ्य जांच शिविर का शुभारंभ करते संस्था के सदस्य।

हरोली उपमंडल के गांव नंगल खुर्द स्थित गुरू रविदास मंदिर में समाजसेवी संस्था अनहद हेल्थ केयर द्वारा सीएमडी जसविंद्र सिंह के नेतृत्व में एक्यूप्रेशर, न्यूरोथेरेपी, फिजियोथेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ गांव के प्रधान परवीन कुमार ने किया। एक माह तक चलने वाले इस शिविर में प्रधान परवीन कुमार सहित पंचायत सचिव धर्मपाल, कुलदीप (वार्ड पंच), मोहिंदर सिंह फौजी, राकेश, नरिंद्र और अन्य सदस्य मौजूद रहे। एक्यूप्रेशर टीम के डॉक्टर नवीन सैनी, डा. सुखविंदर सिंह, डा. अनिकेत शर्मा, डा. अमनदीप और अमित कुमार ने बताया कि वे इस शिविर में एक महीने तक गांव में अपनी सेवाएं देंगे। शिविर का समय सुबह 10 बजे से सायं 4 बजे तक रहेगा।

शिविर में डिस्क, सर्वाइकल, घुटनों का दर्द, पैरालिसिस, जोड़ों का दर्द, बीपी, जैसी, सभी प्रकार की बीमारियों का निदान किया जाएगा।

**चुनाव** | उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम घोषित होते ही भाजपा में मचा कोहराम, अंतर्कलह कांग्रेस के रास्ते को बना देगी आसान

# भाजपा में सुलगी चिंगारी, अनुशासित संगठन के सामने नेताओं को एकजुट करना चुनौती

**राजेश शर्मा, ऊना**



जिले के दो विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए भाजपा के प्रत्याशियों के नाम घोषित होते ही सबसे अनुशासित संगठन में कोहराम मच गया है। कुटलैहड़ में सार्वजनिक नहीं, लेकिन अंदरखाते भाजपा के कई दिग्गज नेताओं के भीतर चिंगारी सुलग चुकी है।

उधर गगरेट में भाजपा के कई नेताओं के सार्वजनिक विरोध ने मुश्किल बढ़ा दी है। आलाकमान ने भले उप चुनाव के लिए टिकट आवंटन में मनमानी की हो, लेकिन जब खबर धरातल पर पहुंची तो ठीक वही प्रतिक्रिया देखने को मिली जिसका अनुमान लगाया जा रहा था। अब एक दो दिन के भीतर विस्फोट कहां होता है यह भी पता चल जाएगा, लेकिन भाजपा में टिकट आवंटन को लेकर मचे कोहराम को कांग्रेस चुपचाप बैठे देख रही है। सियासी उलटफेर में तस्वीर क्या होगी और छनकर बाहर क्या आएगा यह भी दो से तीन दिन के भीतर सामने आ जाएगा। हिमाचल में विधानसभा के उपचुनाव को लेकर अभी करीब दो महीने का समय है। ऐसे में भाजपा की ओर से इतने पहले ही उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा भी कहीं न कहीं कूटनीति का हिस्सा है। विरोध होना स्वाभाविक था। राजनीति के माहिरों की मानें तो ऐसे में भाजपा को डैमेज कंट्रोल करने के लिए वक्त भी चाहिए था, शायद अब वक्त भी है और माहौल को पढ़ने का समय भी है।

गगरेट में सुलगी चिंगारी भाजपा के दिल्ली दरबार में बड़ा असर भले नहीं छोड़े, लेकिन यह राज्य की सत्ता में बैठी कांग्रेस के लिए रामबाण का काम करेगी। जिस क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर कई कयास लगाए जा रहे थे, वहां भाजपा के भीतर शुरू हुई अंतर्कलह कांग्रेस के रास्ते को आसान बना देगी। इस क्षेत्र में राजेश ठाकुर, सुशील कालिया और लक्ष्मी जरियाल सरीखे नेताओं की उम्र भाजपा संगठन को मजबूत करने में चली गई। अब आलाकमान की मजबूरी यहां के स्थापित और समर्पित सिपाहियों को भले समझ आ रही हो, लेकिन वे अपनी अंतरात्मा को नहीं समझा पा रहे हैं। इसका असर भी साफ देखा गया है कि कई लोगों ने संगठन को अलविदा कहने में देर नहीं की। स्थिति और न बिगड़े इसके लिए आला कमान के निर्देश पर प्रांतीय नेतृत्व सक्रिय तो हुआ है, लेकिन उनको सफलता पूरी नहीं मिल पा रही है। गगरेट में भाजपा के लिए टिकट की घोषणा के बाद माहौल को काबू करना बड़ी चुनौती हो गई है।

गगरेट में 28 मार्च को चैतन्य शर्मा की एंट्री भी होने जा रही है, लेकिन इस एंट्री से पूर्व क्षेत्र में मचे सियासी तूफान को रोकना भाजपा के लिए बहरहाल आसान प्रतीत नहीं हो पा रहा है। उधर कुटलैहड़ में भाजपा से नई पारी की शुरुआत कर रहे देवेंद्र भुट्टो की क्षेत्र में जबरदस्त एंट्री हो चुकी है। उनका कुटलैहड़ भाजपा में पुराने रिश्ते भी काम आए हैं। भाजपा का एक ऐसा कुनबा जो पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रामदास मलांगड़ के समय का था वह भुट्टो के समर्थन में देखा गया। समूरकलां की रैली में उस कुनबे के बहुत हिमायती पहुंचे हुए थे। अब मंशा क्या थी भले यह पता नहीं है, लेकिन इस रैली से ठीक चंद मिनट पहले टिकट की घोषणा ने कई संभावित उम्मीदवार नेताओं के सपनों को चूर कर दिया। यहां बलराम बबलू, कृष्ण पाल, राजेंद्र मलांगड़ आदि नेता पहुंचे हुए थे। एक शिक्षक नेता का नाम भी यहां टिकट के दावेदारों में उछला था, लेकिन टिकट भुट्टो के खाते में आते ही सभी नामों पर विराम लग गया। (अनंत ज्ञान)

### वीरेंद्र कंवर का समर्थन लेना प्रत्याशी के लिए बड़ी चुनौती

**सबसे** बड़ी बात कुटलैहड़ से भाजपा के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को नजरंदाज करना, उनका समर्थन लेना भाजपा के नए प्रत्याशी के लिए सबसे बड़ी चुनौती रहेगी। करीब दो दशक तक इस क्षेत्र में भाजपा से जुड़े रहे वीरेंद्र कंवर के अलावा स्थानीय भाजपा संगठन से जुड़े कई लोग भाजपा की समूरकलां में हुई जनसभा से दूर रहे। कुल मिलाकर यह भी उनकी नाराजगी प्रकट करने का अपरोक्ष तरीका था। ऐसे में नाराज भाजपा नेता कुटलैहड़ में कांग्रेस की ओर से चौदह महीने पहले स्थानीय नेताओं पर निशाना साधते रहे नेता से मनभेद भुला पाएंगे यह सहज नहीं है।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा**

मिसल नं. 968/तह/2023
ता.दा. 16-12-23
ता.पेशी

**अनुमान मुकदमा**

श्री समीर डोगरा पुत्र श्री शक्ति चंद महाल पल्ली मौजा रौंखर तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा।

**प्राथी पक्ष**

**आम जनता बनाम प्रत्याक्षी पक्ष**

**विषय :** प्रार्थना पत्र भू-राजस्व अधिनियम 1954 की जेर धारा 37 के अंतर्गत राजस्व रिकार्ड में नाम दरुस्ती करने बारे।

**अखबारी ईश्तहार**

प्रार्थना पत्र श्री समीर डोगरा पुत्र शक्ति चंद, महाल पल्ली मौजा रौंखर तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा हि.प्र. ने अधोहस्ताक्षरी के समक्ष उपस्थित होकर आवेदन किया है कि महाल पल्ली मौजा रौंखर, पटवार वृत रौंखर के राजस्व रिकार्ड में मेरा नाम सुमेर सिंह पुत्र शक्ति चंद दर्ज है जो कि गलत है। दरुस्ती की जाए सही नाम समीर डोगरा पुत्र शक्ति चंद है, दर्ज किया जाए।

अत: इस अदालती नोटिस अखबारी ईश्तहार द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता हैं कि यदि किसी को भी इस नाम दुरस्ती करने बारे कोई एतराज हो तो वह असालतन या वकालतन एतराज दिनांक 27-04-2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अम्ल में लाई जाएगी। और नियमानुसार नाम दरुस्ती के आदेश पारित कर दिए जाएगें।

आज दिनांक 26-03-2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी**
**तहसील नगरोटा बगवां**
**जिला कांगड़ा ( हि.प्र. )**

> **सफलता** अंतिम नहीं है, असफलता घातक नहीं है। यह जारी रखने का साहस है, जो मायने रखता है।
> –विंस्टन चर्चिल

## संपादकीय

# छींटाकशी से लोकसभा चुनाव में गहमागहमी

छींटाकशी से लोकसभा चुनाव का माहौल गहमागहमी भरा हो गया है। अभी तो चुनाव की शुरुआत ही हुई है, आगे-आगे देखिए होता क्या है। जब से भाजपा ने हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा सीट से बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत को पार्टी टिकट दिया है, तब से कांग्रेस नेताओं की सांसें फूल गई हैं। कंगना पर कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने इंस्टग्राम पर एक ऐसी आपत्तिजनक पोस्ट डाली, जिसकी वजह से विवाद पैदा हो गया। एक तरफ जहां सुप्रिया श्रीनेत ने सफाई दे दी है, तो वहीं दूसरी तरफ भाजपा अब कार्रवाई की मांग कर रही है। इस मामले में महिला आयोग को सबसे पहले सुप्रिया श्रीनेत से सवाल करने चाहिए थे। उनके जवाब के आधार पर ही आगामी कार्रवाई करनी चाहिए थी। मंडी सीट से भाजपा के जो उम्मीदवार रहे हैं, वे राजघराने से रहे हैं। उन्होंने भी कई सवाल उठाए हैं। सिटिंग सांसद का सवाल है कि उन्होंने चार बार लोकसभा और एक बार राज्यसभा का प्रतिनिधित्व किया है। उनके रहते क्यों कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया गया।

पार्टी में रहते हुए इस तरह की चीजें होने पर किसी के मन में यह प्रश्न हो सकता है, लेकिन इस पर कोई बात नहीं कर रहा, क्योंकि वह पार्टी के प्रत्याशी का मामला है। एक ऐसा कमेंट जिसका कोई वजूद है या नहीं, उसको लेकर राजनीति की जा रही है। इस तरह की राजनीति जनतंत्र में करना सही नहीं है। निश्चित रूप से यह न तो राजनीतिक पार्टियों के लिए अच्छी बात है और न ही जनता और समाज के लिए। इन सब चीजों से समाज में एक कटुता पैदा होती है, जिससे सभी को बचना चाहिए। राजनीतिक पार्टियों को संयम से काम लेना चाहिए। ऐसे आरोप-प्रत्यारोप से बचना चाहिए, जहां आरोप की गुंजाइश न हो। अगर कोई चुभने वाली बात किसी के बारे में कहता है और बाद में अपनी गलती मानकर माफी मांग लेता है, तो उस बात को वहीं पर समाप्त कर देना चाहिए, लेकिन यहां पर फिजूल बात का बेवजह बतंगड़ बनाया जा रहा है। व्यक्तिगत टिप्पणी से राजनीति के स्तर में बहुत ज्यादा गिरावट हो रही है। इसके लिए कहीं न कहीं राजनीतिक पार्टियां स्वयं जिम्मेदार हैं। पहले जब लोग कुछ बोलते थे तो बुजुर्ग उदाहरण के तौर पर राजनीति का हवाला देते थे कि देखो दूसरे दल के नेता कैसे आरोप लगा रहे हैं और दूसरे दल के लोग कैसे उसका जवाब दे रहे हैं। उसमें शब्दों की मर्यादा और एक शालीनता हुआ करती थी।

राजनीति समाज को सिखाती है कि वाद-विवाद के दौरान कैसे शालीनता रखकर तर्क करना चाहिए। वर्तमान में जो संवैधानिक या कानूनी संस्थाएं और राष्ट्रीय महिला आयोग है, अब वे भी सामान्य परंपराओं से बहुत ही आगे निकलते जा रहे हैं। कुछ मर्यादाओं को रखने की जरूरत है। कहीं ऐसा न हो कि लोकसभा का चुनाव आपसी लड़ाई के केंद्र का सबब बनता चला जाए। चुनाव में देश की बात होनी चाहिए, देश के मुद्दे उठने चाहिएं। विकास की बात होनी चाहिए। अब सवाल उठता है कि क्या कंगना रनौत पर टिप्पणी पर पोस्ट करने से सुप्रिया श्रीनेत की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, इसका जवाब न है। सुप्रिया श्रीनेत ने खुद कहा है कि उनके अकाउंट से जिसने भी पोस्ट डाली है, वह सही नहीं है। उसके बारे में उनको बिलकुल भी पता नहीं था। बाद में पता चला तो उन्होंने उस पोस्ट को डिलीट कर दिया। जब पोस्ट को डिलीट कर दिया गया, तब इस मामले में बात करना बिलकुल सही नहीं है, लेकिन यह भी सत्य है कि किसी पार्टी के प्रवक्ता या बड़े नेता के अकाउंट को कोई एक व्यक्ति नहीं चलाता, बल्कि कई लोग हैंडल करते हैं। जिसने भी किया होगा, उस पर बात चल रही होगी, लेकिन यह बात खत्म हो गई है। सुप्रिया श्रीनेत को अपराधी माना जा रहा है। उन्होंने खुद आकर कहा कि यह महिला की सम्मान की बात है और पोस्ट को डिलीट कर दिया है तो उसके बाद क्या सवाल उठाना सही है, क्योंकि गलती सबसे हो सकती है।

# पोक्सो एक्ट की जानकारी, समाज के हर वर्ग तक जरूरी



लेखक : ठाकुर तारा
समाजशास्त्री, सुंदरनगर

बच्चे किसी भी देश, समाज, परिवार के भविष्य एवं अमूल्य धरोहर होते हैं। इनकी मासूमियत का फायदा उठाकर समाज के कुछ लोग इनके ऊपर यौन हमला कर, यौन व्यवहार, बलात्कार कर इन्हें आसानी से टारगेट करते हैं। आए दिन हर रोज, हर घंटे, हर मिनट कहीं न कहीं पूरे देश में बच्चों के ऊपर यह आपराधिक कृत्य घटित हो रहे हैं। इन हमलों से बच्चों की सुरक्षा के लिए भारत सरकार के महिला और बाल कल्याण मंत्रालय द्वारा वर्ष 2012 में पोक्सो एक्ट (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम) को अधिनियमित किया गया था।

इसके अंतर्गत 18 साल से कम उम्र के बच्चों के प्रति यौन अपराधों की श्रेणियां को वर्णित किया गया है, जैसे यौन उत्पीड़न, यौन व्यवहार, पोर्नोग्राफी दिखाना, गलत नीयत से बच्चों के अंगों को छूना, बहला फुसलाकर कर धोखे से किसी वस्तु का लालच देकर यौन शोषण करना, डराना धमकाना, अश्लील चलचित्र सामग्री दिखाना इत्यादि। ये अपराध दो भागों में विभाजित हैं। एक 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के साथ यह कृत्य करने पर अपराधी को आजीवन कारावास एवं मृत्यु दंड का विधान है। वहीं, 12 वर्ष से अधिक व 16 साल तक किसी नाबालिग के ऊपर किया गया, यही यौन शोषण का अपराध, अपराधी के ऊपर सिद्ध होने पर 10 वर्ष एवं अधिकतम 20 वर्ष की कड़ी सजा का प्रावधान है। आज इस बिंदु के ऊपर समाज का कोई भी अभिकरण चर्चा व इस अधिनियम की प्रकृति, श्रेणियां उसकी सजाएं इत्यादि का प्रचार-प्रसार का प्रयास नहीं कर रहा है या कर भी रहा है, तो संकुचित मंच से। समाज के भीतर रहने वाले किसी भी इंसान को प्रकृति द्वारा व्यवहारिक कानून जन्मजात ही प्रदत्त होते हैं। आखिर इसके बावजूद राज्य को समाज को अपराध से बचाव के लिए कड़े कानून बनाकर शासित करने की आवश्यकता इसलिए महसूस हुई ताकि राज्य में कानून व्यवस्था शांति के साथ स्थापित होकर बनी रहे, अपराधी प्रवृत्ति के लोगों में कानून का भय हो।

समाज के भीतर डर या भय का माहौल स्थापित न हो, इसलिए कड़े कानून का निर्माण कर कड़ी सजा के प्रावधान भी किए गए हैं। आखिरकार उनका निर्माण कर लागू करने से उसके जमीनी स्तर पर परिणाम आने की संभावना ज्यादा रहेगी। जब तक इसको मूल रूप से लोगों में और आमजन के भीतर प्रचार-प्रसार व संपूर्ण जानकारी से अवगत न करवा लिया जाए। समाज में वही लोग अपराध करते हैं, जिन्हें कानून की सजा की जानकारी न के बराबर होती है एवं दूसरे प्रकृति के वे लोग होते हैं, जो आधा ज्ञान रखते हैं। वही लोग आक्रामकता के साथ इस तरह के अपराधों को अंजाम तक पहुंचाते हैं।

एक समय में पोलियो, क्षय रोग, एचआईवी एड्स जैसी लाइलाज गंभीर बीमारियां अपने चरम पर थी। इसी के ऊपर सरकार, प्रशासन एवं स्वास्थ्य सेवाओं सहित अन्य अभिकरणों, सामाजिक संस्थाओं द्वारा इसका प्रचार-प्रसार एवं रोकथाम के लिए आमजन के बीच जानकारी से अवगत ही नहीं करवाया, अपितु इसके जमीन स्तर पर लोगों को जागरूक एवं शिक्षित करने के बाद रोकथाम के परिणाम भी देखे गए। पोक्सो एक्ट बनाने और उसे समय समय पर संशोधित करने के बावजूद भी उसकी सजाओं के बारे में अधिकतर लोगों को गहराई से जानकारी नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो का ट्राइ ने साल 2016 से 2022 तक बच्चों से दुष्कर्म के मामलों का विश्लेषण किया। उन्होंने 96 प्रतिशत बढ़ोतरी को दर्ज किया। इसमें अकेले वर्ष 2022 में 38,911 मामले दर्ज किए गए, वर्ष 2020 में यह संख्या 30,705 एवं 2019 में 31,132 थी। वर्ष 2018 में 30,917 थी, वर्ष 2017 में यह संख्या 27,616 थी एवं 2016 में 19,765 दर्ज की गई थी। यह आंकड़े बच्चों के ऊपर होने वाले यौन शोषण के संदर्भ में गंभीर चिंतनीय विषय है।

हिमाचल प्रदेश में भी यह अपराध नन्हे बच्चों के ऊपर धीरे-धीरे अपनी बढ़त बना रहा है। अन्य राज्यों की तुलनात्मक अध्ययन में हिमाचल प्रदेश की जनता शिक्षित जागरूक है, उसको एक्ट की संपूर्ण जानकारी खुले मंच से व विभिन्न कार्यशालाओं के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों स्कूल, कॉलेज, स्वास्थ्य सेवाओं, पुलिस प्रशासन, प्रशासन, सरकारी संस्थाओं और गैर सरकारी संगठनों के माध्यम द्वारा सार्वजनिक स्थलों में व्यापक स्तर पर आमजन को जागरूक किए जाने की आवश्यकता है। इस एक्ट में वर्णित विभिन्न धाराओं से रू-ब-रू करवाकर समाज को शिक्षित कर, आमजन के मानसिक पटल पर गहरी छाप छोड़कर बच्चों के ऊपर होने वाले किसी भी प्रकार के यौन शोषण, हिसंक हमले से बचाव के पुरोधा पोक्सो एक्ट को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने में मदद मिलेगी। इस तरह की यौन प्रकृति किसी भी मनुष्य के भीतर सर्वप्रथम मानसिक विचार के माध्यम से पनपती है। अगर मन में इस सजा के बारे में पूर्व से ही विस्तृत ज्ञान होगा, तो यह कानून डर, एवं सजा के माध्यम से अवश्य ही अपना प्रभाव दिखाएगा। इस तरह के हमले होने पर हमने कड़ा कानून भी भले ही बना दिया हो, उसे अपराधियों के ऊपर घटना के बाद लागू भी कर दिया, लेकिन इन दोनों के बीच का एक पहलू हमने छोड़ दिया। वह पहलू है, क्या इस कानून में वर्णित सजा एवं प्रकृति का उक्त अपराधी को ज्ञान था। एक उदाहरण, जब पूरे भारत के साथ-साथ अन्य देशों में कोरोना महामारी का प्रकोप था, उस वक्त हिमाचल प्रदेश में भी इसका असर प्रभावी रूप से देखने को मिला। सरकार, प्रशासन द्वारा लोगों को लॉकडाउन के दौरान घरों में रहने व इसका पालन करने के लिए समय-समय पर गाइडलाइन निर्देशित की जा रही थी।

हिमाचल की जनता ने इस वैश्विक संकट से उभरने के लिए अपना पूरा सहयोग दिया। यह सब अन्य राज्यों की अपेक्षा देवभूमि में सबसे सफल रूप से क्रियान्वित इसलिए हुआ, क्योंकि यहां के लोग शिक्षित थे। इसी तरह दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ-साथ बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए पोक्सो एक्ट की जानकारी से सभी को मिलजुल सहयोग कर, हर आम नागरिकों को इससे शिक्षित करना अति आवश्यक है। तभी इसके परिणाम समाज में तीव्रगामी रूप से देखे जाएंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# लेफ्ट दलों के लिए भारतीय राजनीति में स्पेस सिकुड़ रहा



लेखक : आरके सिन्हा
वरिष्ठ संपादक, पूर्व सांसद

जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी (जेएनयू) छात्रसंघ चुनाव में वामपंथी छात्र संगठनों को सफलता मिलने के बाद जिस तरह से कुछ कथित बुद्धिजीवी कहे जाने वाले विद्वानों ने सोशल मीडिया में टिप्पणियां की हैं, उन्हें हास्यास्पद ही माना जाएगा। इन विद्वानों ने लेफ्ट पार्टियों के उम्मीदवारों की कामयाबी को आगामी लोकसभा चुनाव के नतीजों से भी जोड़ा।

यहां तक कह दिया कि आगामी लोकसभा चुनाव के अप्रत्याशित नतीजे आने वाले हैं। जेएनयू में अध्यक्ष समेत सभी चारों सीटों पर वामपंथी दलों के छात्र संगठनों और उनके समर्थित उम्मीदवारों को जीत मिली है। जिस जेएनयू में करीब 5 हजार विद्यार्थी पढ़ते हों, उसके छात्र संघ के नतीजों को लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखना मूर्खता नहीं, तो क्या है।

हैरानी तो इस बात की है कि जेएनयू के नतीजों पर अपनी राय रखने वाले कुछ माह पहले दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव के नतीजों की पूरी तरह अनदेखी कर गए। यहां अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर कब्जा जमाया था। एक पद पर कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई को भी जीत मिल थी। जहां सारे जेएनयू में करीब पांच हजार विद्यार्थी पढ़ते हैं, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय के अकेले दयाल सिंह कॉलेज में 8 हजार से अधिक छात्र पढ़ते हैं। अब आप समझ सकते हैं कि छात्रों की संख्या के स्तर पर जेएनयू कितना छोटा सा शिक्षण संस्थान है, दिल्ली विश्वविद्यालय की तुलना में। दरअसल वामपंथी विचारधारा और लेफ्ट दल पूरी तरह से भारतवर्ष में अप्रासंगिक होते जा रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां सब दल तैयारी कर रहे हैं और अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रहे हैं, वहां लेफ्ट दलों की तरफ से कोई हलचल तक नजर नहीं आ रही है। कुल मिलाकर बात यह कि लेफ्ट दलों के लिए भारतीय राजनीति में स्पेस तेजी से सिकुड़ता जा रहा है। उनके लिए अपनी पुरानी जमीन को हासिल करना कतई आसान नहीं है। फिर लेफ्ट दल और उनके नेता और समर्थक भी जेएनयू तक ही रहने में बहुत बड़ी कामयाबी मानने लगे हैं, लेकिन कब तक?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता


### सिलसिले



सुरेंद्र ठाकुर
जिला न्यायालय परिसर, धर्मशाला

*सुबह-सुबह उठ कर कहीं*
*किसी दुकान के*
*पास तुम्हारा मिलना।*
*तुम थे मिले*
*औपचारिकता की दीवारें*
*लांघ कर*
*शुरुआत जब हुई थी दोस्ती*
*की*
*फिर से तुम्हारे लव हिले*
*अब क्या कहूं*
*चल पड़े वह मुस्कुराहटों के*
*सिलसिले*
*आज भी याद हैं वह*
*गुलाब सी लाली थी तुम्हारे*
*गालों पर और बाल खुले*
*उमंगों के सागर में यूं लगता*
*था जैसे दिल के हर कोने*
*में लग गए हों*
*रोशनी के झूले*
*बस तुम थी मैं था और*
*खुशियों के वह क्षण*
*चुलबुले*
*मेरे कंधों पे सर रखकर*
*प्यार के जिस घोंसले को*
*बुनने की बात की थी तुमने*
*अनायास ही भाव विभोर*
*होकर हम निकले खुशियों*
*के तिनकों से*
*प्यार का वह घोंसला बुनने।*
*हम थे हमारा प्यार था और*
*प्यार के वह नगमें रसीले*
*फिर क्या था*
*चल पड़े फिर वही*
*मुस्कुराहटों के सिलसिले।*

# नरेंद्र मोदी की पहली मेरठ रैली में जयंत के साथ मौजूद रहेंगे 'राम'



लेखक : डॉ. प्रभात ओझा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था, किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे।

चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वह प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वह स्वयं चुनाव मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है।

इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है। मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे, जिन्होंने रामायण धारावाहिक में 'राम' का किरदार निभाया था।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बेरोजगारी कैंसर की घातक बीमारी से नहीं है कम



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

वर्तमान की शिक्षा अपने उद्देश्यों में खरा उतरकर समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करे, इसलिए ही प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र मे सुधार किए जाने को लेकर प्रयासरत है। छात्रों को नैतिक और योग शिक्षा मुहैया करवाए जाने पर जोर दिए जाने की जरूरत है। एक छात्र सिर्फ किताबी कीड़ा ही बनकर न रह जाए, उसके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में शामिल होना जरूरी है। छात्रों को स्मार्टफोन से दूरी बनाकर रखने से ही वे अपने लक्ष्य की ओर बढ़ सकते हैं। एक दंपती को घरेलू बजट से भी कहीं ज्यादा खर्चा अपने बच्चों की पढ़ाई पर लगाना पड़ रहा है।

शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश को बेशक केरल राज्य की तुलना में दूसरा स्थान प्राप्त है, लेकिन प्रदेश में बेरोजगारों का आंकड़ा करीब दस लाख तक पहुंच चुका है। सरकारों ने चप्पे-चप्पे पर निजी स्कूल खोलने की अधिसूचनाएं रेवड़ियों की तरह बांटकर शिक्षा का व्यपारीकरण किया है। आज की शिक्षा इस कदर महंगी बन चुकी है कि बच्चों के अभिभावकों की जेब पर अत्यधिक आर्थिक बोझ बढ़ाए हुए है। निजी स्कूलों के लिए सरकारों की ओर से बनाए गए नियम मानों सिर्फ फाइलों में ही दफन हैं। सच्चाई तो यह कि हर स्कूल के अपने अपने कायदे और नियम जिसके चलते सरकारें मूकदर्शक बनी हुई हैं। वर्तमान समय में शिक्षा अपने उद्देश्यों पर पूर्णतय: खरा नहीं उतर पा रही है। नतीजतन शिक्षित बेरोजगारों की फौज बढ़ती ही जा रही है। युवाओं की भगीदारी सामाजिक कार्यों में बराबर न होने के कारण सामाजिक बुराइयां दिनोंदिन बढ़ती ही जा रही हैं। शिक्षा के मूल दो उद्देश्य माने जाते हैं। एक शिक्षित व्यक्ति का रोजगार से जुड़ना, दूसरा समाज और राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना। सच कहा जाए तो एक शिक्षित व्यक्ति सही समय पर रोजगार हासिल नहीं कर पा रहा है। वहीं, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करने की बजाये कन्नी काटकर खामोश, मायूस, असहाय और अपने आपको कोसने के सिवाये कुछ नहीं कर पा रहा है।

अधिकांश शिक्षित युवा रोजगार न मिलने कारण न तो दूसरे घरेलू कामों में अपने परिवार वालों का हाथ बंटाना पसंद कर रहे हैं। ऐसे हालात में गुमराह होकर नशे और दूसरी गलत आदतों में पड़कर अपनी जिंदगी बर्बाद करते जा रहे हैं। बेरोजगारी से तंग आकर आत्महत्याओं तक करने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। बेरोजगारी किसी घातक कैंसर की बीमारी से कम नहीं है, जो युवा पीढ़ी को अपाहिज बना रही है। शिक्षा का राजनीतिकरण और व्यापारीकरण एक साथ हो रहा, जिसका खामियाजा युवाओं को भुगतना पड़ रहा है। चप्पे-चप्पे पर खुलते निजी स्कूल क्या वास्तव में समय की मांग कहलाए जा सकते हैं। कुछेक नामी स्कूलों को छोड़कर ऐसा लगता कि बाकी अन्य शिक्षा मंदिर की आड़ में अपनी तिजोरियां भरने में मशगूल हैं। बगैर राजनीतिक पहुंच से ऐसे स्कूलों को मान्यता मिलना दिन में सपने देखने के बराबर है। सरकारी स्कूलों में दिनोंदिन घटती जा रही बच्चों की तादाद के लिए सरकारें खुद जिम्मेदार हैं।

सरकारी स्कूलों में घटती बच्चों की संख्या को लेकर शिक्षक वर्ग खुद मानसिक परेशानी से जूझ रहे हैं। शिक्षक बनने का सपना संजोने वाले कई युवाओं की इच्छाओं पर पानी फिरता जा रहा है। सरकारों के सभी कायदे-कानून ऐसा लगता है कि निजी स्कूलों के ऊपर कभी सही तरह से लागू नहीं हुए हैं। स्कूल प्रबंधन अपनी मनमर्जी अनुसार फीसों व अन्य दूसरे चार्ज लगाकर बच्चों के अभिभावकों से बसूलकर उनके बजट को हिलाकर रख देता है। सरकारी स्कूलों में बतौर शिक्षक सेवाएं देने के लिए बीएड, जेबीटी, एमए, एमफिल पास की जरूरत होती है, मगर कुछेक निजी स्कूलों की स्थिति बिलकुल इसके विपरीत नजर आती है। पैंतीस अंक लेने वालों को पास कर दिया जाता है, लेकिन सरकारी नौकरी के लिए मैरिट नब्बे प्रतिशत होना जरूरी माना जाता है।

मैरिट सूची में नाम दर्ज होने के बावजूद भी आजकल सीधे तौर पर किसी का रोजगार से जुड़ पाना आसान काम नहीं रह गया है। सरकारों की नीतियां सही न होने की वजह से आज का युवा सिर्फ मानसिक पीड़ा झेलने को मजबूर है। प्रशासन का ठंडा भी कभी कभार सरकारी स्कूलों पर ही चलता है, मगर निजी स्कूलों की नाकामियों तरफ रुख करने से वह भी घबराता है। प्रदेश में आए दिन हादसों में नौनिहालों की जान जा रही है। सरकारें ऐसे लापरवाह स्कूल प्रबंधकों पर शिकंजा कसने की बजाये हादसे के बाद अधिकारियों को दिखाबे के लिए सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर देती है। हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग ने इस बार भी निजी स्कूलों की और से ली जाने वाली री एडमिशन पर कड़ा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद भी स्कूल प्रबंधक सरकार के आदेशों की पालना नहीं कर पा रहे हैं। सरकार को चाहिए कि सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए कंप्यूटर शिक्षा मुफ्त बनाए और प्राइवेट स्कूलों की तरह ही मूलभूत सुविधाएं भी जुटाए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत करने को सभी करें मतदान



नरेंद्र कुमार शर्मा
जोगिंद्रनगर, जिला मंडी

18 वीं लोकसभा के लिए 19 अप्रैल से एक जून तक 7 चरणों में होने चुनाव का ऐलान हो चुका है। किसी भी लोकतंत्र में चुनावों का बहुत अधिक महत्व होता है। हमारे देश के संविधान ने बिना किसी भेदभाव के 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी नागरिकों को अपना वोट देने का अधिकार दिया है। यह एक ऐसा अधिकार है, जिसके जरिए हम अपनी पसंद का उम्मीदवार चुन सकते हैं। मतदान के अधिकार को गुप्त रखा गया है। प्रजातांत्रिक देश में मजबूत लोकतंत्र के लिए अधिक से अधिक मतदान करना बहुत ही आवश्यक है।

कम मतदान होगा, तब भी प्रत्याशी तो चुन ही लिए जाएंगे, लेकिन इससे लोकतंत्र की अवधारणा पूरी नहीं होती, क्योंकि जो लोग मतदान केंद्रों तक मतदान करने नहीं जाते, उससे यह पता चलता है कि लोगों में सरकार बनाने में उदासीनता है और हो सकता है कि उन सब लोगों के मत न डालने से सही प्रत्याशी का चुनाव न हो सके। अधिक से अधिक मतदान से ऐसी संभावना रहती है कि लोग देश के चुनाव के प्रति कितने जागरूक हैं और सशक्त, ईमानदार और कर्मठ प्रत्याशी का चुनाव करेंगे। जितने अधिक अच्छे लोग चुनकर लोकसभा जाएंगे, उतना ही देश को फायदा होगा। अपना वोट देने के प्रति उदासीनता अच्छी बात नहीं है। हमें तो पूरे उत्साह के साथ अपना मत डालने जाना चाहिए और दूसरे लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए।

प्रजातांत्रिक देश में कोई भी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह होती है। चुनाव चाहे पंचायत के हों, विधानसभा के हों या लोकसभा सबका कार्यकाल पांच वर्ष का होता है। यदि कोई भी सरकार जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरती है, तो हमारे देश के संविधान ने पांच वर्ष के बाद हमें अपना मत डालकर उसे बदलने का अधिकार दिया है। अधिक से अधिक मतदान से किसी भी प्रत्याशी या सरकार को यह डर रहेगा कि लोग मतदान के प्रति कितने जागरूक हैं और यदि हमने देश और जनता के हितों के लिए अच्छा कार्य नहीं किया तो अगली बार यही जनता हमें सत्ता से बाहर उखाड़ फेंकेगी। हमें ऐसा नहीं सोचना चाहिए कि हमारे एक मत से क्या फर्क पड़ेगा। यदि हम सब ऐसा सोचने लगे तो मतदान प्रतिशत बहुत कम हो जाएगा जो लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं होगा। कई बार देखा गया है कि हमारा एक मत भी हार-जीत का फैसला करता है। सैकड़ों वर्षों तक हमारा देश अंग्रेजों के अधीन रहा। अंग्रेजों ने हमारे देश को बहुत लूटा और हमारे देश भारत के लोगों पर बहुत अत्याचार किए। अंग्रेजों के शासन में सब लोगों को मत देने का अधिकार नहीं था। लाखों लोगों ने आजादी की लड़ाई में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दिया। हजारों लोगों ने आजादी प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। न जाने कितने लोगों ने असहनीय कष्ट झेले, तब जाकर हमें 15 अगस्त 1947 को हमें आजादी मिली। आजादी मिलने के पश्चात हमारे देश के संविधान निर्माताओं ने हमें बिना किसी भेदभाव के हमें वोट देने का अधिकार दिया। फिर भी हम अपने मत का प्रयोग न करें तो इससे बड़े दुख की बात क्या होगी।

अधिक से अधिक मतदान करना आजादी की लड़ाई लड़ने वाले शूरवीरों के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मतदान दिवस को हमें एक त्योहार की तरह मनाना चाहिए। हमें अपने मन में यह ठान लेना चाहिए कि हमें मतदान करना ही करना है। जब हमारे मन में ऐसी भावना आ जाएगी तो हम इस महा पर्व को बड़े उल्लास के साथ मनाएंगे और मतदान प्रतिशत निश्चित तौर पर बढ़ेगा। हमारे देश के संविधान ने यदि हमें अधिकार दिए हैं तो हमारा भी कर्तव्य बनता है कि हम अपने मत का प्रयोग करें जिससे हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत हो। अपना मत डालना कोई छोटा-मोटा अधिकार नहीं है, यह अधिकार तो देश की दशा और दिशा तय करता है।

इस तरह देश को आत्मनिर्भर और उसके पश्चात विकसित राष्ट्र बनाने में सभी देशवासियों का योगदान होना चाहिए। हमारे देश भारत में निष्पक्ष चुनाव होते हैं। चुनाव आयोग चुनाव करवाने में ऐसी व्यवस्था करता है कि धांधली की कोई गुंजाइश नहीं रहती। हम अपने मत का प्रयोग बिना किसी डर के मतदान केंद्र पर जाकर कर सकते हैं। पाकिस्तान में हाल ही में हुए चुनावों का हल पूरी दुनिया ने देखा कि किस प्रकार बहुत बड़े पैमाने पर धांधली हुई। भारत में ऐसा बिलकुल नहीं होता। यही तो स्वस्थ लोकतंत्र की खूबसूरती है। अत: हम सबको चाहिए कि हम अधिक से अधिक मतदान करें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**आज** हर राज्य में फोरलेन बन रहे हैं। फोरलेन को विकास के साथ जोड़ा जा रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि आज विकास के दौर में हर दुर्गम क्षेत्र को मुख्यधारा के साथ जोड़ दिया है। फोरलेन बनना कोई बुरा नहीं है, लेकिन ऐसा लगता है इसके लिए भी भौगोलिक परिस्थितियों को देखना समझना बहुत जरूरी है। कहीं हम विकास की इस अंधी दौड़ में बड़े खतरे तो नहीं मोल रहे हैं। कहीं फोरलेन के लिए पेड़ों की यह अंधाधुंध कटाई हमारे पर्यावरण पारिस्थितिकी तंत्र को तो नहीं बिगाड़ रही। कहीं हम विकास की दौड़ में विनाश की ओर तो नहीं बढ़ रहे। यह सवाल आज मानव सभ्यता के लिए है, क्योंकि मानव सभ्यता ने आज अपनी सुविधाओं के स्वार्थ में हर तरफ कंकरीट के जंगल फैला रखे हैं। ये कंकरीट के जंगल प्राणियों के लिए जीवनदायी कई पेड़ों की हत्या के बाद बने हैं। इस कंकरीट के जंगल को और फैलाने के लिए मानव पेड़ काटे जा रहा है। ऐसा लगता है अब इन हालात को रोकना होगा और पर्यावरण के बारे में सोचना होगा, तभी भविष्य के सर्वनाश को रोका जा सकता है।

–अंकुर, शाहपुर।

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### समय-सारिणी को लेकर भिड़े चालक-परिचालक



**भरमौर।** चंबा-भरमौर एनएच पर धरवाला के पास समय-सारिणी को लेकर दो बसों के चालक-परिचालकों में बहस हो गई। जिसके चलते यात्रियों को परेशानी के दौर से गुजरना पड़ा। वहीं चालक-परिचालकों की बहसबाजी से भरमौर मार्ग पर जाम लग गया। जिससे अन्य कई बसों के रुट भी प्रभावित हुए। गौर हो कि बस भरमौर से कांगड़ा की तरफ जा रही थी। बसों के चालक-परिचालकों के बीच में हुई बहस के कारण भरमौर से चंबा व पालमपुर समेत अपनी नौकरी पर जा रहे स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी मिली कि भरमौर से चंबा आ रही बस धरवाला पहुंचने से पूर्व सिर्फ दो मिनट लेट थी। लोगों ने इस बारे में क्षेत्रीय परिवहन विभाग से नियमित जांच करने की मांग की है ताकि इस प्रकार से बसों में सवार लोगों को दिक्कत न हो।

### छुट्टी के दिन भी खुले रहेंगे बिल काउंटर

**चंबा।** ऑनलाइन माध्यम से बिजली के बिल जमा न होने के कारण विद्युत उपमंडल चंबा-1 के उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए कार्यालय में बिजली बिल काउंटर 30 मार्च 2024 तक छुट्टी वाले दिन भी खुले रहेंगे। इस बारे में सहायक अभियंता विद्युत हंसराज ने बताया कि विद्युत उपमंडल-1 के सभी उपभोक्ता अवकाश के दिन भी कार्यालय में आकर बिजली का बिल जमा करवा सकते हैं। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि जिन्होंने अभी तक अपना बिजली का बिल जमा नहीं करवाया है वे शीघ्र अपना बिजली का बिल जमा करवाएं।

### भलेई में आज बंद रहेगी बिजली




**डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी उपमंडल भलेई में 28 मार्च को 33 केवी और 11 केवी ब्रंगाल के उपकरणों की आवश्यक जांच व मरम्मत के चलते विद्युत आपूर्ति सुबह नौ से शाम पांच बजे तक अथवा काम की समाप्ति तक पूर्णता बाधित रहेगी। इसके चलते 11केवी भलेई, 11 केवी मांजली, 11केवी वांगल, एवं 11केवी सालवा के अंतर्गत आने वाले सभी क्षेत्रों ब्रंगाल, भलेई, कांडी, झुटाहर, तलाई, धार, किलोड, भिंग, मलाल, लचौडी, छुद्रा, लिग्गा देरेकडी, सेरी, गवालू, फंगेई, पनताह सरार, सालवां, तेलका बाढका, भजोतरा , जुतराण, वांगल, नड्डल, भुनाड, भलौगी आदि गांवों में सुबह विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता राकेश कुमार ने दी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है। यह काम पूर्णता मौसम पर निर्भर रहेगा।

### गंदगी फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**चंबा।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटक स्थल खजियार में पर्यटन सीजन को लेकर वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत विभाग खजियार मैदान और आसपास गंदगी फैलाने वाले कारोबारियों और रेहड़ी-फड़ी धारकों पर कड़ी नजर रखेगा। एक तरफ जहां खजियार मैदान पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर दिया है, जो गंदगी फैलाने वालों पर नजर रखेगा। साथ ही विभाग के कर्मचारी भी नजर रखेंगे। यदि कोई कारोबारी या रेहड़ी-फड़ी धारक गंदगी फैलाता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई कर एक हजार रुपए न्यूनतम जुर्माना किया जाएगा। वन विभाग की ओर से इस तरह की व्यवस्था करने का मकसद पर्यटन स्थल खजियार को साफ सुथरा रखना है, जिससे इस हरे-भरे मैदान को किसी प्रकार का नुकसान न पहुंचे। इसी मामले को लेकर वन विभाग की टीम ने निरीक्षण किया और कारोबारियों सहित रेहड़ी-फड़ी धारकों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। वन परिक्षेत्र अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि दुकानदारों को निर्देश दे दिए गए हैं। उनसे कहा गया है कि खजियार मैदान में निगरानी रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा स्थापित है। इससे निगरानी की जाएगी और गंदगी फैलाने वाले कारोबारियों और फड़ी धारकों पर शिकंजा कसा जाएगा।

# अब झुग्गी, झोपड़ियों में रहने वाले निरक्षर बनेंगे साक्षर

**एमएम डैनियल, चंबा**

किन्ही न किन्ही कारणों से साक्षर होने से महरूम रह गए गरीब तबके के लोगों को अब निराश या शर्मसार होने का एहसास नहीं करना पड़ेगा क्योंकि निरक्षर बुजूर्गों व नौजवानों को साक्षर समाज में वापस लाने का राज्य स्वयंसेवी संस्था हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट ने अपने कंधों पर दायित्व उठा लिया है।

राज्य सरकार ने एनजीओ के शिक्षा क्षेत्र में अपने में एक निहित पहल को देखते एनजीओ द्वारा प्रस्तावित प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। गौर हो कि करीब पांच वर्ष पूर्व केंद्र सरकार द्वारा देश भर में साक्षरता की दर को जानने के लिए सर्वे करवाया गया। जिसमें देश के पचास जिलों में विकास व शिक्षा का स्तर निम्न पाया गया। इस सर्वे में हिमाचल प्रदेश के दो जिला चंबा व सिरमौर भी शामिल हैं। जिसके चलते सरकार ने चंबा व सिरमौर में जन-जन तक शिक्षा का अलख जगाने के लिए बकायदा साक्षरता अभियान चलाया, मगर यह अभियान पंचायतों व गांवों तक ही सीमित रहा। जबकि सड़कों के किनारे दो जून रोटी के लिए शिक्षा के महत्व को भूल चुके लोगों तक अभियान पूर्ण रूप से नहीं पहुंच सका। जिसके कारण जिला में साक्षरता मिशन के लक्ष्य से सरकार अभी भी काफी पीछे है।

वहीं इस दिशा में एक स्वयंसेवी संस्था हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट अपने स्तर पर प्रदेशभर में सर्वेक्षण कर झुग्गी झोंपड़ी के निरक्षरों का

**स्वयंसेवी संस्था हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट ने उठाया दायित्व**



शिक्षा से वंचित होने का खुलासा किया। जिसमें संस्थान ने गत महीनों सरकार के समक्ष रखी रिपोर्ट में बताया कि बंजारों, घुमत दिहाड़ीदारों के ऋतु के अनुसार एक जिले से दूसरे जिले व एक राज्य से दूसरे राज्य में पलायन करने के सिलसिले से उन तक शिक्षा नहीं पहुंच पा रही है। जिसमें एक जिला या राज्य सरकार की अनदेखी का शिकार नहीं अपितु इसे लोगों में रोजगार का अभाव या नसीब का चक्र कहें तो यह गलत नहीं होगा। इस परिस्थिति का वैकल्पिक शिक्षा मार्ग ढूंढते हुए संस्था ने मोबाइल शिक्षा का प्रस्ताव रखा था।

इसमें संस्था ऐसे झुग्गी-झोपड़ी वालों से संपर्क करके उनके मासूमों से लेकर अधेड़ उम्र के लोगों को बेसिक शिक्षा का ज्ञान प्रदान करेंगे, वहीं उनकी रोजमर्रा व आगामी पड़ाव की सारिणी ज्ञात करके शिक्षा के लिए बराबर तालमेल बैठाए रखेंगे। जिसे देखते हुए यह प्रतीत हो रहा है कि जल्द ही बच्चे व अभिभावक एक साथ क, ख, ग का ज्ञान हासिल करेंगे। (अनंत ज्ञान)

#### प्रस्ताव को मिली मंजूरी

प्रवीण मुनियाल, निदेशक हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट का कहना है कि हिमालयन सोशल इंस्टीट्यूट की ओर से प्रदेश सरकार के समक्ष रखे गए प्रस्ताव को गत माह पूर्व मंजूरी मिल गई है। अब संस्था इस दिशा में जल्द की कार्य शुरू कर देगी। ताकि प्रदेश में निरक्षर लोगों को शिक्षा प्रदान करने का संस्था द्वारा निर्धारित लक्ष्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

## जसौरगढ़ स्कूल के मेधावी नवाजे

**तीसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जसौरगढ़ में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में जसौरगढ़ पंचायत के प्रधान ईलम नेगी ने शिरकत की। विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य शेर सिंह ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहने वाले मेधावियों को मुख्यातिथि ने पुरस्कृत किया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। इस मौके पर नर सिंह नेगी, प्रीतम सिंह, कर्म सिंह शर्मा, रीता कुमारी, नारायण नेगी, राज कुमार, सुभाष कुमार, नवीन कुमार, अमित शर्मा, भिंद्रो कुमार मौजूद रहे।

## कियाणी में स्वयंसेवकों को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम की जानकारी दी



शिक्षा खंड कियाणी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में मौजूद लोग।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शिक्षा खंड कियाणी के अंतर्गत एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि खंड अधिकारी गेसू बख्सी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर गजेंद्र ठाकुर ने स्वयंसेवकों को नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से 2022 से 27 तक 5 करोड़ असाक्षर लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य रखा है। इस साल एक करोड़ लोगों को साक्षर करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने उल्लास ऐप के बारे में भी बताया। शिक्षार्थी को केवल साक्षर ही नहीं, बल्कि जीवन कौशल और 21वीं सदी की आवश्यकता के अनुसार प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं कार्यक्रम के दौरान हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की और से पीसी मिन्हास ने पूर्व साक्षरता कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवसाक्षरों को शिक्षा के साथ अब आने वाले समय में स्वास्थ्य, शिक्षा, समता, खेतीबाड़ी, पशुपालन पर भी जानकारी दी जाएगी। सभी नवसाक्षरों को पढ़ाई की तकनीक शेयर की।

# लोकसभा चुनाव का करेंगे बहिष्कार

## सड़क सुविधा न मिलने पर पंचायत जगत के दो वार्डों के ग्रामीणों ने चेताया

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

निर्वाचन क्षेत्र भरमौर की ग्राम पंचायत जगत के दो वार्डों ने सड़क सुविधा न होने को लेकर एक बार फिर से आने वाले लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान कर दिया है। थोकला वार्ड के वार्ड मेंबर विक्रम जीत सहित दर्जनों ग्राम वासियों ने विभाग व सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा है कि 30-40 वर्षों से कभी एक सरकार आती है कभी दूसरी पार्टी की सरकार आती है। हर बार इन गांवों को सड़क सुविधा को लेकर आश्वासन मिले हैं, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है।

गौरतलब है 2021 में हुए लोकसभा उपचुनाव के दौरान भी यहां के दो वार्ड ने चुनाव का बहिष्कार किया था और ईवीएम मशीन खाली भेजी थी। जिसके बाद 2022 के विधानसभा चुनावों का भी यहां के लोगों ने बहिष्कार का ऐलान किया था, लेकिन आनन-फानन में प्रशासन व दोनों दलों के नेताओं ने यहां पर आकर तीन महीने के भीतर सड़क बनाने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद अभी तक इस सड़क का काम तक शुरू नहीं हुआ है। लिहाजा एक बार फिर से यहां के लोगों का सब्र का बांध टूट गया है और लोगों ने आने वाले लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया है। गौरतलब है यहां पर सड़क सुविधा न होने के कारण कई बार बीमार महिलाओं वह मरीजों को पालकी के सहारे उठाकर अस्पताल तक पहुंचाया गया है। सड़क सुविधा न होने के कारण यहां के 60 फीसदी परिवार कांगड़ा और दूसरी जगह के लिए शिफ्ट हो गए हैं। हालांकि इस क्षेत्र को सेब की सबसे ज्यादा पैदावार के लिए जाना जाता है, लेकिन सड़क सुविधा न होने के कारण यहां के लोगों का सेब और दूसरी फसलें खेतों में ही सड़ जाती है। हालांकि यहां पर 500 से अधिक की आबादी बिना सड़क के पिछले की वर्षों से इंतजार कर रही है कि एक दिन इनका क्षेत्र भी सड़क सुविधा से जुड़ेगा। जानकारी के अनुसार इसकी कागजी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी है।

#### औपचारिकताएं पूरी फिर भी नहीं हुआ निर्माण

स्थानीय निवासी एवं वार्ड मेंबर विक्रम जीत, ललित कुमार,ओम प्रकाश, विपिन कुमार, नरेश कुमार,सुनील कुमार ,अनु शर्मा, रवि शर्मा व केसर राम का कहना है कि विभाग ने इस सड़क के निर्माण से संबंधित इनसे जो भी कागज और दूसरी औपचारिकताएं मांगी थी वे पूरी कर दी गई हैं। सड़क निर्माण के दौरान आने वाली निजी जमीन को भी विभाग के नाम दान कर दिया है। बावजूद इसके अभी तक इस सड़क के लिए बजट का प्रावधान नहीं हो पाया है। हम नहीं चाहते हैं कि चुनाव का बहिष्कार हो लेकिन उनकी समस्याओं की तरफ विभाग सरकार व प्रशासन कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है।

**दोनों पार्टियों के खिलाफ ग्रामीणों में रोष**

#### जल्द करवाया जाएगा टेंडर: भाल चंद

भाल चंद, सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग गरोला ने कहा कि हो सकता है इस सड़क निर्माण के दौरान एफसीए का रोडा अटक रहा है। यदि कागजी औपचारिकताएं पूरी हैं तो जल्द से जल्द इस रोड के लिए टेंडर करवा दिया जाएगा। लोगों को इस समस्या से निजात मिल जाएगी। उन्होंने कहा है कि अगर औपचारिकताएं पूरी नहीं भी होगी तो उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर पूरी करने की कोशिश की जाएगी।

## नाग मंदिर मार्ग की हालत खस्ता

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नगर परिषद चंबा के अधीन हरदासपुरा वार्ड के अंतर्गत पड़ने वाले मुगला मोहल्ले में नाग मंदिर मार्ग इन दिनों अनदेखी का दंश झेल रहा है। आलम यह है कि यह मार्ग इतनी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है कि रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले सैकड़ों लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों में जर्म सिंह, बिट्टू, राजू, मोनू, रिंकू, राकेश, कालू आदि ने बताया कि कुछ माह पूर्व इस मोहल्ले में सीवरेज का कार्य आरंभ किया गया था। जिस दौरान सीवरेज की मेन पाइप को बिछाने के लिए इस मार्ग से तारकोल को उखाड़ा गया था और मेन पाइप स्थापित की गई थी, लेकिन इस मार्ग की मरम्मत नहीं की गई है। रोजाना सैकड़ों छात्र इस मार्ग से होकर गुजरते हैं जिन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि मार्ग पर बिखरे पड़े पत्थरों के कारण रोजाना कोई न कोई दोपहिया वाहन चालक हादसे का शिकार होता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द उक्त मार्ग की सुध ली जाए ताकि क्षेत्र के लोगों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। अंजु राणा पार्षद हरदासपुरा वार्ड का कहना है कि हरदासपुरा वार्ड के अंतर्गत पड़ने वाले मुगला मोहल्ले में नाग मंदिर मार्ग का निरीक्षण करवा कर जल्द ही सुधारात्मक कदम उठाएं जाएंगे। ताकि क्षेत्रवासियों को मार्ग समस्या से दो चार न होना पड़े।



वार्ड हरदासपुरा के अधीन खस्ता हालत नाग मंदिर मार्ग।

## चंबा के विपिन ने ड्रीम इलेवन में जीते एक करोड़ पांच लाख

**आरके रांगड़ा, चंबा**

आईपीएल शुरू होते ही पैसों की बरसात भी शुरू हो गई है। ड्रीम इलेवन पर टीम बनाकर हिमाचल का एक और युवक करोड़पति बन गया है। मंगलवार को चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात के बीच आईपीएल का मैच खेला गया, जिसमें चेन्नई ने जीत दर्ज की। इसी मैच में हिमाचल के चंबा जिला के युवक ने ड्रीम इलेवन पर टीम लगाई और एक करोड़ पांच लाख रुपए जीत लिए।

युवक विपिन ठाकुर चंबा जिला के कीड़ी गांव के रहने वाले हैं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल कीड़ी के पास किराना की शॉप करते हैं। विपिन ने बताया कि वह पिछले तीन साल से ड्रीम इलेवन पर टीम लगा रहे हैं और मंगलवार को उन्होंने टीम लगाकर 810.5 अंक हासिल कर एक करोड़ पांच लाख रुपए जीते हैं।

यही नहीं उनके छोटे भाई संजीव ठाकुर ने भी इसी मैच में टीम लगाई थी और 11 हजार रुपए जीते।



अपने डैशबोर्ड को देखा तो खुद ही वह हैरान रह गया। उन्होंने कहा कि ड्रीम 11 में वह पिछले काफी समय से टीम बनाता रहता था, लेकिन कभी उसे सफलता नहीं मिली। आखिरकार 2024 का आईपीएल उनके लिए वरदान साबित हुआ है। विपिन के पिता धनीराम जल शक्ति विभाग से रिटायर्ड हैं और माता द्वारका देवी गृहिणी हैं। विपिन की शादी हो चुकी है और सात व तीन साल के दो बेटे भी हैं। विपिन ने बताया कि वह इस पैसे को बिजनेस में लगाएंगे और आगे भी खेलते रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### आईएएस अधिकारी कोर्ट से राहत मिलने पर पुन: पदभार संभालेंगे या नहीं

## एडीसी नवीन तंवर की ज्वाइनिंग को लेकर चर्चाएं जोरों पर

**ओपी शर्मा, भरमौर**

भरमौर के एडीसी नवीन तंवर के छुट्टी पर जाने के बाद उनके यहां पर ज्वाइनिंग को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। जिसे लेकर हर कोई जानने को बेहद उत्सुक हैं कि अब आगे क्या होगा, क्या आईएएस अधिकारी नवीन तंवर कोर्ट से राहत मिलने पर पुन: अपना पदभार संभालेंगे या फिर वह अदालत का आगामी फैसला आने तक लंबे अवकाश पर ही रहेंगे।

वहीं अभी तक राज्य सरकार की और से भी अधिकारी के जाने के बाद एडीसी भरमौर पद को स्थायी रूप से बहाल नहीं किया गया है। नवीन तवंर ने कुछ दिन के लिए सरकार के पास छुट्टी के लिए आवेदन किया था। हालांकि 21 मार्च को उनकी सीबीआई कोर्ट गाजियाबाद में सुनवाई थी। जिसके लिए उन्होंने सरकार के पास छुट्टी के लिए आवेदन भी कर दिया था, लेकिन कोर्ट के फैसले को लेकर वह यहां पर उनकी ज्वाइनिंग को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। यहां पर अधिकतर कर्मचारी वर्ग उनकी ज्वाइनिंग नहीं चाहता है । कोर्ट के फैसला आने के बाद उनके यहां पर भी खूब किरकिरी हुई है। गौरतलब है कि गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने भरमौर के एडीसी नवीन तवंर सहित छह लोगों को क्लर्क भर्ती परीक्षा में दोषी मानते हुए तीन साल की सजा और 10 हजार का जुर्माना किया था।

हालांकि इसके लिए उन्हें ऊपरी अदालत में जाने के लिए और बेल के लिए एक महीने का वक्त भी दिया गया था। आपको बता दें की आईबीपीएस भर्ती परीक्षा में दूसरों की जगह पेपर देने के मामले को लेकर सिविल कोर्ट ने उन्हें तीन साल की सजा सुनाई थी। उनकी सजा के बाद यहां पर भरमौर में कर्मचारियों ने भी उनके द्वारा दी गई प्रताड़ना को लेकर मुंह खोल दिया था। जिसकी यहां पर लोग व कर्मचारी अब सरकार के अगले कदम की ओर लगातार नजर लगाए हुए है। लोगों का कहना है की सरकार क्या इस तरह के दागी आदमी को भरमौर में ज्वाइनिंग देती है या फिर उनका तबादला होता है। (अनंत ज्ञान)

**अधिकतर कर्मचारी वर्ग नहीं चाहता है यहां ज्वाइनिंग**



नवीन तंवर।

### सूडोकु 0015 (★★★★★ कठिनतम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0014 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

28 मार्च, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** तृतीया(06:59) : **नक्षत्र :** स्वाति(04:16), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** हर्शण (11:11) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:51), राहुकाल (01:59 -03: 31)।

**विशेष दिन**

- 28 मार्च 2024 को संकष्टी चतुर्थी।
- 29 मार्च 2020 को रामायण में सुग्रीव की भूमिका निभाने वाले कलाकार श्याम सुंदर का निधन हुआ।

**मेष :** बढ़ती महत्वाकांक्षाएं नई सफलता की ओर बढ़ेंगी। आपके व्यक्तित्व में वृद्धि होगी और आप आसानी से लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**वृषभ:** आज का दिन मिश्रित परिणाम देने वाला रहेगा। आप दूसरों पर अपने शब्दों से प्रभाव डालेंगे, लेकिन आपकी सेहत साथ नहीं देगी।

**मिथुन:** आय के लिए बेहद शुभ दिन है। व्यापारिक कार्य से संबंधित योजनाएं फलीभूत होंगी। यात्रा का परिणाम सुखदायी होगा।सफलता का योग बना हुआ है।

**कर्क :** स्वास्थ्य के संदर्भ में यदि कोई बीमारी पहले से चली आ रही है, तो वह इस सप्ताह बढ़ सकती है। ऐसे में पहले से ही सावधानी बरतें।

**सिंह:** आज उद्यमी और व्यवसायी व्यस्त रहेंगे और सफल भी होंगे। नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति के साथ स्थानांतरित किया जा सकता है।

**कन्या :** परीक्षा या प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र सफलता प्राप्त करेंगे। यदि कोर्ट में कोई संपत्ति संबंधी मामला है, तो वह आपके पक्ष में जाएगा।

**तुला :** व्यापारिक संदर्भ में आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है। आपके वरिष्ठ व सहयोगी आपको पूर्ण सहयोग देंगे। आपके कई लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे।

**वृश्चिक:** यात्राएं अधिक हो सकती हैं। आपको अपने वरिष्ठों और आधिकारियों से मदद और पुरस्कार प्राप्त हो सकतें हैं। आप अपने कार्य स्थल पर प्रशंसा के पात्र रहेंगे।

**धनु :** आप नियमों का पालन करने के लिए बाध्य है। इसके कारण परियोजनाओं में देरी हो सकती है। आपके कुछ वरिष्ठ खुले तौर पर अनैतिक हो सकते हैं।

**मकर:** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी।

**कुंभ :** व्यावसायिक और आर्थिक संदर्भ में आज आप कुछ निराशा का अनुभव कर सकते हैं। आपके दुश्मन आपके लिए मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं।

**मीन :** आपको अपने गुप्त शत्रुओं द्वारा बनाई गई कुछ छोटी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। अधिकारियों के साथ व्यवहार करते समय आपको सावधान रहना चाहिए ।

**लोकसभा चुनाव** | **पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी का ऐलान**

# पार्टी चाहेगी तो चुनाव लड़ने को तैयार

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पूर्व वन मंत्री एवं भरमौर के कदावर नेता ठाकुर सिंह भरमौरी ने कहा है कि पार्टी हाई कमान अगर उन्हें आदेश देती है तो वह चंबा-कांगड़ा लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी की ओर से चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा है कि अगर कांग्रेस हाई कमान, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह का आशीर्वाद उन्हें मिलता है तो वह हर हाल में इस सीट को जीतकर कांग्रेस की झोली में डाल देंगे। गौरतलब है कि पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौरी को ठेठ गद्दी नेता के रूप में पहचाना जाता रहा है। चंबा-कांगड़ा के गद्दी वोट बैंक में उनकी अच्छी खासी पकड़ भी मानी जाती रही है। चंबा-कांगड़ा संसदीय सीट पर गद्दी समुदाय के वोटरों की संख्या भी अच्छी खासी तादाद में मानी जाती है और इस समुदाय के लोग यहां पर किसी भी राजनीतिक दल की दिशा और दशा पलट सकते हैं। गौरतलब है 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में कांगडा से बतौर गद्दी नेता किशन कपूर ने जीत का नया रिकॉर्ड बनाया था। माना जाता है कि उन्हें गद्दी समुदाय का एकमुश्त वोट पड़ा था। जिसके कारण वह चार लाख से अधिक मतों से विजय हुए थे। भाजपा द्वारा गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोगों की टिकट कटने के बाद उनकी नाराजगी को भुनाने के लिए भी कांग्रेस में अंदरखाते रणनीति चल रही है। वही सोशल मीडिया में भी ठाकुर सिंह भरमौरी को चंबा-कांगड़ा से बतौर गद्दी समुदाय उम्मीदवार उतारने की जोरदार पैरवी भी शुरू हो गई है। हालांकि लोकसभा चुनाव में गद्दी सामुदाय को प्रतिनिधित्व देने के लिए गद्दी समुदाय से जुड़ा एक संगठन पिछले कई दिनों से लगातार जनसमर्थन भी जुटा रहा है और इसके लिए उन्होंने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी और प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी अवगत करवाया है। बहरहाल चंबा-कांगड़ा सीट से पूर्व वन मंत्री ठाकुर सिंह भरमौर की पैरवी को लेकर भरमौर के लोग भी एकजुट होना शुरू हो गए हैं। गद्दी बहुल की संख्या अधिक होने के कारण इनकी पैरवी भी को और अधिक बल भी मिल रहा है।



#### गद्दी समुदाय में भाजपा के प्रति रोष

भाजपा द्वारा इस समुदाय से ताल्लुक रखने वाले विधायक विशाल लहरिया, त्रिलोक कपूर, दुलो राम और किशन कपूर की टिकट काटे हैं। जिससे गद्दी समुदाय के लोगों में भाजपा के प्रति कहीं न कहीं रोष पनप रहा है। लिहाजा लोगों ने भी मांग करना शुरू कर दी है कि इस बार कांग्रेस पार्टी की ओर से चंबा-कांगड़ा विधानसभा लोकसभा क्षेत्र से किसी गद्दी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले व्यक्ति को टिकट दी जाए। हालांकि गद्दी समुदाय से जुड़े एक गैर राजनीतिक संगठन में भाजपा द्वारा इस समुदाय से जुड़े लोगों को दरकिनार करने पर नाराजगी जताई है और कांग्रेस को इस समुदाय से टिकट देने पर चंबा-कांगड़ा व मंडी लोकसभा क्षेत्र में हर परिवार से पार्टी के पक्ष में वोट करने का आह्वान भी करने की बात कही है।

## बनीखेत में श्रीराम कथा कल से

**डलहौजी।** भुरू नाग देवता मंदिर बनीखेत में 29 मार्च से श्रीराम कथा व श्रीराम महायज्ञ का आयोजन करवाया जा रहा है। यह आयोजन छह अप्रैल तक चलेगा। इस आयोजन में विशेष 29 मार्च को प्रात: नौ बजे महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। श्रीराम कथा की शुरुआत बाद दोपहर साढ़े तीन बजे से शाम के सात बजे तक रहेगा जो प्रतिदिन जारी रहेगा। 31 मार्च को अग्नि स्थापन अरणीमंथन दोपहर 1 बजे हवन प्रारंभ 1:30 बजे, वेद पारण शाम को प्रतिदिन तथा छह अप्रैल को श्रीराम कथा समापन एवं पूर्णाहूती दोपहर 1: 00 बजे तक होगी। यज्ञ आचार्य गणेश दत्त शर्मा, कथावाचक आचार्य शिवकुमार शर्मा विशेष रूप से अपनी सेवाएं देंगे। बताते चलें यह आयोजन भुरु नाग देवता मंदिर कमेटी, यूथ क्लब बनीखेत एवं बनीखेत के ग्राम वासियों के सौजन्य सेकरवाया जा रहा है। यूथ क्लब बनी खेत के अध्यक्ष विश्वजीत कालू ने क्षेत्रवासियों से इसमें शामिल होने की अपील की है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिभी में शोभला सराज पर्यटन उत्सव 29 से

**कुल्लू।** बंजार घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिभी में दो दिवसीय पर्यटन उत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। जिला पर्यटन विकास अधिकारी ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिभी वैली पर्यटन विकास एसोसिएशन के सहयोग से बंजार घाटी के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल जिभी में 29 व 30 मार्च को शोभला सराज नाम से जिभी घाटी पर्यटन उत्सव मनाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पर्यटन उत्सव के आयोजन के दौरान 29 मार्च को देशभर से आए प्रतिभागियों का स्वागत किया जाएगा और उनके लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस उत्सव के दौरान ही 30 मार्च को जलोड़ी पास में स्की ओपन नेशनल चैंपियनशिप और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस उत्सव के दौरान जिभी में भी विभिन्न महिला मंडलों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्थानीय पांरम्पारिक लजीज व्यंजनों व अन्य उत्पादों से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगें। इस पर्यटन उत्सव में फोटोग्राफी प्रतियोगिता तथा जिभी घाटी में पर्यटन को विकसित करने के संबंध में घाटी के पर्यटन से संबंधित हितधारकों व अधिकारियों के मध्य पैनल डिस्कशन का आयोजन भी किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूली छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्सटेनेबल टूरिज्म के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### 29 मार्च को बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**कुल्लू।** सहायक अभियंता विद्युत उप मण्डल कुल्लू ने विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि 33/11 के.वी. सब-स्टेशन के तीन ट्रांसफार्मर की मुरम्मत और रख-रखाव के चलते समस्त कुल्लू शहर, अखाड़ा, सरवरी, गांधीनगर, लगवैली, खराहल, सेऊबाग, बबेली, कोलीबेहड़ व आसपास के इलाकों में 29 मार्च को सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि यदि उपरोक्त तिथि में मौसम खराब रहा या फिर बारिश होती है तो ऐसे में यह कार्य अगले कार्य दिवस में किया जाएगा।

### बंद रूटों पर अब फिर से चलेंगी बसें

**कुल्लू।** जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है और सर्द मौसम भी समाप्ति की ओर बढ़ चुका है ऐसे में जिला कुल्लू सहित जिले लाहौल स्पीति में भी अब हालात धीरे धीरे सामान्य हो रहा है। फरवरी और मार्च के महीने में हुई भारी बर्फबारी से जो भी रूट बंद हो चुके हैं उन पर निगम की बसें दौड़ना शुरू हो गई हैं। एचआरटीसी ने कुल्लू- शुश -शवाड़- आनी रूट पर बतौर ट्रायल चलाई बस को सफल ट्रायल के बाद अब नियमित कर दिया है। भारी बर्फबारी से बंद हुए इस मार्ग पर 56 दिनों के बाद निगम ने फिर से संबंधित इलाकों की बस सेवा को शुरू कर दिया है। ऐसे में जिला कुल्लू की रघुपुर घाटी की 16 पंचायतों के साथ लगते मंडी जिले के छतरी क्षेत्र के सैंकड़ो लोगों को बस की सुविधा मिलेगी। ये जिला मुख्यालय कुल्लू को जोड़ने वाला यह नया रूट है। इसे खनाग, लझेरी, कराड, पोखरी, टकरासी, मुहान, रोपा, मुंढदल, बिनन, कुंगश, कराणा, कोटासेरी, विशलाधार, करशैईगाड़, लगौटी व फनौटी के साथ लगते करसोग व छतरी क्षेत्र सैकड़ों लोगों को लाभ मिलेगा।

### चार होनहारों को 25-25 हजार का इनाम

**गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर के छात्र शिक्षा के क्षेत्र में नई इबारत लिख रहे हैं। इस कड़ी में डीआर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों प्रेरणा, सिमरन मेहता, सक्षम राणा और अक्षिता को हिमाचल सरकार की तरफ से 25-25 हजार रुपए दिए जाएंगे। प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि यह राशि सत्र (2022-23) में बोर्ड द्वारा ली गई मैट्रिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मिलेगी। इस सफलता के लिए स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने उनके माता-पिता तथा स्थानीय निवासियों को इसके लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस सफलता का श्रेय होनहार छात्रों व स्कूल स्टाफ को जाता है।

# भगवान त्रिलोकीनाथ से आशीर्वाद लेकर मार्कंडेय ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान

## मार्कंडेय के कांग्रेस में जाने की बात से भाजपा व कांग्रेस पदाधिकारी असमंजस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

पूर्व मंत्री डा. रामलाल मार्कंडेय ने बुधवार को त्रिलोकनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद त्रिलोकनाथ पंचायत से जन संपर्क अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार सुबह वह आशिर्वाद लेने भगवान त्रिलोकीनाथ मन्दिर पहुंचे। माथा टेकने के बाद मार्कंडेय ग्रामीणों से मिले, हालांकि अभी किसी पार्टी से चुनाव लड़ेंगे या निर्दलीय मैदान में उतरेंगे इस पर अभी संशय बरकार है। उधर, रवि ठाकुर को भाजपा टिकट मिलने पर कांग्रेस व भाजपा पदाधिकारियों द्वारा इस्तीफों का सिलसिला जारी है। डा. रामलाल मार्कंडेय द्वारा कांग्रेस में जाने की बात से भाजपा व कांग्रेस पदाधिकारी अंसमजंस में है।

हालांकि भाजपा मंडल केलांग व उदयपुर के पदाधिकारियों ने मंगलवार को ही इस्तीफा देने की बात कही थी लेकिन स्पीति मंडल ने अभी ऐसी कोई पहल नहीं की है। भारतीय जनता पार्टी स्पीति मंडल के अध्यक्ष राकेश ने कहा कि स्पीति भाजपा मंडल ने कोई त्यागपत्र नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि स्पीति मंडल हाईकमान के आदेशों के मुताबिक ही चलेगी। दूसरी ओर कांग्रेस के कुछ नेताओं ने मार्कंडेय के कांग्रेस में आने की बात का कड़ा विरोध किया है। कुछ कांग्रेस नेता रवि ठाकुर का साथ देते हुए कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे रहे हैं जबकि जबकि कुछ भाजपा नेता रवि ठाकुर के आने से अपने पदों से इस्तीफा दे रहे हैं।



पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय त्रिलोकनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कार्यकर्ताओं से मिलते हुए।

### मार्कंडेय को कांग्रेस में शामिल करने का विरोध

**वहीं,** पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय की ओर से कांग्रेस में शामिल होने के दावे और अटकलों का ब्लॉक कांग्रेस उदयपुर ने एकमत विरोध किया है। बुधवार को उदयपुर में आयोजित ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में अभी हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए सुदर्शन जस्पा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जिस नेता ने पिछले 25 सालों से लाहौल स्पीति कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित किया है यदि उन्हें कांग्रेस में शामिल कर दिया दिया तो यह सही नहीं होगा। उन्होंने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है और अब इसको लेकर लाहौल से एक प्रतिनिधिमंडल सीएम व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलेंगे और यह मांग रखेंगे कि कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं जिन्होंने जमीनी स्तर से कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य किया है। हाईकमान की ओर से ऐसे कांग्रेस नेता को टिकट दिया जाए न कि ऐसे नेताओं को जो पिछले कई सालों से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को परेशान कर रहे हैं।

# मार्कंडेय के बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पनपा गुस्सा

## कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने सीएम को बताए ताजा हालात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति की राजनीति में चल रही उथल-पुथल के बीच जिला लाहौल-स्पीति कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने ताजा घटनाक्रम को लेकर मुख्यमंत्री से बात की। कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ जिला प्रवक्ता एवं एपीएमसी सदस्य अनिल सहगल ने बताया कि पार्टी के जिला अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से संगठन और जिला की ताजा राजनीतिक घटनाक्रम के बारे में विस्तार के साथ चर्चा की।



ज्ञाल्सन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जिस प्रकार से भाजपा के पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने पिछले कल बीजेपी कार्यकर्ताओं की बैठक में बताया कि वह किसी भी सूरत में चुनाव लड़ेंगे और हो सकता है कि वे कांग्रेस पार्टी से उपचुनाव में प्रत्याशी भी हो सकते हैं। इस बयान से पार्टी कार्यकर्ताओं में बहुत नाराजगी एवं गुस्सा व्याप्त है। ज्ञाल्सन ने मुख्यमंत्री को बताया कि डॉ. राम लाल मार्कंडेय को किसी भी कीमत में पार्टी में केवल टिकट के लिए शामिल करना उचित नहीं होगा। जिला की अधिकतर जनता और सरकारी कर्मी भी बीजेपी द्वारा रामलाल मार्कंडेय को बीजेपी से टिकट न देने पर बहुत खुश है और हर हाल में उन्हें किसी भी पार्टी से बाहर ही देखना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने जिला अध्यक्ष को भरोसा दिलाया कि जिला कांग्रेस कमेटी ओर पार्टी कार्यकर्ताओं को पूछे बिना पार्टी हाईकमान कोई भी निर्णय ऐसा नहीं लेगी, जिससे कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंचे। साथ ही यह भी कहा कि जल्द ही पार्टी हाईकमान दो लोगों को चुनाव पर्यवेक्षक के तौर पर लाहौल भेजेगी, ताकि वर्तमान परिस्थितियों से अवगत हो सके। जिला अध्यक्ष ने पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि फिलहाल संगठन को मजबूत करने की जरूरत है न कि खुद को प्रत्याशी बनने का प्रचार-प्रसार करने की। उन्होंने बताया कि जल्द ही जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्षता में पार्टी की शीघ्र बैठक बुलाई जाएगी।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने किया घुमारवीं में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

## स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत जिला बिलासपुर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग बुधवार को बिलासपुर प्रवास के दौरान देर शाम घुमारवीं पहुंचे। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय घुमारवीं में स्थापित स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपीएटी के रखरखाव व सुरक्षा के लिए किए गए इंतजामों का निरीक्षण किया।

इस दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत अपना संदेश लिखकर मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने जिला में पहली बार मतदान में भाग ले रहे मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की । उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 1 जून 2024 को मतदान होना है जिसके लिए सभी बिलासपुर के सभी मतदाता शत प्रतिशत मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूत करें। उन्होंने कहा कि 4 मई 2024 में तक पूरे प्रदेश में वोट बनाए जा रहे हैं और जिन मतदाताओं के वोट नहीं बने हैं वह सभी जल्द से जल्द अपना वोट अवश्य बनाएं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वोटिंग लिस्ट में अपना नाम जरूर जांच ले। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मतगणना हॉल तथा दृढ़ कक्ष की स्थापना बारे भारत निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी (उपायुक्त) आबिद हुसैन सादिक ने इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित जिला में किए गए प्रबंधों व अन्य तैयारियों से भी अवगत करवाया।



मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग घुमारवीं में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते हुए, साथ हैं अन्य।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन, एसपी बिलासपुर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण, स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो सीता राम, डॉ. रीता कुमारी, प्रो. राजीव, मतदाता जागरूकता क्लब के विद्यार्थी अमन चौहान, संजना, श्वेता, मुनीक्षा, दामिनी, धीरज ने और निर्वाचन विभाग के कर्मचारियों ने भी हस्ताक्षर किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग 28 मार्च 2024 को जिला मुख्यालय के बचत भवन में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी की समीक्षा बैठक करेंगे।

## सिस्सू से जिस्पा तक उमड़ रही पर्यटकों की भीड़, खिले कारोबारियों के चेहरे

# राहत: लाहौल घाटी के सभी पर्यटन स्थल बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

बर्फ से ढके लाहौल घाटी के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हो गए हैं। सिस्सू से जिस्पा तक पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन ने दस्तक दे दी है। समर सीजन के दस्तक देने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं। मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में भी रौनक छा गई है।

फरवरी व मार्च महीने में निकटवर्ती पर्यटन स्थल सोलंगनाला में हिमपात का क्रम जारी रहा है। अधिकतर समय सोलंगनाला ही सैलानियों का स्नो प्वाइंट रहा है। इससे स्थानीय लोगों का कारोबार बेहतर रहा है। पिछले कुछ दिनों से अब लाहौल घाटी पर्यटकों की पहली पसंद बन गई है। पर्यटन स्थल कोकसर हालांकि अभी पर्यटकों के लिए बहाल नहीं है लेकिन सिस्सू से जिस्पा तक के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों ने दस्तक दे दी है।

लाहौल के पर्यटन कारोबारी पलजोर, दीपक, टशी व दोरजे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लाहौल घाटी पर्यटकों से गुलजार हो गई है। उन्होंने बताया कि बुधवार को भारी संख्या में पर्यटक लाहौल घाटी पहुंचे। पर्यटकों ने एक ओर जहां सिस्सू मैदान में बिछी तीन से चार फीट बर्फ का आनंद लिया वहीं सड़क में बनी 40 फीट बर्फ की ऊंची दीवार में फ़ोटो ग्राफी का आनंद लिया।

एसपी लाहौल स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को जिस्पा तक भेजा जा रहा है। जल्द ही कोकसर पर्यटन स्थल भी पर्यटकों के लिए बहाल हो जाएगा।

# अब शहीद मृदुल शर्मा के नाम से जाना जाएगा बाल स्कूल हमीरपुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल हमीरपुर का नाम शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हमीरपुर कर दिया गया है। बुधवार को पाठशाला शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के नाम का बोर्ड लगा दिया गया है। इससे शहर के लोगों और परिजन काफी खुश हैं। पिछले लंबे समय से राजकीय पाठशाला हमीरपुर का नाम मृदुल शर्मा के नाम पर रखे जाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया गया है।

जिला अध्यक्ष सुमन भारती, कांगड़ा बैंक के चेयनमैन कुलदीप पठानिया, मंडी उपज समिति के अध्यक्ष अजय शर्मा, डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा व अन्य कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि पाठशाला का नाम शाहिद के नाम पर रखना मुख्यमंत्री सुक्खू की शहीदों के प्रति सोच और सम्मान को दर्शाता है। उन्होंने पाठशाला का नामकरण शाहिद मृदुल शर्मा के नाम पर की जाने के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद करते हुए आभार व्यक्त किया है।



# नाबालिगों को धूम्रपान सामग्री बेचने वालों की अब खैर नहीं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कोटपा के तहत चंबा जिले में धूम्रपान पर शिकंजा कसने के लिए हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य स्वयंसेवी संस्था ने समस्त विभागों को सक्रिय काने के लिए कदमताल आरंभ कर दिया है। संस्था द्वारा जिला स्तर से खंड स्तर तक इस अभियान को सफल बनाने के लिए फिल्ड में उड़नदस्तों को तैनात कर दिया है। जिसमें जिला स्वास्थ्य अधिकारी से लेकर समस्त विभागों में प्रमुखों को शामिल किया गया है। इन उड़नदस्तों द्वारा शिक्षण संस्थान सहित सार्वजनिक संस्थान पर धूम्रपान करने व 18 वर्ष से कम आयु के युवाओं को धूम्रपान बेचने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी।

प्रदेश सरकार ने हिमाचल को धूम्रपान मुक्त बनाने के लिए पूरे प्रदेशभर में स्वास्थ्य विभाग सहित पुलिस व अन्य समस्त विभाग प्रमुखों को सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए चालान बुक दी गई थी, मगर स्वास्थ्य विभाग व पुलिस विभाग को छोड़कर अन्य विभागों द्वारा इस मुहिम में खास रुचि न दिखाने पर अब हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य स्वयंसेवी संस्था ने इन विभागों को सक्रिय करने के लिए जिला सतरीय वर्कशॉप के माध्यम से कोटपा के बारे में विसतार से जानकारी दी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त धूम्रपान करने वालो पर कोटापा के सैक्शन-4 के तहत कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए है।

### क्या है कोटपा अधिनियम?

**कोटपा** के तहत अगर किसी भी दुकान या सार्वजनिक स्थान पर कोई भी कंपनी धूम्रपान संबिधत प्रचार प्रसार के लिए बोर्ड का प्रयोग करती है तो संबधित कंपनी पर पांच हजार रूपय तक के जुर्माने का प्रवाधन है साथ ही एक वर्ष की कैद भी हो सकती है। लिहाजा हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य संवयसेवी संस्था ने कोटपा के तहत इस वर्ष धम्रपान के प्रचार प्रसार पर प्रतिबंध लगाने के लिए अभियान आरंभ कर दिया है।

**हिमाचल** प्रदेश स्वास्थ्य स्वयंसेवी संस्था द्वारा धूम्रपान पर शिकंजा कसने के लिए विभागों को जिलास्तर की वर्कशॉप के माध्यम से सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने के लिए विस्तार से जानकारी दी है। इस वर्कशॉप में समस्त विभागों के एचओडी को प्रमुखता के साथ धूम्रपान करने वालों पर शिकंजा कसने के लिए निर्देश दिए गए है।

**डॉ. करण हितैषी, जिला स्वास्थ्य कार्यक्रम अधिकारी, चंबा।**

# पुरातात्विक सांस्कृतिक अध्ययन को सर्वेक्षण दल रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पुरातत्व संरक्षण परिषद सिकंदर धार डाकघर बाहल्ड़ा तहसील बलद्वाड़ा जिला मंडी के तत्वावधान में बुधवार को एक सर्वेक्षण दल सरकाघाट से रवाना हो गया है। सर्वेक्षण दल में बारह सदस्य हैं, जिसमें सेवानिवृत्त व वरिष्ठ नागरिक ओम प्रकाश शर्मा, रमेश चंद शर्मा, कश्मीर सिंह ठाकुर, प्रताप सिंह ठाकुर, कश्मीर सिंह पठानिया, करतार चंद आजाद, कुलदीप सिंह ठाकुर, यशपाल शर्मा, बलवीर सिंह गुलेरिया, बलवीर चंद पूर्व आर्मी तथा सतीश कुमार व घनश्याम क्रमश: शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। ओमप्रकाश शर्मा दल का संचालन कर रहे हैं रमेश शर्मा इनके सहायक हैं तथा फोटोग्राफी विडियो ग्राफी का जिम्मा प्रताप सिंह ठाकुर को सौंपा गया है।

यह दल हरिद्वार, नेमिसारन, अयोध्या, पोखरा, काठमांडू, जनकपुरी, बैद्यनाथ, गया, बोधगया, चित्रकूट, बनारस, इलाहाबाद आदि स्थानों का भ्रमण करेंगे व वहां के रहन सहन खान पान और संस्कृति का सर्वेक्षण करेंगे।




पुरातात्विक सांस्कृतिक अध्ययन के लिए रवाना होता सर्वेक्षण दल।

### देसी शराब बरामद



**लंबागांव।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत टिकरी में निर्मल कुमार निवासी टिकरी की दुकान से 9,000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

# गेयटी में रंगचर पुस्तक का विमोचन


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में बुधवार को दि बिगनर्स सोसायटी शिमला भाषा एवं संस्कृति विभाग प्रदेश तथा गेयटी ड्रामेटिक सोसायटी की ओर से कान्फ्रेंस हाल में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर भारती कुठियाला सदस्य, फिल्म प्रमाणन बोर्ड एवं उपाध्यक्ष हिम सिने सोसायटी एक सोच की ओर से संपादित पुस्तक गेयटी के रंगचर पुस्तक का विमोचन विश्व प्रसिद्ध नाट्य निर्देशक रंगकर्मी और दो बार सांस्कृतिक राजनायक रहे पद्म श्री बलवंत ठाकुर, डॉ. रीटा वशिष्ट, सदस्य सचिव विधि आयोग एवं श्रीयुत एसएन जोशी के करकमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि पद्मश्री बलवंत ने कहा कि रंगमंच के लिए परले दर्जे के पागलपन का जुनून होना आवश्यक है। रंगमंच पूरे समाज परिभाषित और प्रदर्शित करता है। हमें नाटक के विस्तार के लिए एकजुट होकर कार्य करना होगा। थियेटर के लिए मार्केटिंग की आवश्यकता है, किंतु हमें उस दृष्टि से रंगमंच में परिपक्व एवं समृद्ध होना आवश्यक है।

निदेशक भाषा संस्कृति विभाग डॉ. पंकज ललित ने संगोष्ठी में रखे गए बिंदुओं पर विभागीय कार्रवाई अमल में लाने का आश्वासन दिया। बलवंत द्वारा सुझाए गए बिंदुओं को व्यावहारिक बनाने के प्रति विचार करने का भी आश्वासन दिया।



शिमला के गेयटी थियेटर में नाटक का मंचन करते कलाकार।

**शिक्षा** | कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में करियर काउंसलिंग कार्यशाला आयोजित

# सैकड़ों स्टूडेंट्स को दिए करियर बनाने के टिप्स

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू महाविद्यालय के समीप स्थित कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को छात्र एवं छात्राओं के लिए करियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन कर स्कूल के बाद होने वाली असमंजसता की स्थिति के बारे में विस्तार के साथ चर्चा की गई। इस कार्यशाला में काउंसलिंग के लिए जाने माने काउंसलर डीयू से ऑर्गेनिक केमेस्ट्री में पीएचडी डॉ. प्रमोद पाठक सहित एनआईटी जालंधर से पासआउट शिवानी गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।

काउंसलिंग के दौरान डॉ. प्रमोद ने विषयों के बारे समझ रखने और भविष्य में किस विषय को अपने करियर के लिए चुनना है, इस बारे में कुछ जरूरी टिप्स दिए साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को आत्मविश्वास व मेहनत के साथ करियर में आगे बढ़ने के बारे में प्रोत्साहित किया। इस कार्यशाला में छात्रों को आर्ट्स, मेडिकल, नॉन-मेडिकल ओर कॉमर्स से संबंधित करियर के बारे में विस्तार से बताया और साथ ही इन विषयों को लेकर स्टूडेंट्स को हो रही परेशानी के बारे में चर्चा करते हुए उन विषयों पर कैसे पकड़ बनाऐं इस के बारे में भी जरूरी जानकारियां दी गई।

इस दौरान उन्होंने स्टूडेंट्स के अभिभावकों से भी खुल कर बात की ओर उनके अपने बच्चों के भविष्य के बारे में भी विचार सुने। इस दौरान उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को अपनी काबिलियत और योग्यता अनुसार अपने पसंदीदा विषयों को चुनने दो, ताकि बच्चे उस विषय में अच्छा से अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

इसके बाद उन्होंने सभी छात्र एवं छात्राओं से भी उनके मन में चल रही दुविधाओं के बारे में भी खुल कर बात की और इस संदर्भ में उन्हें जरूरी परामर्श भी दिए।

डॉ. प्रमोद ने अपने संबोधन में कहा कि छात्र पहले अपने चुने गए विषयों को लेकर आश्वस्त हो जाएं और उसके बाद ही अन्य विकल्पों पर विचार करें। इस दौरानएक स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन भी किया गया था जिसमें विशेष तौर पर जमा एक में एडमिशन लेने वाले करीब 100 से 150 छात्र शामिल रहे। (अनंत ज्ञान)



कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी व इनसैट में उनको संबोधित करते हुए डॉ. प्रमोद।

### बच्चों को सही दिशा देने का किया प्रयास: सुरेश

**कुल्लू** कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एमडी सुरेश कुमार के अनुसार दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ओर छात्रों के अभिभावकों में करियर से संबंधित उत्पन्न होने वाली दुविधाओं के निवारण के लिए और प्रोफेशनल करियर काउंसलर डॉ. प्रमोद पाठक के माध्यम कार्यशाला का आयोजन कर बच्चों को करियर से संबंधित सही दिशा देने का प्रयास किया है, ताकि छात्रों को निकट भविष्य में कोई दुविधा न हो।

# कोसरियां वार्ड की दास्तां, न कोई रास्ता, न वास्ता

## तंग गलियां और बढ़ते अतिक्रमण से रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित, आपातकाल में एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती घरद्वार

**शिवानी वर्मा, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के कोसरियां वार्ड में लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। न तो इस वार्ड में लोगों को अपने घरों तक पहुंचने का पर्याप्त रास्ता है और न ही इन लोगों को आपातकाल स्थिति में कोई एंबुलेंस व अन्य सुविधा मिल पाती है। कई बार तो हालात ऐसे पैदा हो जाते हैं कि मरीज को सड़क तक पहुंचाते ही मरीज की हालात अधिक खराब हो जाती है।

वहीं, कुछ घरों के रास्तों में ऐसी भी दिक्कत है कि अगर उनके घर में किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उनको शव को बाहर निकालना बहुत मुश्किल हो जाता है। यह समस्या अभी से पैदा नहीं हुई है, इसे लंबे समय से कोसरियां वार्ड के बाशिंदे सहन कर रहे हैं। इस समस्या का मुख्य कारण यहां पर अतिक्रमण है क्योंकि यहां पर दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे अतिक्रमण के चलते लोगों को चलने तक का रास्ता नहीं मिल रहा है। आपको बता दें कि अगर बिलासपुर कॉलेज के कोसरियां की ओर नजर दौड़ाएं तो कोसरियां वार्ड बहुत छोटा सा दिखाई देता है।



नगर के कोसरियां वार्ड की तंग गलियां।

परंतु अंदर-अंदर तंग गलियां और लोगों की ओर से किए गए अतिक्रमण की वजह से इन दिनों शहर की सबसे अधिक आबादी कोसरियां में रहती है। बिलासपुर कॉलेज के स्टूडेंट, नौकरी करने वाले लोग व अन्य लोग इन दिनों यहां पर रहते हैं, क्योंकि यहां पर कम किराए पर लोगों को रहने के लिए कमरे मिल जाते हैं। वहीं, सुविधा की बात करें तो यहां पर घरद्वार पर 100 प्रतिशत में से कुछ पांच प्रतिशत लोगों के घर आंगन तक ही गाड़ियां लग पाती हैं, बाकी लोगों को अपने घरों से काफी दूरी पर जाकर वाहन खडे करने पड़ते हैं। (अनंत ज्ञान)

### घर से शव बाहर निकालना मुश्किल

आपकों बता दें कि कोसरियां वार्ड के कुछ क्षेत्र ऐसे भी हैं, जहां किसी की मृत्यु हो जाती है, तो उनके शवों को घर से बाहर निकालने में भी काफी दिक्कत होती है। कई बार तो कोसरियां क्षेत्र में ये भी हालात पैदा हुए हैं कि यहां पर लोगों को शव की अर्थी तैयार करने के लिए भी अपने घर से काफी दूरी तक शव को रखना पड़ता है।

### भविष्य में और भी बढ़ सकता संकट

कोसरियां वार्ड में दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे अतिक्रमण की वजह से यह स्थिति पैदा हुई है। अगर इस तरह से बढ़ रहे अतिक्रमण पर रोक नहीं लगाई गई, तो भविष्य में यह संकट और भी अधिक बढ़ सकता है।

### यह समस्या लंबे समय से : अजय

इस संदर्भ में जब कोसरियां के वार्ड पार्षद अजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि यह समस्या लंबे समय से है, लेकिन फिर भी लोगों को पानी व सड़क की सुविधा देने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### पहले वार्ड हुआ करता था खुला

स्थानीय लोगों ननु, संदीप, सुरेश, आशीष, प्रदीप, विकास, विशाल, गौरव, मनंदीप सिंह आदि का कहना है कि यहां पर लोगों को रोजमर्रा की जिंदगी प्रभावित हो रही है। यहां पर लोगों को अपने घर आंगन तक आने के लिए काफी तंग गलियों से आना पड़ता है। यहां के बुजुर्गों से बात की गई तो उन्होंने कहा कि पहले कोसरियां वार्ड काफी खुला वार्ड हुआ करता था, लेकिन अब हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां पर लोगों द्वारा अधिक अतिक्रमण करने की वजह से यहां चलने तक का रास्ता नहीं बचा है।

# आचार संहिता लागू, 25 फीसदी ने ही जमा करवाए लाइसेंसी हथियार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

लोकसभा के चुनावों की घोषणा के बाद लगी आचार संहिता के दौरान सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को अपने हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने के आदेश जारी हो जाते हैं, जब एक निर्धारित तिथि के अंदर सभी लाइसेंसी हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवाने पड़ते हैं।

घुमारवीं पुलिस थाना के तहत भी ऐसे सभी लोगों को 31 मार्च से पहले अपने लाइसेंसी हथियार जमा करवाने के आदेश जारी किए गए हैं, लेकिन अभी तक करीब 25 फीसदी लाइसेंसी हथियार ही घुमारवीं थाने में जमा हुए हैं। पुलिस थाना घुमारवीं के पास रिकॉर्ड के अनुसार क्षेत्र में करीब 1325 लोगों के पास लाइसेंसी हथियार हैं और अभी तक केवल 307 लोगों ने ही अपने लाइसेंसी हथियार जमा करवाए हैं, जबकि सभी लोगों को आचार संहिता लगने के बाद लाइसेंस हथियार रखने वाले लोगों को अपने हथियार अपने नजदीकी थाने में जमा करवाने होते हैं। पुलिस विभाग की माने तो पुलिस थाना के रिकॉर्ड में मौजूद सभी लाइसेंसी हथियार रखने वालों को आदेश जारी कर दिए हैं कि अपने हथियार 31 मार्च तक जमा करवा दें। पुलिस प्रशासन के अनुसार अगर लोगों ने समय पर अपने हथियार जमा नहीं करवाए, तो उनका लाइसेंस भी रद्द हो सकता है। इसके अलावा उन पर धारा-188 के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। थाने में हथियार जमा करवाने के बाद हथियार जमा करवाने वाले को एक रसीद दी जाती है तथा चुनाव खत्म होने के बाद रसीद दिखाकर वह अपना लाइसेंस हथियार वापस ले सकते हैं, लेकिन अगर कोई समय पर हथियार जमा नहीं करवाता है, तो उस पर कानून कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

> सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को आदेश जारी कर दिए गए हैं कि वह 31 मार्च से पहले अपने हथियार नजदीकी पुलिस थाना में जमा करवा कर उसकी रसीद ले लें। अगर समय पर कोई अपने हथियार जमा नहीं करवाता है, तो उसके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> **चंद्रपाल सिंह, उपपुलिस अधीक्षक घुमारवीं।**

# पशुओं के इलाज के लिए 1962 पर करें फोन, पहुंचेगी एंबुलेंस

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पशुपालकों के लिए अच्छी खबर है। अब पशुओं के इलाज के लिए उन्हें भटकना नहीं पड़ेगा। घायल, बीमार व असहाय पशुओं के निशुल्क इलाज की सुविधा टोल फ्री नंबर-1962 पर फोन करने पर एंबुलेंस घर पर पहुंचेगी और स्वास्थ्य टीम पशु का निशुल्क इलाज करेगी।

अब पशुपालकों को अपने पशुओं के इलाज की सुविधा घर पर ही मिलेगी। इसके लिए सरकार की ओर से बिलासपुर के लिए तीन एंबुलेंस उपलब्ध करवाई गई हैं, जिसके तहत आज यह एंबुलेंस उपमंडल घुमारवीं के तहत पशु चिकित्सालय घुमारवीं पहुंची। इसके साथ ही एक-एक एंबुलेंस बिलासपुर सदर तथा झंडूता उपमंडल के लिए भी उपलब्ध करवाई गई है, जो पॉलीक्लिनिक





बिलासपुर तथा पशु चिकित्सालय बरठीं में उपलब्ध रहेगी। यह एंबुलेंस 108 की तर्ज पर काम करेगी, जिससे गांव व पशु आश्रय स्थलों में पहुंचकर मवेशियों का इलाज किया जाएगा।

इसी कड़ी के तहत बुधवार को घुमारवीं उपमंडल में भी पशुपालन विभाग की ओर से मोबाइल वेटरनरी वैन की सुविधा शुरू कर दी गई है। अगर किसी पशु का उपचार इस टीम द्वारा नहीं किया जा सके। उस स्थिति में बिलासपुर में कार्यरत वेटरिनरी पॉलीक्लिनिक अथवा विभाग के अन्य पशु चिकित्सा संस्थानों से भी सुविधा प्रदान की जाएगी। मोबाइल वैन से लोगों को पशुओं के उपचार के लिए दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएंगी तथा किसी भी प्रकार का खर्च पशुपालक से नहीं लिया जाएगा।

> पशुपालक किसी भी आपात स्थिति में सुबह नौ से शाम पांच बजे तक 1962 नंबर डायल कर इस मोबाइल वैन का फायदा उठा सकते हैं। मोबाइल नंबर डायल करते ही पशुपालकों को पशुओं से संबंधित सभी समस्याओं का निपटारा घर द्वार पर ही किया जाएगा। इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क पशुपालक से नहीं लिया जाएगा। सुविधा पूरे घुमारवीं उपमंडल के पशुपालकों के लिए उपलब्ध रहेगी।
>
> **डॉक्टर किशोरी लाल शर्मा, वरिष्ठ पशु चिकित्सक घुमारवीं।**

# मंडी में भाजपा ने कारगिल हीरो को किया शहीद : प्रेम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट देकर कारगिल हीरो को शहीद कर दिया है। पिछले लोकसभा के चुनावों की बात करें, तो कारगिल हीरो खुशहाल सिंह को टिकट देकर बड़े-बड़े दावे कर रही थी, तो वहीं अब अभिनेत्री को टिकट देकर भाजपा ने कारगिल हीरो के साथ गंदा मजाक किया है।

बिलासपुर में प्रेसवार्ता करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि भाजपा जो पार्टी विद डिफरेंस की बात करती थी या चाल चरित्र और चेहरे की बात करती थी आज उसकी कोई विचारधारा नहीं है। सिर्फ एक विचारधारा है कि जितना विपक्ष है उसे समाप्त कैसे किया जाए। इस पार्टी ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को तहस-नहस करके रख दिया है, जिस तरह से यह पार्टी वन नेशन वन



इलेक्शन की बात करती है। उससे उसका तात्पर्य यह है कि एक नेता एक विचारधारा एक पार्टी देश में रहे और विपक्ष को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। विरोधी दलों के नेताओं को ईडीए, सीबीआई और इनकम टैक्स का डरावा देकर भाजपा में शामिल करवाया जा रहा है। झारखंड और दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डालना दुर्भाग्यपूर्ण है, जो भी विपक्ष में इस सरकार की जन विरोधी नीतियों को उजागर करता है उसे या तो जेल में डाल दिया जाता है या भाजपा में शामिल कर दिया जाता है।

# भाजपा 14 को करेगी एससी सम्मेलन

## घुमारवीं में होने वाले इस सम्मेलन में करीब एक हजार लोग लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं भाजपा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को एससी सम्मेलन करेगी। घुमारवीं में होने वाले इस सम्मेलन में करीब एक हजार लोग भाग लेंगे। सम्मेलन में सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे।

यह निर्णय घुमारवीं में भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष लेखराम कौल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया। बैठक में पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग तथा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कृष्ण चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए। लोकसभा चुनावों में भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर को जिताने में एससी मोर्चा की भूमिका अग्रणी रहेगी। मोर्चा द्वारा जो बस्ती



घुमारवीं में भाजपा एससी मोर्चा की बैठक में मौजूद लोग।

संपर्क अभियान चलाया गया है, उसे और तेज करने की जरूरत है। समाज में एकता और समरसता कैसे स्थापित हो, यह राजनीतिक दलों का सबसे बड़ा नैतिक कर्तव्य है और भाजपा इसके लिए सदैव समर्पित रूप से प्रयास करती रही है। पार्टी के सभी अभियानों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति मोर्चे की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाजपा में हर व्यक्ति को समान अधिकार प्राप्त है। मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कृष्ण चंदेल ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहब को जो सम्मान और उनसे जुड़े स्थानों को जो महत्व प्रदान किया, वह किसी अन्य राजनीतिक दल के विचारों में भी कभी नहीं रहा है। एससी मोर्चा की भाजपा में बहुत अहमियत है और हर कार्यकर्ता को अपनी भूमिका सजगता से निभानी होगी। इस मौके पर मोर्चा के जिलाध्यक्ष बेली राम टैगोर ने भी संबोधित किया। बैठक में मंडल महामंत्री जोरावर सिंह, एससी मोर्चा महामंत्री हेमराज वर्धन, अजय दड़ोच, पूर्व अध्यक्ष धनी राम सौंखला, मीत सोढ़ी, प्रेम चंद, कृष्ण चंद, सुरेश, दीप चंद, धर्म सिंह और बिशन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

# शिव का जहां अपमान, वहां कोई यज्ञ नहीं हो सकता सफल

**अनंत ज्ञान, दधोल**

शिव महाकालेश्वर मंदिर बछड़ी-मसधाण में चल रहे शिव महापुराण कथा के चौथे दिन कथा वाचक पंडित मनोहर लाल शर्मा ने राजा दक्ष के यज्ञ में भगवान शिव को निमंत्रण न देने और भगवान शिव के मना करने के बावजूद माता सती का अपने पिता के यहां जाना, वहां भगवान शिव का अपमान होने पर हवन कुंड में कूदना और इसके बाद भगवान शिव के कोप का रोचक वर्णन किया। कथा में वाचक पंडित मनोहर लाल शर्मा ने बताया कि भगवान शिव का जहां अपमान होता है, वहां कोई भी यज्ञ सफल हो ही नहीं सकता। सती के हवन कुंड में कूदने की खबर पाकर भगवान शिव ने अपने गण बीरभद्र को राजा दक्ष के यहां भेजा, जिसने वहां सब कुछ तहस-नहस कर दिया। राजा दक्ष के सिर को काट दिया, महर मैनामती के माफी मांगने पर राजा दक्ष के धड़ पर बकरे का सिर लगा दिया।



# सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 की दी जानकारी

**बिलासपुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 आरटीआई के प्रभावी कार्यान्वयन के दृष्टिगत जिला प्रशासन की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एडीसी ने कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सभी विभागों के अधिकारियों से आरटीआई अधिनियम को प्रभावी ढंग से लागू करने का आग्रह किया। कार्यशाला में सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत नए न्यायालय द्वारा दिए गए आदेशों के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी।

# मंदिर के जीर्णोद्धार की रखी नींव

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

बरठीं के खरोटा में स्थित माता रानी मंदिर की जीर्णोद्धार की नींव रखी गई। यह मंदिर काफी पुराना है। इस मंदिर की स्थापना 1965 में की गई थी। इसके बाद सेवा महात्मा श्री महेंद्र सिंह महाराज जी ब्रह्मदेव ने अपनी सेवाएं 1999 तक दी। इसके बाद कृष्ण लाल मलिक महात्मा ने 2019 तक अपनी सेवा इस मंदिर में दी।

मंदिर के काफी पुरानी होने के कारण पानी मंदिर के अंदर आ जाता था। मंदिर की कमेटी ने बुधवार को निर्णय लेते हुए इस मंदिर के नए भवन बनाने का



खरोटा में स्थित माता रानी मंदिर के जीर्णोद्धार की नींव रखते लोग।

संकल्प लिया और माता रानी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की। इस मौके पर मंदिर कमेटी प्रधान प्रधान पूर्ण चंद नैयर, महासचिव विपिन सिंगला सुदर्शन शर्मा, जोगेंद्र सिंह जोशीला, सरदार सरवण सिंह, जसवीर सिंह जस्सी, विजय मिश्रा, जितेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

# सूअर के हमले से महिला घायल

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

घुमारवीं के गांव टकरेड़ा की 45 वर्षीय महिला निर्मला देवी को जंगली सूअर ने बुरी तरह से घायल कर दिया। घायल महिला को उपचार के लिए सिविल अस्पताल घुमारवीं लाया गया।

घायल महिला निर्मला देवी के अनुसार जैसे ही वह अपने खेतों से पशुओं के लिए चारा काट रही थी, उसी समय नाले की तरफ से अजीब सी आवाज आई तथा उसने जैसे ही उस तरफ देखा तो एक जंगली सूअर उस पर झपट पड़ा। हालांकि वह चिल्लाने लगी, लेकिन वहां कोई भी मदद करने वाला नहीं था। महिला ने आनन-फानन में एक पेड़ पर चढ़कर जंगली सूअर से जान बचाई, लेकिन तब तक जंगली सुअर ने उसे बुरी तरह से घायल कर दिया। घुमारवीं पंचायत के उपप्रधान किशोरी लाल ने बताया कि निर्मला देवी पत्नी बेली राम को जंगली सूअर ने उस समय बुरी तरह से घायल कर दिया, जब वह पशुओं को चारा लाने के लिए अपने खेत में गई हुई थी।

### आर्थिक सहायता दी जाए

उपप्रधान तथा संबंधित पंचायत सदस्य पुष्पा शर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि घायल महिला परिवार अति निर्धन है तथा पशुओं के पालन से ही उनका गुजारा चल रहा है। उन्हें शीघ्र प्रशासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।

# वोट डालने के लिए किया प्रेरित

**झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले थप्पर गांव में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के तहत बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें अमरोहा बूथ अध्यक्ष नंदलाल कपिल मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी में भाजपा की प्रचंड जीत को लेकर बूथ पालकों से चर्चा की गई। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में प्रत्येक कार्यकर्ता को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में बूथ पालक झंडूता इंद्र सिंह, रमेश, अनिल, महेंद्र, करतार सिंह, सुखा देवी, कांता देवी आदि मौजूद रहे।

# लोग आर्थिक लाभ के लिए हमारे आसपास बेच रहे चिट्टा : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्टूडेंट्स पढ़ाई के साथ-साथ चिट्टे के खिलाफ लड़ाई में अपना सहयोग व समर्थन देकर समाज को नशा मुक्ति बनाने में भागीदार बने।

यह बात एपीसी अकादमी घुमारवीं में स्टूडेंट्स से 'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' के अंतर्गत जागरूकता अभियान में कही। उन्होंने कहा कि आज चिट्टे का नशा हमारे घर-गांव आंगन-द्वारा तक पहुंच गया और हम सभी का नुकसान कर रहा है, जिसके विरुद्ध हमें सतर्क और सावधान होने की आवश्यकता है। आज प्रशासन व



पुलिस के साथ-साथ छात्रों और युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ दोस्ती न बनाएं और अपने आसपास घूमने वाले अनजान लोगों की जानकारी पुलिस व गांव के बुजुर्गों तथा अध्यापकों को देखकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को निभाने का काम युवा करें। आज कुछ लोग आर्थिक लाभ के लिए चिट्टा बेचने का काम हमारे आसपास कर रहे हैं। उनसे सतर्क रहकर उसकी जानकारी प्रशासन तक पहुंचने की आवश्यकता है। स्टूडेंट्स से पढ़ाई करते समय किसी भी प्रकार के दबाव में आकर नशे का प्रयोग न करें तथा माता-पिता और अपने अध्यापकों के साथ अपनी समस्याओं और रुचि को साझा कर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें। युवाओं से अपील करते हुए कहा कि अपने-अपने गांव में इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता पैदा करने में संस्कार सोसायटी का सहयोग करें।

**आयोजन** दसवीं व जमा दो के स्टूडेंट्स के लिए शिवा प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित

# कार्तिक व निखिल ने झटका पहला स्थान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

शिवा अकादमी व शिवा शिक्षा समिति की ओर से दसवीं व जमा दो कक्षा के विद्यार्थियों के लिए फरवरी माह में आयोजित शिवा प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है।

इसमें बिलासपुर जिले के सरकारी व निजी विद्यालयों के लगभग 500 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था। परीक्षा में उत्तम प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस पारितोषिक समारोह में बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी मौजूद रहे। अव्वल आने वाले छात्रों के लिए शिव अकादमी द्वारा पुरस्कार के रूप में टेबलेट, स्मार्ट वाच, पेन ड्राइव,



शिवा अकादमी व शिवा शिक्षा समिति विजेता स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

नैक बैंड व वाटर बोतल और अकादमी में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत से लेकर पांच प्रतिशत तक छूट दी गई। परीक्षा में कक्षा दसवीं से कार्तिक भारद्वाज व निखिल ने पहला स्थान हासिल किया। दोनों छात्रों को पुरस्कार के रूप में शिव अकादमी द्वारा टेबलेट दिया गया। दूसरे स्थान पर परीक्षित, शुभम व नीतिका को स्मार्ट वाच देकर सम्मानित किया गया। तीसरे स्थान पर दीपक को पुरस्कार स्वरूप पेन ड्राइव देकर नवाजा गया। चौथे स्थान पर मोनिका, सिमरन, नमन, व निकिता शर्मा को नैक बैंड देकर सम्मानित किया गया। पांचवें स्थान पर परीक्षित ठाकुर, आदित्य शर्मा, पायल, तुषार व अक्षत को वाटर बोतल देकर पुरस्कृत किया गया। जमा दो कक्षा में करण महाजन ने पहला स्थान हासिल किया। अकादमी द्वारा पुरस्कार के रूप में टेबलेट देकर सम्मानित किया गया।

दूसरे स्थान पर तनिषा, अंजलि व अर्णव वर्मा, तृतीय पर ज्योति, चौथे पर दिव्यांशी, अपर्णा, शिवांश, पांचवें स्थान पर मेघा, शिखा व ब इशिता ठाकुर को वाटर बोतल देकर पुरस्कृत किया गया। परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को दसवीं व बारहवीं के बाद होने वाली विभिन्न प्रतिस्पर्धा परीक्षाएं जैसे जई और नीट की तैयारी कैसे की जानी चाहिए से अवगत करवाना था।



## द सुबाथू अर्बन गैर कृषि ऋण एवं बचत सहकारिता सभा में हुआ 18 करोड़ का घोटाला

# फूटा लोगों का गुस्सा, दिया धरना

**आर मोहन चौहान, सोलन**

द सुबाथू अर्बन गैर कृषि ऋण एवं बचत सहकारिता सभा में हुए 18 करोड़ के घोटाले को लेकर सहायक पंजीयक कार्यालय सोलन में खूब हंगामा बरपा। सहकारिता सभा से जुड़े सदस्यों ने गबन के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि सभा के पूर्व में संचालकों ने 2800 के सदस्यों खून पसीने की कमाई को नियमों को ताक में रखकर अपने नजदीकियों को करीब 14 करोड़ ऋण बांट दिए। इसका ब्याज जमा नहीं किए जाने से यह राशि अब 18 करोड़ तक पहुंच गई।

सहकारिता सभा के अध्यक्ष संदीप गुप्ता ने पूर्व में अध्यक्ष रहे सुशील गर्ग पर आरोप लगाया कि उन्होंने सभा से जुड़े सदस्यों को गुमराह किया। साथ ही घाटे में चल रही सभा को लाभ में दर्शाया। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने 13 रिश्तेदारों और नजदीकियों को नियमों को ताक में रखकर करोड़ों रुपए के ऋण बांट दिए। इसका खुलासा तब हुआ, जब नई कार्यकारणी ने अपने स्तर पर सभा के एकाउंट्स का ऑडिट करवाया।



सहायक पंजीयक कार्यालय सोलन में घोटाले को लेकर विरोध जताते लोग।

- **पूर्व संचालकों ने रिश्तेदारों और नजदीकियों को बांटे करोड़ों रुपए के ऋण**
- **खाताधारकों ने सहायक पंजीयक कार्यालय पहुंच वापस मांगी जमापूंजी**

**कोर्ट में नहीं पहुंचे आरोपी :** 18 करोड़ रुपए के घोटाले की जांच को लेकर बुधवार को सहायक पंजीयक सोलन की कोर्ट में आरोपी पेश नहीं हुए, जबकि गड़बड़ी से जुड़े लोगों की तीसरी पेशी हुई। लोगों ने सहायक पंजीयक से आरोपियों की संपत्ति को अटैच करके उनका पैसा लौटाने की मांग की।

### 13 करोड़ की संपत्ति अटैच

**नड्डा** ने बताया कि अब तक लगभग ऋण लेने वालों की 13 करोड़ की संपत्ति अटैच की जा चुकी है, जिसे जल्द ही नीलाम करके सभा की धनराशि आरोपियों से वसूली जाएगी। इसके अलावा शेष धनराशि की वसूली के लिए आरोपियों की ओर संपत्ति का पता लगाया जा रहा है, ताकि वह वसूली भी संपत्ति को नीलाम करके प्राप्त किया जा सके।

विभागीय जानकारी मामले में आरोपियों की अब तक लगभग 13 करोड़ की चल-अचल संपत्ति को अटैच किया जा चुका है। बाकी लोगों की संपत्ति भी खंगाली जा रही है। आरोपियों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से बताया कि वे जल्द ही अपना ऋण जमा करवा देंगे।

**बिना गारंटी के बांट दिए ऋण :** सहायक पंजीयक गिरीश नड्डा ने बताया कि आज आरोपियों को जारी किए गए तीसरे समन पर उनकी पेशी थी। उन्होंने बताया कि सभा की पूर्व कमेटी ने अपने नजदीकियों और रिश्तेदारों को तय सीमा से कहीं अधिक राशि के ऋण वितरित किए हैं। जांच में कुल मिलाकर 18 करोड़ रुपए के ऐसे ऋणों का खुलासा हुआ था, जो कमेटी के पदाधिकारियों के नजदीकी लोगों व रिश्तेदारों को बिना किसी गारंटी के बांट दिए गए थे। इसके बाद सहायक पंजीयक ने सभा की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करके नए चुनाव करवाए थे। इसके बाद गड़बड़ी का खुलासा हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### करीबियों को बांट दी गाढ़ी कमाई : सुरेश



**संस्था** के संस्थापक सदस्य सुरेश चंद्र शर्मा ने बताया कि संस्था का कार्य क्षेत्र सोलन जिले में था। इसलिए जिले भर के लोगों की गाढ़ी कमाई के 18 करोड़ रुपए को चंद पदाधिकारियों ने अपने कुछ रिश्तेदारों व नजदीकियों को बांट दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच के बाद रिकवरी की कार्रवाई होनी चाहिए।

### कैंसर पीड़ित पत्नी का नहीं हो पा रहा इलाज : बहादुर



**सभा** के सदस्य सेवानिवृत्त सूबेदार भीम बहादुर ने बताया कि उन्होंने अपनी पेंशन की बचत का करीब 16 लाख जमा करवाया है। इसमें से अभी तक उन्हें 3 लाख ही मिले, जबकि 13 लाख अभी भी फंसे हैं। भीम बहादुर ने बताया कि पत्नी को कैंसर है, जिसका अब इलाज करवाना मुश्किल हो रहा है।

## पंजाब के युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बीबीएन।** दभोटा पंचायत के रतयोड़ गांव के बोदला पुल में पंजाब के एक युवक ने फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक युवक पवन कुमार (25) पुत्र प्रतीम पंजाब के जिला रूपनगर के जांडियां गांव का रहने वाला था। नालागढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद उसका नालागढ़ अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और उसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया।

पुलिस के अनुसार यह घटना सोमवार सायं साढ़े पांच बजे की है। पवन कुमार ने बोदला पुल में अपने पटके से फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुल में लटका हुआ देख युवक को वहां से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना दभोटा पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पुल से नीचे उतारा। तब तक मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच चुके थे। एएसपी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने इस मामले को लेकर जांच शुरू कर दी है।

## राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए प्रदेश के खिलाड़ी बहा रहे खूब पसीना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हरियाणा के कुरुक्षेत्र स्थित कृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में होने वाली 14वीं सीनियर नेशनल राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल की टीम आजकल खूब पसीना बहा रही है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 25 महिला व पुरुष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता 29 से 31 मार्च तक कुरुक्षेत्र में आयोजित की जाएगी।

हिमाचल प्रदेश ड्रॉप रोबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष गोबिंद सिंह ने बताया कि सीनियर नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के लिए शिमला जिला के हिमालयन पाब्लिक स्कूल नेरवा में कोचिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यहां प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पुरुष टीम में दिनेश रांटा, बहादुर सिंह, हितेंद्र, अनिरुद्ध सिंह, आदर्श शर्मा, सौरभ तिलक व सुनील दत्त, जबकि महिला टीम में सरोज शर्मा, शिवानी शर्मा, सुनीता, सुनीता मंत, आंचल जस्टा, हेमलता, डिंपल, रंचन व सोनिका समेत अन्य खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।



राष्ट्रीय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता के लिए अभ्यास करते खिलाड़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### आपदा प्रभावित महिला की मदद को पहुंचे सीपीएस



सेर गलोटिया गांव में आग की घटना में हुए नुकसान का जायजा लेते संजय अवस्थी।

**अर्की।** पिछले दिनों उपमंडल अर्की की पंचायत दानोंघाट के गांव सेर गलोटिया में एक महिला जमना देवी का मकान व गोशाला आग लगने से राख हो गई। गनीमत यह रही कि स्थानीय लोगों ने समय रहते आग बुझा दी गई, अन्यथा कोई भीषण दुर्घटना भी हो सकती थी। प्रदेश सरकार में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी को जैसे ही पता चला, वह सेर गलोटिया गांव में पहुंचे एवं पीड़ित महिला से मिलकर उसे ढांढस बंधाया, साथ ही निजी तौर पर 15000 की नकद राशि पीड़ित महिला को आर्थिक रूप में प्रदान की।

### बाउनल में सिरमौरी नाटी पर कार्यक्रम आयोजित

**रेणुका जी।** हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी ने गांव बाउनल में सिरमौरी नाटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दल बाऊनल के अध्यक्ष एवं आकाशवाणी गायक प्रेमचंद बाऊनली द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक सिरमौरी लोक गाथाओं तथा तूला राम, हरिचंद, नेहा व रूबीना आदि नाटियों की दर्शकों ने जमकर सराहना की। नाटी के अलावा लोक कलाकारों ने पारंपरिक सिरमौरी रासा लोक नृत्य से भी दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रेम चंद बाऊनली ने बताया कि उनका हिमाचल के सबसे पुराने दलों में शामिल हैं और विदेशों में भी वह सिरमौर लोक संस्कृति की छाप छोड़ चुके हैं।

### लजवा के जागर सिंह 12 दिन से लापता



**नाहन।** संगड़ाह विकास खंड में ग्राम पंचायत सैंज के लजवा गांव के निवासी जागर सिंह पुत्र ध्यान सिंह पिछले 12 दिनों से घर से लापता है और दूर-दूर तक ढूंढने के बावजूद भी उसका कोई सुराख नहीं लग पाया है। 55 वर्षीय जागर सिंह से मोबाइल पर आखिरी बार बात 17 मार्च को हुई बताई जा रही है। लोगों ने बताया कि वह रोहड़ू क्षेत्र के अड़हाल गाव में दिहाड़ी कमाने गया हुआ है, परंतु उसके बाद उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। जागर सिंह के घर में उसकी पत्नी, सात बेटियां और एक छोटा बेटा परेशान है और प्रशासन से उन्हें ढूंढने की गुहार लगा रहे हैं। एसएचओ संगड़ाह बृजलाल मेहता ने बताया कि पुलिस ने रोहड़ू, शिमला, जुब्बल, कोटखाई, रोनहाट आदि कई स्थानों पर उन्हें ढूंढने का प्रयास किया, मगर अभी तक उसका कोई पता नहीं लग पाया है। उन्होंने बताया कि जागर सिंह की तलाश जारी है।

### दिव्या मिस और योगराज मिस्टर फेयरवेल


कोटला स्कूल में आयोजित विदाई समारोह में 12वीं कक्षा के छात्र, साथ हैं अन्य।

**सोलन।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोटला जिला सोलन में 12वीं कक्षा के लिए विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्रिंसिपल रंजन सहगल बतौर मुख्यातिथि रही। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 11वीं कक्षा की छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। इसमें मॉडलिंग आकर्षण का केंद्र रही। समारोह में दिव्या ठाकुर को मिस फेयरवेल और योगराज को मिस्टर फेयरवेल का खिताब मिला। इस दौरान प्रिंसिपल ने 12वीं कक्षा के छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में स्कूल के अध्यापक भी मौजूद रहे।

### अब हाथापाई पर उतर आए कांग्रेसी : तिलक राज



प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलक राज पत्रकार वार्ता करते हुए।

**नाहन।** प्रदेश में राज्यसभा में मिली करारी हार के बाद कांग्रेस बौखलाहट में है। यह बयान प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष तिलक राज के द्वारा नाहन में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झूठी गारंटियों के दम पर सरकार बनाने वाली कांग्रेस को 2024 चुनाव में भी अपनी हार प्रत्यक्ष रूप से नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि कांग्रेस सत्ता के मद में चूर होते हुए भाजपा नेताओं पर हमले भी कर रही है। युवा मोर्चा अध्यक्ष ने बीते कल शिमला रिज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान 5 लाख नौकरियों का दावा करने वाली कांग्रेस एक भी युवा को नौकरी नहीं दे पाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा हताश है, निराश है और खुद को छला हुआ महसूस कर रहा है। प्रेस वार्ता में जिला भाजपा अध्यक्ष विनय गुप्ता, नाहन भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रताप ठाकुर, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील कदसौली, प्रदेश महामंत्री साकेश शर्मा, प्रदेश सचिव नरेंद्र, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा प्रवक्ता अरुण, विनय किमटा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## घायल अवस्था में मिले बारहसिंगा को उपचार के बाद जंगल में छोड़ा

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की उपमंडल की पंचायत भूमती के गांव बजीवन के जंगल में एक उम्रदराज बारहसिंगा के घायल अवस्था में मिलने की जानकारी मिली है। वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी भारद्वाज ने जानकारी दी कि उन्हें ग्राम बजीवन के एक स्थानीय निवासी जयदेव ने सूचना दी कि वह जब जंगल मे घास पत्ती लेने जा रहा तो उसे एक जानवर गिरा मिला, नजदीक जाकर देखा तो वह बारहसिंगा था तथा घायल अवस्था में था।

जयदेव और उनके साथी सुरेंद्र शर्मा व नित्यानंद ने उसे सुरक्षित स्थान पर रखा है। किशोरी भारद्वाज के अनुसार उन्होंने सूचना प्राप्त होते ही तुरंत वन विभाग की रेस्क्यू टीम को पशु चिकित्सक के साथ मौके पर भेजा, जहां पशु चिकित्सक ने बारहसिंगा को प्राथमिक चिकित्सा दी व बारहसिंगा पुनः जंगल में चला गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी किशोरी भारद्वाज के अनुसार यह बारहसिंगा अनियंत्रित होकर ऊंचाई से गिरा था, परंतु स्थानीय लोगों, वन विभाग कर्मियों एवं पशु चिकित्सक की सहायता मिलने के बाद उसे पुनः जंगल में छोड़ दिया गया। उन्होंने स्थानीय निवासियों व पशु चिकित्सक का इस कार्य के लिए विभाग की ओर से धन्यवाद किया है।


बारहसिंघा का उपचार करते पशु चिकित्सक।

## पांवटा साहिब में युवक ने लगाया फंदा, मौत

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के रामपुर घाट में 29 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम को राज कुमार पुत्र भोला राम ने अपने घर में फंदा लगा लिया।

कुछ देर बाद जब घर पर परिजनों ने उसे लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। इसके बाद पुलिस को सूचित किया। इस दौरान पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को पांवटा साहिब अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक के कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं, पुरुवाला थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी। एसडीपीओ पांवटा अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

## अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

### डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू ने मनाया पारितोषिक वितरण समारोह


डीएवीएन पब्लिक स्कूल ददाहू में आयोजित पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मानित बच्चे।

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

दयानंद आदर्श विद्या निकेतन (डीएवीएन) पब्लिक स्कूल ददाहू ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने जहां रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करके समां बांधा, वहीं विभिन्न शिक्षा, खेल व अन्य गतिविधियां में बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पीएनबी ददाहू के मैनेजर संदीप शर्मा ने दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ददाहू के कार्यवाहक प्रधानाचार्य दीप राम शर्मा वशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

स्कूल के प्रिंसिपल धनेंद्र गोयल ने स्कूल की उपलब्धियां व गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष स्कूल ने 38 पदक हासिल करके प्रदेश व क्षेत्र में जिले का नाम रोशन किया है। मुख्य अतिथि संदीप शर्मा ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें जीवन में आगे बनने के लिए एक आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया।

इस मौके पर एसएमसी के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश गोयल, उपाध्यक्ष रणसिंह ठाकुर, रेनू शर्मा, सुनीता भट्टी, पूर्व प्रधान शकुंतला देवी व वीर सिंह ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग और अभिभावक मौजूद रहे।

## प्रबंधकीय कौशल निखारने के दिए टिप्स

### आईआईएम ने एचपी के अधिकारियों के लिए आयोजित किया प्रबंधन विकास कार्यक्रम


आईआईएम सिरमौर की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) सिरमौर ने हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के लिए व्यक्तिगत उत्कृष्टता शीर्षक से दो दिवसीय प्रबंधन विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रीन आर एंड डी सेंटर के अधिकारियों के लिए डिजाइन किया गया था, जिसका लक्ष्य प्रबंधकीय कौशल को बढ़ावा देना था। आईआईएम सिरमौर के निदेशक डॉ. प्रफुल्ल वाई अग्निहोत्री ने बताया कि ग्रीन आर एंड डी सेंटर एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक वीके माहेश्वरी ने सत्र का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान मानव संसाधन विभाग से जे महेश भी उपस्थित थे।

आईआईएम सिरमौर से प्रो. पारिजात लंके और प्रो. अद्वैत राजेंद्र ने सत्र का संचालन किया। प्रतिभागियों के साथ सह-सीखने की प्रक्रिया में इंटरेक्टिव सत्रों की एक शृंखला शामिल थी, जो ताकत को समझने, टीम की गतिशीलता, सीखने की शैलियों, भावना विनियमन की कला में महारत हासिल करने और 'रेजिन विधि' जैसी दिमागीपन तकनीकों पर केंद्रित थी। एमडीपी के अध्यक्ष शशिकांत श्रीवास्तव ने कहा कि हम एचपीसीएल के साथ एक स्थायी रिश्ते की आशा करते हैं।

## हिमाचल दिवस समारोह के आयोजन को लेकर की चर्चा

**सोलन।** हिमाचल दिवस पर जिला स्तरीय समारोह के आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। यादव ने कहा कि इस बार समारोह के दौरान लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता व भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाएगी।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि आगामी 15 अप्रैल को हिमाचल के गठन का यह पर्व सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाएगा। इसमें पुलिस व गृह रक्षक जवानों, एन.सी.सी सहित विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राएं परेड में भाग लेंगे। सोलन की लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इस समारोह के सफल आयोजन के लिए दिशा-निर्देश भी दिए।

## भाजपा ने चुनाव व व्यापार प्रकोष्ठों के जिला संयोजक किए नियुक्त

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर भाजपा ने चुनाव प्रकोष्ठ व व्यापार प्रकोष्ठों के जिला संयोजकों और जिला कार्य समिति के सदस्यों की नियुक्त के साथ-साथ मंडल संयोजक व मंडल सह संयोजकों की भी तैनाती की है। भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रकाश जैन ने जिला कार्यसमिति सदस्यों के तौर पर धर्मपाल, अविनाश खिल्लन, मयंक महावर, विशाल आर्य, अशोक ठाकुर, सुखराम शर्मा, अरविंद राय, राजेंद्र सूद, रमेश कुमार, रामभज पराशर को शामिल किया है।

वहीं, नाहन मंडल संयोजक पद पर बुद्धि वल्लभ व दीप चंद सिंगला को सह संयोजक, पांवटा साहिब में पंकज पूरी व अभिषेक अग्रवाल, श्री रेणुका जी मंडल में सुधीर वर्मा व हरीश गर्ग, पच्छाद में हर्ष आनंद व राघव सहानी, शिलाई मंडल में संतराम तोमर व सीताराम शर्मा को क्रमश मंडल संयोजक व सह संयोजक का दायित्व सौंपा गया है।

भाजपा चुनाव प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संजय गोयल ने भी जिला कार्य समिति सदस्य के तौर पर विपिन कुमार, ललित कुमार, शिव कुमार, मोहन सिंह चौधरी, बाबूराम शर्मा, गुमान सिंह रिंटा, दिनेश कुमार, प्रवीण शर्मा, बंसीराम शर्मा, बिशन सिंह को शामिल किया है। पच्छाद मंडल से विवेक ठाकुर व नरपत ठाकुर, श्री रेणुका जी मंडल से राकेश पुंडीर व हरिंदर ठाकुर, नाहन मंडल से नितिन गुप्ता व अमित अत्री, पांवटा साहिब से तरनजीत गिल व पवन पटियाल, शिलाई से बहादुर सिंह व पंचराम को क्रमशः मंडल संयोजक व मंडल सह संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## आयोजन: अर्की में आईटीआई छात्रों की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज

# 385 प्रतिभागी विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाएंगे दमखम

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सोलन जिले में आईटीआई छात्रों की 27 से 30 मार्च तक होने वाली चार दिवसीय पंद्रहवीं खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय औद्योगिक संस्थान अर्की में किया गया। प्रतियोगिता में उपनिदेशक उच्च शिक्षा जिला सोलन जगदीश चंद नेगी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित व स्वागत गीत के साथ किया गया।

इस अवसर पर खिलाड़ियों द्वारा मार्चपास्ट कर मुख्यतिथि को सलामी दी गई। संस्थान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया व तीन दिन तक चलने वाले कार्यक्रम से अवगत करवाया, पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के विधिवत शुभारंभ की घोषणा की गई। कार्यकारी प्रिंसिपल अजय ठाकुर ने बताया कि जिला सोलन की खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में जिला की सोलह निजी व सरकारी आईटीआई के लगभग 385 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा बैडमिंटन, खो-खो, वॉलीबाल, कबड्डी, बास्केटबाल व एथलीट में अपना दमखम दिखाया जाएगा, साथ ही सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं सांध्यकालीन में होंगी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि बच्चों को अपनी फिटनेस पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यदि हमारा स्वास्थ्य ठीक होगा, तभी हम अपने समाज को सुरक्षित कर पाएंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से खेलों को खेल की तरह खेलने की बात कही, साथ ही उन्होंने कहा कि खेलें हमारे जीवन में बहुत आवश्यक हैं। खेलें हमें अनुशासन सिखाती हैं व एकता का पाठ पढ़ाती हैं । खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए, द्वेष की भावना से नहीं।

उन्होंने छात्रों से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए इस प्रतियोगिताओं के लिए संस्थान व प्रतिभागी छात्रों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष अनुज गुप्ता, पार्षद रुचिका गुप्ता, पदम कौशल, प्रधानाचार्य राजकुमार गौतम, पूर्व उपाध्यक्ष कुलदीप सूद, टीसी गर्ग, आईएमसी चेयरमैन विनोद पंवर, आईएमसी सदस्य दीपक गुप्ता, सुमित मोदगिल, धर्मपाल गौतम, नरेंद्र ठाकुर, बीडीसी सदस्य शशिकांत, संस्थान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय ठाकुर व स्टाफ के कर्मचारी व अन्य संस्थानों से आए स्टाफ सहित प्रतिभागी खिलाड़ी मौजूद रहे।


आईटीआई अर्की में खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ी।

### बाउनल में सिरमौरी नाटी पर कार्यक्रम आयोजित

**रेणुका जी।** हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी ने गांव बाउनल में सिरमौरी नाटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक दल बाऊनल के अध्यक्ष एवं आकाशवाणी गायक प्रेमचंद बाऊनली द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक सिरमौरी लोक गाथाओं तथा तूला राम, हरिचंद, नेहा व रूबीना आदि नाटियों की दर्शकों ने जमकर सराहना की। नाटी के अलावा लोक कलाकारों ने पारंपरिक सिरमौरी रासा लोक नृत्य से भी दर्शकों का मनोरंजन किया। प्रेम चंद बाऊनली ने बताया कि उनका हिमाचल के सबसे पुराने दलों में शामिल हैं और विदेशों में भी वह सिरमौर लोक संस्कृति की छाप छोड़ चुके हैं।



# शहर में पानी के बिल न मिलने पर गरमाया निगम हाउस

## विपक्षी पार्षद बोले- नहीं बढ़ने देंगे पानी के दाम, कंपनी अब नया सॉफ्टवेयर कर रही तैयार, लोगों को जल्द दिए जाएंगे पानी के बिल

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शहर में पानी के बिल पिछले चार महीनों से नहीं दिए जा रहे हैं, जिस पर निगम के हाउस में हंगामा हुआ।

बुधवार को नगर निगम शिमला के महापौर की अध्यक्षता में निगम की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। सभी पार्षदों ने पूछा पानी के बिल न आने के कारण बताए जाएं। इस पर एसजेपीएनएल के अधिकारी ने बताया कि शहरवासी काफी समय से शिकायत कर रहे थे कि बैंक से पैसे तो कट गए हैं, लेकिन कंपनी के अकाउंट में पैसा नहीं पहुंच रहा है। सॉफ्टवेयर में खराबी आ गई है। इसके लिए कंपनी अब नया सॉफ्टवेयर तैयार कर रही है, जैसे ही सॉफ्टवेयर तैयार होता है, तुरंत लोगों को पानी के बिल दे दिए जाएंगे।

इस पर अनाडेल की पार्षद उर्मिला ने कहा कि क्या ये बिल बढ़ाकर दिए जाएंगे क्योंकि हर साल कंपनी 10 प्रतिशत पानी के बिल बढ़ाती है। पार्षदों ने कहा कि किस तर्ज पर पानी के बिल दिए जाएंगे। चार महीने का बिल एक साथ देना मुमकिन नहीं होगा। अधिकारी पार्षदों को गलत जानकारी दे रहे हैं। इसी बीच हाउस में पार्षद उठ कर अधिकारी से बात करने पहुंची और कहा कि जनता का पार्षदों पर से विश्वास उठ रहा है। उपमहापौर ने कहा कि हर घर की हाउस रीडिंग हर महीने ली जाए और शहरवासियों की सहूलियत के लिए किस्तों में बिल भरने का प्रावधान किया जाए।

10 प्रतिशत पानी के बिल बढ़ोतरी पर भाजपा के पार्षदों ने आपत्ति जताई। रुलदुभट्टा की पार्षद ने कहा कि पानी के दाम नहीं बढ़ने चाहिए। इससे शहरवासियों को काफी परेशानी होती है, जिस पर निगम के आयुक्त ने कहा कि निगम प्रशासन के हाथों में नहीं है। पानी की दरें बीओडी की मीटिंग में लागू होती हैं। इस पर निगम एसजेपीएनएल के प्रबंध निदेशक से बात की जाएगी और पानी के दरों का समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### नोटिस देने के बाद भी नहीं पहुंच रहे अधिकारी, कंट्रोलिंग कमेटी करेगी कार्रवाई



**बैठक** में रुलदुभट्टा की पार्षद सरोज ने पिछले छह महीनों से एक ही प्रश्न पर कोई कार्रवाई न होने का प्रश्न लगाया। उनका कहना है कि एक प्रश्न के बाद छह और प्रश्न लगा दिए जाते हैं, वन विभाग ऐसा क्यों कर रहा है। इसके साथ ही निगम हाउस में वन विभाग के अधिकारी भी नहीं पहुंचे, जिस पर अनीता भारद्वाज ने कहा कि हर बार अधिकारियों को नोटिस दिए जाते हैं, जिसका उनपर कोई असर नहीं हो रहा है। आयुक्त ने कहा कि हाउस की परमिशन के बाद ही एक्शन लिया जाएगा। सभी पार्षदों की हामी भरने के बाद फैसला लिया गया कि अब कंट्रोलिंग कमेटी अधिकारियों पर कार्रवाई करेगी। थोड़े समय के बाद जब वन विभाग के अधिकारी सौरभ हाउस में पहुंचे, तो उनसे पूछा गया कि हाउस में क्यों नहीं आए। उनका जवाब था कि आचार संहिता के लगने के बाद उन्हें इस बात की जानकारी प्राप्त नहीं हुई कि निगम का हाउस होगा। उसके बाद पार्षद के प्रश्न का जवाब दिया कि फाइल बहुत पुरानी है। अब निगम को एंबुलेंस रोड बनाने के लिए नई फाइल तैयार करेगी। अगर इससे भी बात नहीं बनती, तो वन विभाग के आला अधिकारी को पत्र भेजा जाएगा।

### हर सोमवार जाखू मंदिर जाने वाले रास्ते की हो सफाई

**निगम** हाउस में नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि जाखू मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते में काफी गंदगी नजर आती है। मंगलवार के दिन स्थानीय लोग ही नहीं, बल्कि शिमला पहुंचे पर्यटक और विदेशी पर्यटक भी मंदिर के दर्शन को पहुंचते हैं। इसलिए हर सोमवार को रास्ते की सफाई की जाए। हाउस में फैसला लिया गया कि अब से हर सोमवार सुबह से शाम तक जाखू मंदिर जाने वाले रास्ते की सफाई की जाएगी। इससे पर्यटकों पर भी अच्छा प्रभाव पड़ेगा। आयुक्त की ओर से सीएचओ को इसको लेकर आदेश दे दिए गए।

### निगम ने गंवा दिए 67 लाख

**नाभा** वार्ड की पार्षद सिम्मी नंदा ने प्रश्न लगाया कि ई-निगम की सुविधाएं क्यों नहीं मिल रही हैं। वार्ड और कामों की जानकारी उसमें दी जा सकती है। इस पर महापौर ने कहा कि एनआईसी ने निगम की निक्सी कंपनी दी थी उसके बाद मामला एमआईयू को सौंपा गया, जिसके बाद कंपनी वापस लौट गई और सॉफ्टवेयर भी ले गई।



नगर निगम की मासिक बैठक में मौजूद पार्षद।

### 1500 रुपए देने का प्लान फेल

**निगम** हाउस में भाजपा पार्षदों ने कहा कि कांग्रेस की सरकार अपने वादे पूरे नहीं कर पा रही है। हिमाचल में सभी महिलाओं को 1500 रुपए नहीं दिए जा रहे हैं। इस पर हाउस में काफी हलचल मच गई। पार्षद रामरतन वर्मा की तबीयत हाउस में खराब होने से महापौर सुरेंद्र चौहान उन्हें आईजीएमसी अस्पताल ले गए। महापौर की गैरमौजूदगी में भाजपा पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कांग्रेस और भाजपा पार्षद अपने स्थानों से खड़े होकर बहस करने लगे। कांग्रेस पार्षद ने कहा कि वार्ड में 15 लाख का भाजपा का वादा भी झूठ था। बहुत देर बहस चलने पर भट्टाकुफर के पार्षद नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि कुत्ते बिलों की तरह न लड़ें और सदन को आगे बढ़ाएं। भाजपा पार्षदों के कहा कि अभद्र भाषा का प्रयोग न किया जाए और हाउस की मर्यादा को न लांघे।



शिमला के बचत भवन में नगर निगम की मासिक बैठक में अपनी बात रखते पार्षद।

## न्यूज ब्रीफ

### कल कोटखाई, जुब्बल में बिजली रहेगी बंद

**रोहड़ू।** बिजली उपमंडल कोटखाई के अंतर्गत हुल्ली-कोटखाई एक्सप्रेस एचटी लाइन पर आवश्यक रखरखाव कार्य के चलते 29 को सुबह 10 से शाम छह बजे तक बिजली खंड कोटखाई, गुम्मा, महासू और पदारा से बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल कोटखाई ई. वरुण धवन ने कहा कि कार्य मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा। प्रभावित क्षेत्रों के सभी उपभोक्ताओं से उपरोक्त तिथि एवं समय में सहयोग की अपील की। बिजली उपमंडल जुब्बल में भी बिजली आपूर्ति एचटी लाइन के तत्काल रखरखाव कार्य के चलते 29 बिजली अनुभाग जुब्बल, बटारगल्लू, खड़ापत्थर, शीलघाट में बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ई. गोवर्धन सिंह चौहान ने यह जारी दी।

### विधानसभा की कमेटियों को किया अधिसूचित

**शिमला।** प्रदेश विधानसभा की कमेटियों को फिर से अधिसूचित किया गया है। इन कमेटियों से छह बागी पूर्व विधायकों को बाहर किया गया है, जबकि निर्दलीय विधायक इसमें बने रहेंगे। बुधवार को प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के निर्देश पर सचिव यशपाल शर्मा ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। प्राक्कलन समिति के अध्यक्ष पहले सुधीर शर्मा थे। अब विधायक संजय रतन बनाए गए हैं। लोक उपक्रम समिति के सभापति पहले राजेंद्र राणा थे और अब भवानी सिंह पठानिया नियुक्त किए गए हैं। जनप्रशासन समिति के अध्यक्ष पहले राजेंद्र राणा थे और अब संजय रतन बनाए हैं। ग्रामीण नियोजन समिति के सभापति रवि ठाकुर के स्थान पर अब विधायक केवल सिंह पठानिया बने हैं।

### आज से स्नातक स्तर की वार्षिक परीक्षाएं शुरू

**शिमला।** कॉलेजों में स्नातक स्तर की वार्षिक परीक्षाएं वीरवार से शुरू होंगी। ये परीक्षाएं मई माह के मध्य तक चलेंगी। इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए प्रदेश विश्वविद्यालय (एचपीयू) प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं और कॉलेज प्रबंधनों को परीक्षाओं के संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। ये परीक्षाएं प्रदेश भर में स्थापित 153 केंद्रों पर होंगी। इन परीक्षाओं में करीब 85 हजार विद्यार्थी बैठेंगे। इससे अब परीक्षा परिणाम जून माह तक घोषित करने का लक्ष्य विश्वविद्यालय प्रशासन ने रखा है। ऐसे में कॉलेजों का शैक्षणिक कैलेंडर पटरी पर आ सकेगा और जून माह में ही कॉलेजों में अगले सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया पूरी हो सकेगी।

### सुन्नी में बाल पोषण पर दी जानकारी

**सुन्नी।** स्वास्थ्य विभाग के सौजनय से सुन्नी स्थित रेन बसेरा में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर के दौरान जलोग, मंडोर घाट, सुन्नी और बसंतपुर की लगभग 110 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं सहित 40 आशा वर्कर्स को स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकार डॉ. कंवर सिंह गुलेरिया एवं डॉ. आकांक्षा नड्डा ने उपस्थित प्रतिभागियों को एड्स, तपेदिक रोग, एचआईवी और बाल पोषण पर विस्तृत जानकारियां दी।

## बागियों की हार निश्चित: कांग्रेस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह एवं मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने कहा कि विश्वासघात करने वाले नेताओं को जनता विधानसभा उपचुनाव में सबक सिखाएगी।

भाजपा बागियों को कठपुतली की तरह इस्तेमाल कर रही है और धनबल से जनादेश को प्रभावित कर सत्ता पर कब्जा करने का षड्यंत्र रचा गया। कम से कम भाजपा नेताओं को अपने वरिष्ठ नेता शांता कुमार की बात पर आत्मचिंतन करना चाहिए। दोनों नेताओं ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम का सत्ता लोभ नहीं जा रहा है और वह सत्ता हथियाने के लिए गलत हथकंडे अपना रहे हैं।

उन्हीं के लालच ने प्रदेश को अस्थिर करने का प्रयास किया। भाजपा दोफाड़ होने को है और पार्टी अपना कुनबा संभाल नहीं पा रही है।

### भाजपा के कई विधायक व पूर्व मंत्री संपर्क में

भाजपा के कई विधायक, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक कांग्रेस के संपर्क में हैं, जो कभी भी कांग्रेस पार्टी के साथ आ सकते हैं। भाजपा के कई नेताओं ने पार्टी से नाराज होकर अपना इस्तीफा दे दिया है, लेकिन जयराम सिर्फ मुख्यमंत्री के लालच में फंसे हैं। कांग्रेस के बागियों को टिकट मिलने से भाजपा की साजिश प्रदेश की जनता के सामने आ चुकी है।

### अपनी मां समान पार्टी से किया विश्वासघात

बागियों ने अपनी मां समान पार्टी के साथ विश्वासघात किया है। वह कभी सच्चे जनसेवक नहीं हो सकते हैं। इन नेताओं ने अवसरवादी बनकर अपने चुनाव क्षेत्र की जनता की भावना का अपमान किया है।

## रोहड़ू के कुपड़ी मेलठी में दिन में दिखे तीन भालू, लोगों में दहशत

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू क्षेत्र के टिक्कर तहसील के कुपड़ी मेलठी क्षेत्र में दिन के समय तीन भालू घूमते हुए दिखाई दिए।

इससे क्षेत्र के लोग डर के साए में जिंदगी जी रहे हैं और वन विभाग को सूचित करने के बाद भी विभाग की टीम अभी तक मौके पर नहीं पंहुच पाई है। भालुओं की मौजूदगी की तस्वीरें व वीडियो क्षेत्र के लोगों ने अपने कैमरे में कैद की हुई हैं। वहीं क्षेत्र के लोग भालुओं को इस तरह से दिन के समय सरेआम घूमते हुए देख कर डर के साए में जी रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने वन विभाग से अपील की है कि भालुओं को



पकड़ने के लिए टीमें गठित करें और लोगों को भालुओं के आतंक से जल्द निजात दिलाएं। भालुओं के आतंक से क्षेत्र के लोग राहत की सांस ले सकें और अपने बागीचों में रोजमर्रा के जरूरी कार्य अविलंब भालुओं के आतंक के बिना पूरा कर सकें। (अनंत ज्ञान)

### चिड़गांव बाजार से पुजारली सड़क पर सफर नहीं आसान

## एसडीएम साहब, जाम से दिलाएं निजात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू की नगर पंचायत चिड़गांव में बुधवार को आयोजित एक बैठक में यह प्रस्ताव पारित किया गया है कि चिड़गांव बाजार से पुजारली सड़क मार्ग पर पूरे दिन भर जाम लगा रहता है।

इससे जिगाह वैली के सैकड़ों गांव के लोग तहसील कार्यालय व खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में रोजमरा के कार्यों के लिए आते रहते हैं, लेकिन ग्रीन पार्क स्टेडियम चिड़गांव में आए दिन क्रिकेट प्रतियोगिताएं आयोजित होती रहती हैं। यह स्टेडियम



जिगाह वैली को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क के छोर पर स्थित है। आए दिन आयोजित होने वाली इन ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से चिड़गांव से चिलाला की ओर जाने वाले सड़क मार्ग पर इन खिलाड़ियों व दर्शकों के सैकड़ों वाहन खड़े रहते हैं, जिस कारण सड़क मार्ग पर जाम की गंभीर समस्या बनी रहती है। जिगाह वैली के स्थानीय निवासी तिलक राज, शिव चंद आदि ने सरकार व प्रशासन से गुहार लगाई कि चिडगांव से चिलाला जाने वाले सड़क मार्ग को वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाए और क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन से चली आ रही जाम की समस्या से निजात मिल सके। नगर पंचायत चिड़गांव के जनप्रतिनिधियों ने बुधवार को सदन में प्रस्ताव पारित कर एसडीएम रोहड़ू सारस्वत से इस गंभीर समस्या को जल्द से जल्द हल करने व जाम से निजात पाने की मांग की है।

## छल-कपट करने वालों को जनता सिखाएगी सबक : रोहित

**जय ठाकुर, शिमला**

देश में लोकसभा चुनाव सहित कई राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान होने के बाद से सियासी पारा अब चढ़ने लगा है। प्रदेश में दोनों राजनीतिक दल भाजपा और कांग्रेस की ओर से आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। प्रदेश शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भाजपा पर लोकतंत्र की हत्या का आरोप लगाया है।

सरकार ने 15 महीने में जनहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। ऐसे में कांग्रेस सुक्खू सरकार की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच वोट मांगने जाएगी। शिमला कांग्रेस भवन में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए




शिमला में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर।

तैयार है। कांग्रेस मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। सुक्खू सरकार ने खराब वित्तीय स्थिति होने के बाद भी जनहित में कई कार्य किए हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले ओपीएस बहाल की गई, जिसका लाभ 1.15 लाख कर्मचारियों को हुआ है। ऐसे में सरकार की इन्हीं उपलब्धियों के दम पर कांग्रेस 2022 में हुए विधानसभा चुनाव में जीत के प्रदर्शन को दोहराएगी। (अनंत ज्ञान)

### लोकतंत्र की हत्या

प्रदेश में बहुमत वाली सरकार को गिराने का प्रयास कर भाजपा ने लोकतंत्र की हत्या की है। हिमाचल में चार लोकसभा सीटों सहित नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, जिसमें भाजपा की जनविरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस लोगों के बीच जाएगी। इस दौरान छल कपट करने वालों को जनता में बेनकाब किया जाएगा।

### महिलाओं को 1500 रुपए देने का वादा किया पूरा

इसी तरह से महिलाओं को 1500 रुपए हर महीने देने की महत्वपूर्ण गारंटी को पूरा किया गया, लेकिन दुख की बात है कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर इस मामले को लेकर कई नेताओं से साथ शिकायत को लेकर चुनाव आयोग पहुंच गए। कांग्रेस सरकार ने कृषि सहित बागवानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। ऐसे में कांग्रेस इन उपलब्धियों को लेकर लोगों से वोट मांगेगी।

**आयोजन** एमसीएमसी की बैठक में बोले डीसी, प्रचार-प्रसार सामग्री का प्री-सर्टिफिकेशन करवाना अनिवार्य

## लोकसभा उम्मीदवारों के खर्चे में जुड़ेंगी पेड न्यूज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (एमसीएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 में मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति की ओर से सभी समाचार पत्रों, टीवी, रेडियो, ई-पेपर, सोशल मीडिया आदि से प्रकाशित एवं प्रसारित होने वाले विज्ञापनों और पेड न्यूज पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके लिए एमसीएमसी कंट्रोल रूम उपायुक्त कार्यालय में स्थापित किया गया



एमसीएमसी की बैठक में उपस्थित राजनीतिक दलों व मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधि।

है, जोकि 24 घंटे कार्यरत है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आए आईटी सेल के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान यदि पेड न्यूज किसी उम्मीदवार द्वारा प्रकाशित की जाती है, तो इस संदर्भ में समिति की ओर से नोटिस जारी किया जाएगा तथा समिति के निर्णय पर उस पेड न्यूज को उम्मीदवार के खर्चे में जोड़ा जाएगा। लोकसभा चुनाव में उम्मीदवारों द्वारा जारी किए जाने वाले विज्ञापनों का समिति से प्री-सर्टिफिकेशन करवाना आवश्यक रहेगा। कोई भी उम्मीदवार यदि केबल नेटवर्क, एफएम चौनल, टीवी चौनल, सोशल मीडिया अथवा मतदान पूर्व और मतदान दिवस के लिए प्रिंट मीडिया में विज्ञापन को जारी करना चाहता है, तो उस स्थिति में जिला स्तरीय समिति से इसकी प्री-सर्टिफिकेशन करवाना अनिवार्य रहेगा।

### प्रचार सामग्री पर कड़ी निगरानी रखी जाए

टेलीकॉम कंपनियों से आए प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि एमसीएमसी की ओर से जारी प्री-सर्टिफिकेशन प्रमाण-पत्र के बिना किसी भी प्रकार के बल्क संदेश और वाइस संदेश विज्ञापनों को जारी न किया जाए, ताकि चुनाव के दौरान जारी होने वाली प्रचार सामग्री पर कड़ी निगरानी रखी जा सके।

### राजनीतिक दलों को दी सुविधा ऐप की जानकारी

इस अवसर पर राजनीतिक दलों से उपस्थित सदस्यों को सुविधा ऐप की जानकारी भी प्रदान की गई। सुविधा ऐप के माध्यम से उम्मीदवार की ओर से ऑनलाइन नामांकन भर सकते हैं। वहीं विभिन्न प्रकार की अनुमतियों के लिए भी आवेदन किया जा सकता है तथा ऑनलाइन माध्यम से ही अनुमति प्रदान की जाएगी। आयोजन से यह आवेदन 48 घंटे पूर्व किया जाना आवश्यक रहेगा।

## बैकलॉग की भर्ती के लिए सांसद व विधायकों को ठहराया जिम्मेदार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बहुजन समाज पार्टी हिमाचल प्रदेश ने अनुसूचित जाति विकास सब प्लान के तहत 15000 करोड़ (1500) अरब रुपए के प्रदेश सरकार के गोलमाल व हेराफेरी को उजागर किया है।

शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश सचिव अनिल कुमार मंगेट ने कहा कि बहुजन समाज पर बढ़ते अन्याय, अत्याचार एवं शोषण तथा गैर कानूनी भर्तियां, गैर संवैधानिक तरीके से हजारों हो रही भर्तियां तथा शामलात जमीन का गैर कानूनी तरीके से आवंटन और बैकलॉग की 50,000 से अधिक खाली पदों की भर्ती एवं आरक्षण व्यवस्था को दरकिनार कर आउटसोर्सिंग भर्ती के लिए आरक्षित



शिमला में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव अनिल कुमार मंगेट।

सीटों एससी से चुने गए प्रदेश वर्तमान सांसद एवं विधायकों को जिम्मेदार ठहराया। इन्हें वोट मांगने का कोई हक नहीं है, बल्कि उल्टा लोगों से माफी मांग कर अपने पदों से नैत्तिकता के आधार पर इस्तीफा दें। इन्होंने विधायकों और सांसदों ने अपने पदों की गरिमा को खो दिया है। इनकी वजह से अल्पसंख्यक समुदाय और गरीब, आम जनमानस हाशिये पर चला गया है। आगामी लोकसभा चुनाव को भी बहुजन समाज पार्टी बसपा पूरे दम के साथ अपने दम पर लड़ेगी। इस अवसपर पर एडवोकेट अनिल के अलावा भगत लाल सकटां, शिमला प्रभारी एडवोकेट सुरेश सिंह सैनी, सोलन जिला प्रभारी एडवोकेट राजेंद्र सिंह गुलाटी व शिमला सचिव मुकेश मांटा उपस्थित रहे।

